सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 22 अक्टूबर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 103, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



काशी के आसमान में दिखेगा भारतीय सेना का शौर्य

भारतीय सेना और वायु सेना के शौर्य, साहस व सामरिक क्षमता का प्रदर्शन करने वाले एयर शो विंग्स ओवर गंगा को लेकर योगी सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। } 10

भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए चेताया कि मादक पदार्थों का इस्तेमाल भावी पीढ़ियों को खतरे में डालता है। } 12

संक्षेप

एसएसआर से जुड़े अफसरों के स्थानांतरण पर रोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये गए हैं। पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारियों को आलेख्य प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक बिना आयोग की अनुमति के स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-13 सीसी के अंतर्गत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण एवं संशोधन के कार्य से जुड़े अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाते हैं।

विद्युत हादसों ने ली आठ की जान, 12 की हालत गंभीर

लखनऊ। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने और शार्ट सर्किट से आग लगने से गोरखपुर, देवरिया और गाजियाबाद जिले में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से उलझ गए। गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद में बुधवार शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले जुलूस में शामिल डीजे की लोहे की रेलिंग ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गई। इससे करंट उतरने से चार महिलाओं समेत 11 लोग झुलस गए। सभी को बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान चंदन पुत्र केदारनाथ और शिव चौहान के पुत्र विक्की व लक्की को मृत घोषित कर दिया। विक्की और लक्की सगे भाई बताए जा रहे हैं। वहीं, देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में में शार्ट सर्किट से एक झोपड़ी में आग लग बई जिससे एक ही परिवार के तीन लोगों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में चार की डूबने से मौत

गोंडा/फतेहपुर (उप्र)। गोंडा और फतेहपुर जिलों में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर डूबने की घटनाओं में एक किशोर समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार गोंडा जिले के तरबगंज की घटना में मृतक की पहचान सुमित प्रजापति (20) रूप में हुई है, वहीं अभिषेक तिवारी एवं राम विलास प्रजापति तथा धानेपुर की घटना में तुलाराम की तलाश की जा रही है। इसके लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और गोताखोरों की मदद ली जा रही है। गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक ने बताया कि तरबगंज थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव के लोग मंगलवार शाम लक्ष्मनपुर के समीप टेढ़ी नदी में प्रतिमा विसर्जन करने गए थे।

टाइगर श्रॉफ गोलीबारी मामला : दो महिलाओं समेत 5 और गिरफ्तार

एजेंसी



मुंबई। अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी के सिलसिले में आग्नेयास्त्र आपूर्ति नेटवर्क एवं अन्य पहलुओं का खुलासा करने के लिए जांच के दायरे का विस्तार करते हुए हरियाणा और उत्तर प्रदेश से दो महिलाओं समेत पांच और लोगों को पकड़ा गया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राज तिलक रोशन ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि इन पांच लोगों को मुंबई लाया जा रहा है, जिससे इस मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। आज दिन में इससे पहले श्रॉफ की कार पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल तीन मुख्य आरोपियों को राजस्थान के कोटा से मुंबई लाया गया और 31 अक्टूबर तक उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। डीसीपी ने बताया कि लगातार ...शेष पृष्ठ 10 पर

एशियन गेम्स : पैरा एथलेटिक्स में सोने की बौछार

भारत की झोली में आये 22 पदक, पांचवें स्थान पर बनायी जगह, पूरे देश ने दी बधाई



एजेंसी

नागोया। फर्राटा धाविका सिमरन, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार और शॉटपुट में सचिन खिलाड़ी ने नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते और ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियों ने बुधवार को पांच स्वर्ण



समेत 22 पदक भारत की झोली में डालकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया।

सिमरन (महिलाओं की 100 मीटर टी12), प्रवीण (पुरूषों की ऊंची कूद टी44.64) और सचिन (पुरूष शॉटपुट एफ46) के अलावा दिलीप गावित



(पुरूषों की 100 मीटर टी47) और आयुष वर्मा (पुरूषों की शॉटपुट एफ53) ने भी स्वर्ण पदक जीते। पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए तीनों पदक जीते। पैरा तीरंदाजी, पैरा तैराकी और पावरलिफ्टिंग में भी भारत ने पदक जीते।



भारत को अब तक मिले 14 में से 13 स्वर्ण पैरा एथलेटिक्स दल ने जीते हैं। भारत ने 22 रजत (14 एथलेटिक्स में) और 26 कांस्य (15 एथलेटिक्स में) समेत कुल 62 पदक अपने नाम किये हैं। सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर



टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्पर्धा पदक जीता था। भुजाहीन कंपाउंड तीरंदाज शीतल देवी ने महिला युगल में पायल ...शेष पृष्ठ 10 पर

पुलिसकर्मियों का मोटरसाइकिल, वर्दी व सिम भत्ता बढ़ा

पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस कल्याण को लेकर कीं तीन बड़ी घोषणाएं

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर लखनऊ में आयोजित स्मृति परेड में पुलिसकर्मियों के भत्तों में बढ़ोतरी की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि फील्ड ड्यूटी में तैनात उपनिरीक्षकों और निरीक्षकों का मोटरसाइकिल भत्ता 700 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह किया जा रहा है। पीपीएस संवर्ग के अधिकारियों का वर्दी भत्ता 6,400 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया जाएगा। इसके साथ ही फील्ड ड्यूटी में तैनात आरक्षियों और मुख्य आरक्षियों का सिम भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों के प्रति राष्ट्र का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी और कर्तव्यनिष्ठा ही प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी बच्चे का सुरक्षित विद्यालय पहुंचना, किसी बेटी का निर्भय होकर घर से बाहर निकलना, किसी व्यापारी का बिना भय अपना कारोबार करना और किसी नागरिक को संकट के समय सहायता मिलना सामान्य घटनाएं दिखाई देती हैं, लेकिन इनके पीछे पुलिसकर्मियों का निरंतर परिश्रम, सतर्कता और असाधारण दायित्वबोध होता है। जब ...शेष पृष्ठ 10 पर

नये उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर बलिदान हुए पुलिस कर्मियों को नमन किया। उन्होंने नए उत्तर प्रदेश में आए बदलाव की तस्वीर भी 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि नए उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज पुलिस स्मृति दिवस पर मैं उन सभी वीर पुलिस कार्मिकों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करता हूं, जिन्होंने देश की सुरक्षा, समाज की शांति और नागरिकों के जीवन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कर्तव्य की वेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर पुलिस कार्मिकों का शौर्य, साहस और समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार के कृत्यों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में माफिया राज था। उस समय अराजक तत्वों के हौसले इतने बुलंद थे कि मथुरा के जवाहर बाग में कानून की रक्षा करते हुए वीर पुलिस अधिकारियों को प्राणों का बलिदान देना पड़ा। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूनेस्को की सूची में छत्तीसगढ़ की प्राचीन नगरी सिरपुर शामिल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महानदी के तट पर स्थित प्राचीन नगरी सिरपुर को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों के मुताबिक, प्राचीन मंदिरों, बौद्ध विहारों, दुर्लभ मूर्तिकला, स्थापत्य कला और धार्मिक सहिष्णुता की परंपरा के ...शेष पृष्ठ 10 पर

शिवा मामला : नागपुर कोर्ट से मिली श्रद्धा की रिमांड

मददगार आमिर भी दबोचा गया, 11 दिनों से फरार चल रही थी श्रद्धा



वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। शिवा हत्याकांड की मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसे उसकी बहन और ड्राइवर को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ आरोपियों को लेकर राजधानी के रवाना हो गई है। हालांकि पहले उन्हें फ्लाइट से लाने का प्लान था लेकिन बाद में उन्हें बाय रोड लाया जा रहा है। घटना के 11 दिनों के बाद पुलिस ने 50-50 हजार रुपये के इनामी आरोपी श्रद्धा दुबे बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर को यूपी एसटीएफ ने एक फ्लैट से दबोचा है।

अब पुलिस के रडार पर 5-6 मददगार

पुलिस ने शहर में श्रद्धा को पनाह देने और कई मददगारों को चिह्नित किया है। ये मददगार लखनऊ से लेकर नेपाल, आगरा और नागपुर के हैं। बताया जा रहा है कि कई को हिरासत में भी ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उनके कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा नेपाल से लेकर बार्डर तक श्रद्धा ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुंबई के बड़े ड्रग रैकेट का हिस्सा है श्रद्धा दुबे!

इस बीच जांच के दौरान पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि श्रद्धा दुबे मुंबई के एक बड़े ड्रग रैकेट का हिस्सा है, जिसके गोल्ड स्मगलिंग से भी जुड़े होने के संकेत मिल रहे है। वह मुंबई के एक बड़े माफिया से सीधे मदद पा रही थी। बताते हैं कि उसका मुंबई में खूबसूरत मॉडल्स के नौ गैंग का हिस्सा है। तीन दिन पहले मुंबई पुलिस ने गैंग की तीन मॉडल्स ...शेष पृष्ठ 10 पर

पुलिस का दावा है कि वह अपनी बहन और ड्राइवर के साथ लगातार बुर्के में ट्रेवल कर रही थी। एसटीएफ ने इसकी लोकेशन को ट्रेस किया और नागपुर पुलिस की मदद ...शेष पृष्ठ 10 पर

हत्या के बाद पति का शव बक्से में भरकर फेंका

उन्नाव। जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर शव को लोहे के बक्से में भरकर राजमार्ग किनारे फेंकने के मामले में पुलिस ने बुधवार को मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लियाल गया है।

पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद था और इसी कारण से हत्या की साजिश रची गई। पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को कोतवाली सदर क्षेत्र में रायबरेली-उन्नाव राजमार्ग पर हेल्थ हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे एक बड़ा बक्सा पड़ा होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने बक्सा खुलवाया तो उसमें चादर और कंबल में लिपटा एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। कोतवाली सदर पुलिस ने स्वाट और ...शेष पृष्ठ 10 पर

शहीद पुलिसकर्मियों का बलिदान सदैव स्मरणीय

मुख्यमंत्री धामी ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की रक्षा करने में पुलिसकर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान कठिन परिस्थितियों का सामना करना, जनसुरक्षा को प्राथमिकता देना और आवश्यकता पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से पीछे न हटना पुलिस बल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन भावनाओं को व्यक्त करते हुए शहीद जवानों के योगदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया।

देहरादून पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कर्तव्यपालन करते हुए प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए उनके त्याग और साहस के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने और जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आठ घोषणाएं भी ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- दीपों की आभा से जगमगायेगा वाराणसी (पृष्ठ-02)
- मेटा अलर्ट से बची 4 हजार से अधिक की जान (पृष्ठ-02)
- काशी के आसमान में दिखेगा सेना का शौर्य (पृष्ठ-12)
- काफी अलग होगा व्यापार समझौता : ट्रंप (पृष्ठ-10)
- रूस-यूक्रेन फिर वार्ता के लिए सहमत (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

पेंसिल बॉक्स मिलते ही बच्चे बोल पड़े थैंक यू विराज भइया..., सेवा संकल्प के तहत 25 हजार बच्चों तक स्नेह उपहार पहुंचाने का संकल्प

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रहे विराज सागर दास

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर के प्रसिद्ध कारोबारी एवं समाजसेवी, भाजपा के युवा नेता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा लखनऊ विभिन्न विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्नेह उपहार स्वरूप पेंसिल बॉक्स वितरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल से प्रेरित इस अभियान के तहत 25 हजार से अधिक बच्चों तक स्नेह उपहार पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नरही स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गोविंद गौरव मॉन्टेसन्टेरी स्कूल एवं सरस्वती विद्यालय कन्या इण्टर कॉलेज में बुधवार को बच्चों को पेंसिल बॉक्स



दिये गये। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और कई बच्चे बोल पड़े थैंक यू विराज भइया....।



भाजपा के युवा नेता विराज सागर दास की यह पहल सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का सार्थक प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उनमें सीखने की रुचि बढ़ाना और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए सकारात्मक



वातावरण तैयार करना है। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि बच्चों की शिक्षा, उनके सपनों और उनकी मुस्कान में निवेश करना ही बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में ...शेष पृष्ठ 10 पर

समाज को बांटने वालों में रावण की आत्मा : सीएम

- भारत में सनातन की छाया में सबको मिल रही सुरक्षा: मुख्यमंत्री
- बाहर से भी प्रायोजित हैं देश के बारे में दुष्प्रचार करने वाली ताकतें

विशेष संवाददाता (vol)





गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने वाले लोगों में रावण की आत्मा है। भारत की एकता और मजबूती से परेशान ताकतें देश के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत सनातन की छाया में सभी जातियों, संप्रदायों और मत-मजहब के लोगों को सुरक्षा देने के साथ समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की ओर से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भारत कमजोर होता है, तब राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ जैसे धार्मिक स्थलों का अपमान होता है। वहीं, मजबूत भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौरव को पुनः स्थापित करने में सक्षम होता है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को इसी संकल्प का उदाहरण बताया।

योगी ने कहा कि रामभक्तों पर कभी अत्याचार करने वाले लोग आज राम-राम का उद्घोष कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे तत्वों को पहचानने और समाज को बांटने वाली ताकतों से सतर्क रहने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में धर्म और विचारधारा के आधार पर संघर्ष देखने को मिलते हैं, जबकि भारत की ऋषि परंपरा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सबके कल्याण का संदेश देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी इसी भावना को आगे बढ़ाता है। मुख्यमंत्री ने रावण के दस सिरों को अधर्म, असत्य, अन्याय, अत्याचार, अमर्यादा, भ्रष्टाचार, दुराचार, भ्रम, दुष्प्रचार और नशे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए इन बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। नशे के खिलाफ अभियान में सरकार के साथ परिवार और समाज की भागीदारी भी जरूरी है, ताकि युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। योगी ने कहा कि रामलीलाएं सामाजिक समरसता और एकता का श्रेष्ठ उदाहरण हैं। इनमें राम, लक्ष्मण, भरत, सीता, हनुमान, शबरी और निषादराज जैसे पात्रों की भूमिका निभाने वालों की जाति नहीं पूछी जाती, बल्कि उनके अभिनय और योगदान को महत्व दिया जाता है। उन्होंने लोगों से परिवार के साथ समय बिताने, धार्मिक ग्रंथों और महापुरुषों की जीवनियों को पढ़ने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता एकता और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी तो समाज में विभाजन और अराजकता फैलाने वाली ताकतों को परास्त किया जा सकेगा।

निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी लायें

लखनऊ। प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार ने लंबित परियोजनाओं की बाधाएं दूर करने की पहल तेज की है। बुधवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) दीपक कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें निवेशकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने और विभिन्न विभागों से जुड़ी स्वीकृतियों में देरी दूर करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आईआईडीसी ने संबंधित अधिकारियों से प्रक्रियाओं को सरल बनाने और लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। उन्होंने निवेशकों को नियामकीय प्रक्रियाओं और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए समय पर सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसका उद्देश्य निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन में आने वाली प्रशासनिक बाधाओं को दूर करना और प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करना है।

महापौर ने फैजुल्लागंज में जाना बाढ़ पीड़ितों का दर्द

- राहत कार्यों के लिए बनेगा रोस्टर, सफाई और पेयजल आपूर्ति पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की स्थिति जानने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को फैजुल्लागंज में घर-घर जाकर स्थानीय निवासियों से फीडबैक लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और फैजुल्लागंज स्थित अस्थायी कैंप कार्यालय में भी शिकायतों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई होनी चाहिए।

महापौर ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार तथा नगर निगम और जलकल विभाग के जोन-3 व जोन-6 के अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने फैजुल्लागंज, मामा कॉलोनी, दाऊदनगर, लोरामऊ और मिल्लत नगर के साथ जोन-6 के बसंत कुंज, माल रोड और हरि नगर में राहत कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके लिए अधिकारियों को कार्यों का रोस्टर तैयार करने को कहा, ताकि सभी प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

महापौर ने प्रभावित इलाकों में नियमित सफाई, चूने का छिड़काव और मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा छिड़काव कराने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त सड़कों को आवागमन योग्य बनाने और सेप्टिक टैंकों की सफाई को भी प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से मौके पर जाकर समस्याओं का आकलन करने और प्रभावित परिवारों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान महापौर ने नागरिकों से समरसेबल पंप के पानी का इस्तेमाल पीने के लिए नहीं करने की अपील की।

उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाने और पानी के टैंकरों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा कम किया जा सके। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, जोनल अधिकारी अजीत राय समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीराम क्षत्रिय सेना ने किया शस्त्र पूजन



लखनऊ। विजय दशमी के पावन पर्व पर श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई के तत्वावधान में जय अम्बे विद्यालय राजाजीपुरम में शस्त्र पूजन का आयोजन अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने गजेंद्र पाल सिंह चौहान एडवोकेट, अभिलाष सिंह परमार को जिला सोशल मीडिया प्रभारी व पुतान सिंह बघेल को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष मुसाफिर सिंह, प्रदेश मंत्री विनय सिंह चौहान, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार व रमेश सिंह रैकवार, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गहरवार व बृजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान, जिला महामन्त्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री संजय सिंह, सम्राट सिंह व गुलाब सिंह सोमवंशी, जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी, धर्मेंद्र सिंह गौर व जितेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह चौहान, तहसील महामंत्री सूर्य प्रताप सिंह, सुरजन सिंह, धर्मेश सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मान सिंह तोमर ने किया।

विकसित-अविकसित का खेल, लेसा में 71 रुपये की स्कीम से उपभोक्ता परेशान

- सामान्य कनेक्शन के लिए भी बन रहे एस्टीमेट
- एक-दो किलोवाट के घरेलू कनेक्शन को कार्यालयों के चक्कर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में लेसा की वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद भी बिजली कनेक्शन लेने में उपभोक्ताओं की परेशानी कम नहीं हो रही है। आरोप है कि कुछ क्षेत्रों में जूनियर इंजीनियर सामान्य घरेलू कनेक्शन के आवेदनों को भी विकसित और अविकसित कॉलोनी के वर्गीकरण में उलझाकर 71 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से एस्टीमेट बना रहे हैं। इससे एक और दो किलोवाट का घरेलू कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने 27 फरवरी 2025 के आदेश के तहत अविकसित और अविद्युतीकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क 35 रुपये से बढ़ाकर 71 रुपये प्रति वर्गफुट कर दिया था। यह शुल्क प्लॉट के क्षेत्रफल के आधार पर एकमुश्त लिया जाना है। इसका उद्देश्य बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और केबल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास करना है। हालांकि, यह व्यवस्था सभी कॉलोनियों पर लागू नहीं होती। विकास प्राधिकरण और आवास बोर्ड की विकसित योजनाएं इसके दायरे से बाहर रखी गई हैं।

वर्गीकरण पर उठ रहे सवाल : उपभोक्ताओं का आरोप है कि जहां बिजली के खंभे और लाइन पहले से मौजूद हैं, वहां भी सामान्य कनेक्शन के लिए अविकसित कॉलोनी का हवाला देकर एस्टीमेट बनाया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि संबंधित इलाके को अविकसित घोषित करने का आधार क्या है और क्या प्रत्येक आवेदन में मौके की स्थिति की जांच की जा रही है।

वर्टिकल व्यवस्था में जवाबदेही की मांग : लेसा में वर्टिकल व्यवस्था का उद्देश्य कनेक्शन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और उपभोक्ताओं को अनावश्यक दौड़भाग से बचाना है। जनवरी 2026 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस व्यवस्था में नए कनेक्शन की निर्धारित समयसीमा तीन दिन बताई गई थी, जबकि कई उपभोक्ताओं ने देरी की शिकायत की थी। उपभोक्ताओं की मांग है कि सामान्य और अविकसित कॉलोनियों के कनेक्शन संबंधी नियम स्पष्ट किए जाएं। साथ ही, प्रत्येक एस्टीमेट का आधार आवेदक को बताया जाए और गलत वर्गीकरण की शिकायतों की जांच कराई जाए। लेसा अधिकारियों को भी ऐसे मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि छोटे घरेलू कनेक्शन के लिए लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

विकसित और अविकसित कालोनी बताकर कोई भी जेई आवेदनकर्ता को परेशान नही कर सकता है, जहां पर भी ऐसी स्थिति है वहां पर स्वंम जांच कराकर समस्या का निस्तारण कराया जायेगा।
रामकुमार, मुख्य अभियंता लेसा अमौसी जोन

एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की तैयारी तेज

लखनऊ। शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने वर्चुअल बैठक कर प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों तथा जिला और मंडल स्तर की टीम के साथ चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर काम करने और चुनाव से जुड़े दायित्वों को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महिला शिक्षकों, प्राध्यापकों और स्नातक मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने, मतदाता सूची में नाम दर्ज होने की जानकारी देने तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया। महिला मोर्चा की ओर से जिला और मंडल स्तर पर चुनाव संबंधी गतिविधियों की जानकारी साझा करने तथा महिला मतदाताओं के बीच संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

मेटा अलर्ट से यूपी पुलिस ने बचायी 4 हजार से अधिक लोगों की जान

- आठ से दस मिनट में पहुंच कर कई लोगों को बचाया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस अब अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ संकट में फंसे लोगों की जिंदगी बचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक जनवरी 2023 से 10 अक्टूबर के बीच चार हजार से अधिक लोगों को आत्मघाती कदम उठाने से बचाया है। तकनीक और संवेदनशील पुलिसिंग के समन्वय से यह व्यवस्था संकट के समय लोगों के लिए मददगार साबित हो रही है।

यूपी पुलिस और मेटा कंपनी के बीच वर्ष 2022 से चल रही व्यवस्था के तहत फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट मिलने पर मेटा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल और फोन के जरिए अलर्ट भेजती है। इसके बाद पुलिस संबंधित व्यक्ति की लोकेशन का पता लगाकर स्थानीय पुलिस को सूचना देती है, ताकि समय रहते मौके पर पहुंचकर मदद की जा सके। लखनऊ के सआदतगंज क्षेत्र में 26 वर्षीय डिलीवरी बॉय ने वैवाहिक विवाद से परेशान होकर इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी वीडियो पोस्ट किया था। अलर्ट मिलते ही पुलिस टीम करीब 10 मिनट में मौके पर पहुंची और उसे नदी में कूदने से बचाया। बाद में पुलिस ने युवक की काउंसलिंग कर परिजनों को भी सहयोग के लिए जोड़ा।

गाजियाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी से परेशान 24 वर्षीय युवक ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी संदेश पोस्ट किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस आठ मिनट में उसके घर पहुंची। कमरे में फंदा मिलने पर पुलिस ने युवक को समझाकर काउंसलिंग की। योगी सरकार में तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने के क्रम में मेटा अलर्ट व्यवस्था को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

फॉर्म-8 भरकर करा सकते हैं नाम, उम्र और अन्य विवरणों में संशोधन

लखनऊ। मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी कार्ड) में नाम की वर्तनी गलत होने, नाम में संशोधन कराने या मतदाता सूची में दर्ज अन्य व्यक्तिगत विवरणों को दुरुस्त कराने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में विवरण सुधारने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके लिए मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, पहले से मतदाता सूची में दर्ज व्यक्ति के नाम या अन्य विवरण में गलती होने पर फॉर्म-8 भरना होता है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो उसे नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरना चाहिए। इस फॉर्म के माध्यम से नाम, जन्मतिथि, उम्र और अन्य प्रविष्टियों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संशोधन कराया जा सकता है। आवेदन की जांच और सत्यापन के बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारी आगे की कार्रवाई करते हैं।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके संग दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते सोमवार को नाबालिग किशोरी के मां की तहरीर पर पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में 23 वर्षीय सौरभ विश्वकर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद मूल निवासी परसपुर थाना बल्दीराय, जनपद सुल्तानपुर हालपता औरंगाबाद से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पीड़ित मां का आरोप था कि आरोपी ने रविवार को उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम किया था।

दहेजलोभियों ने विवाहिता को बंद कमरे में पीटा

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के मधुवन नगर में अपने मायके में रहने वाली विवाहिता ने ससुरालियों पर कम दहेज के लिए प्रताड़ित करने और दो लाख नकदी व गाड़ी की मांग पूरी न होने पर कमरा बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए ससुरालियों के विरुद्ध लिखित शिकायत दी। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के मधुवन नगर निवासी रुचि पुत्री देवीलाल का विवाह फरवरी 2020 में हजरतगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मण मेला मैदान तिलक निवासी मृगेंद्र कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों ने कम दहेज का ताना देकर गाली-गलौज करते हुए मायके वालों से व्यापार के नाम पर दो लाख रुपये नकदी समेत गाड़ी की मांग का दबाव बनाने लगे। विवाहिता के विरोध पर सास दुर्गावती, ननद रितु व पति मृगेंद्र कुमार ने मारना-पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान तीन बार उसका गर्भपात भी हुआ।

करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप

लखनऊ। एक व्यवसायी ने अपने बिजनेस पार्टनर पर करोड़ों की धोखाधड़ी, फॉर्च्यूनर के नाम पर 34.15 लाख हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राकेश मिश्रा निवासी ए-54/11, सुलभ आवास, सेक्टर-1 ने बताया कि उनका और आशानंद वैश के पुरवा गोरियाबाद जमो, अमेठी निवासी राहुल सिंह के बीच रियल एस्टेट व निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त व्यवसाय था। दोनों ने मिलकर निवेश किया था। प्रोजेक्ट की बिक्री के बाद 3 करोड़ 28 लाख 18 हजार 191 रुपये का लाभ हुआ था। हिसाब के बाद आरोपित राहुल पर 2 करोड़ 55 लाख 57 हजार 887 रुपये बकाया निकलने का दावा है। फॉर्च्यूनर मामले में पीड़ित ने बताया कि वाहन खरीद के लिए उसने राहुल को 34.15 लाख रुपये अलग से दिए थे, लेकिन न तो गाड़ी ट्रांसफर की गई और न ही पैसा वापस किया गया। गाड़ी राहुल के नाम पंजीकृत होने से वह गाड़ी वापस करने को तैयार है, बशर्ते उसके पैसे लौटाए जाएं। इस तरह कुल बकाया 2.89 करोड़ से अधिक बताया गया है। तहरीर में राहुल सिंह और उसके एकाउंटेंट अंकित शुक्ला पर दस्तावेजों में हेरफेर, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया गया है।

अज्ञात व्यक्ति का शव नोंच रहा था कुत्ता

लखनऊ। मड़ियांव थाना क्षेत्र के लोहरामऊ में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव लावारिस हालत में पड़ा था। इसी दौरान एक कुत्ता शव को नोचता रहा। वहां से गुजर रहे राहगीर ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमको भेजदिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मड़ियांव पुलिस के अनुसार सोमवार को लोहरामऊ इलाके में एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में हजारों मतदाता डुप्लीकेट दर्ज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन में शिकायत की है कि इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हजारों की संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में बडे पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हुई है। निर्वाचन क्षेत्र के अधिकांश बूथों की मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम उजागर हुए है। मतदाता सूची की गड़बड़ियां समय रहते ठीक न की गई तो मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा और चुनाव भी प्रभावित होगा।

लखनऊ 169-बक्शी का तालाब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कई हजार डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम दर्ज है। समाजवादी पार्टी द्वारा की गई पड़ताल में बडी संख्या में डुप्लीकेट मतदाता पकड़ में आयें है। झांसी की मऊरानीपुर विधान सभा, बबीना विधान सभा, गरौठा विधान सभा में हजारों की संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम दर्ज है। इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र और लखनऊ की बक्शी का तालाब तथा झांसी में मऊरानपुर विधान सभा, गरौठा विधान सभा, बबीना विधान सभा में मतदाता सूची में दर्ज हजारों की संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच करवाकर के अवैध रूप से दर्ज मतदाताओं के नाम विलोपित (डिलीट) करवाया जाये ताकि पारदर्शी, निष्पक्ष, निर्भीक स्वतंत्र चुनाव सम्पन्न हो सके। सपा की ओर से दिये गये ज्ञापन में समस्त बूथ संख्या के आधार पर विस्तृत जानकारी दी गयी है।


दीपों की आभा से जगमगायेगा वाराणसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ने देव दीपावली के आयोजन को नई पहचान दी है। वाराणसी के गंगा घाटों पर देव दीपावली-2026 की अलौकिक आभा को करीब से अनुभव करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग ने खास टूर पैकेज तैयार किया है। देव दीपावली पर काशी की आध्यात्मिक आभा, दीपों से सजे गंगा घाटों और समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत का अविस्मरणीय अनुभव कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने चार दिन-तीन रात का विशेष 'देव दीपावली- दिव्य काशी अनुभव' टूर पैकेज तैयार किया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अनूठी पहल के माध्यम से देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक काशी की प्राचीन संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और देव दीपावली की भव्यता को एक ही यात्रा में अनुभव कर सकेंगे।

देव दीपावली के दौरान काशी के घाटों पर होने वाला 'दीपोत्सव' अद्वितीय आकर्षण होता है। गंगा तट पर असंख्य दीपों की आभा, गंगा आरती, मंदिरों की भव्य सजावट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती हैं। इस दिव्य अनुभव को पर्यटन पैकेज के रूप में पर्यटकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यूपीएसटीडीसी ने 'बजट', 'डीलक्स' और 'प्रीमियम', तीन श्रेणियों में विशेष टूर पैकेज तैयार किए हैं। पैकेज के तहत पर्यटकों को देव दीपावली गंगा बोट राइड, काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन, गंगा आरती, सारनाथ भ्रमण, हेरिटेज वॉक तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अनुभव का अवसर मिलेगा।

पर्यटकों को मिलेगा 'दिव्य काशी अनुभव'
यूपीएसटीडीसी ने तैयार किया 'देव दीपावली – दिव्य काशी अनुभव' टूर पैकेज



यात्रा के पहले दिन पर्यटकों के वाराणसी आगमन पर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन पर उनके स्वागत से शुरूआत होगा। यात्रा के दूसरे दिन सुबह गंगा बोट राइड के साथ काशी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इनमें काशी विश्वनाथ मंदिर, विशालाक्षी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, काल भैरव मंदिर आदि प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल हैं। इसके बाद सारनाथ का भ्रमण और शाम को काशी की आध्यात्मिक आभा का अनुभव कराया जाएगा। तीसरे दिन पर्यटकों के लिए यात्रा का सबसे खास पड़ाव देव दीपावली उत्सव होगा। काशी के जगमगाते घाटों पर दीपों की अनुपम छटा व पर्यटकों को देव दीपावली की दिव्यता का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा। गंगा की लहरों के बीच नौका विहार करते हुए दीपों की आभा से जगमगाते घाटों का मनोहारी दृश्य काशी की आध्यात्मिकता को अविस्मरणीय बनाएगा।

बांका से हमले में घायल भतीजे की मौत, चाचा का चल रहा इलाज

लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में बांका से हमला में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना महिगवां क्षेत्र के ग्राम शुक्लन पुरवा, ग्राम पंचायत परसहिया में दिनांक 19 अक्टूबर को पारिवारिक विवाद के दौरान गुड्डन मिश्रा ने अपने भतीजे दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम (30) पर बांका से हमला कर दिया था, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से प्राप्त होने पर डायल-112 और महिगवां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार केलिए पंडित रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ में भर्ती कराया था, जहां परिजनों द्वारा घायल को सेक्टर-ए, थाना मड़ियांव क्षेत्र स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान 20 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गई।

शादी समारोह में आये युवक की संदिग्ध हालत में मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित रिसॉर्ट में शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोरखपुर जिले के पचौरी थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय मनीष मिश्रा के रूप में हुई है। वह अपने भाई सत्यम मिश्रा के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के दयालबाग स्थित एक रिसॉर्ट में परिचित की शादी में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि समारोह के दौरान शराब पार्टी के बाद वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा।

सुप्रिया श्रीनेत ने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर उठाये सवाल

- मतदाता सूची से नाम गायब होने का मुद्दा गंभीर : आराधना मिश्रा
- इमरान मसूद ने कहा, अदालत का रुख करेगी पार्टी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' विधायक, कांग्रेस सोशल मीडिया की चेयरमैन व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने बुधवार को प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।

राजेंद्र पाल गौतम ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वोटिंग प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग का एक ऐसा षड्यंत्र है, जिस पर कभी किसी की नजर आसानी से नहीं पड़ सकती। ऐसा तंत्र तैयार किया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं उनकी टीम के नेतृत्व में किसी को भी हराया जा सकता है और किसी को भी जिताया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल 2026 को उप्र का एसआईआर का फाइनल ड्राफ्ट जारी हुआ।

उन्होंने कहा कि फाइनल ड्राफ्ट जारी होने के बाद वोटर यह देखकर आश्वस्त हो जाता है कि उसका सीरियल नंबर, नाम, पता, इपिक नंबर और नाम की स्पेलिंग सही है। उसे लगता है कि अब उसका वोट बन गया है लेकिन जुलाई से सितंबर के बीच जो डाटा सामने आया है, उसमें विधानसभा क्षेत्र नं. 127-पीलीभीत सदर विधानसभा में 13,150 मतदाताओं के इपिक नंबर और सीरियल नंबर वही रहते हुए अंदर से नाम बदल दिए गए। यानी वोटर को पता ही नहीं चलता कि उसके रिकॉर्ड में बदलाव हो चुका है।

पीलीभीत सदर विधानसभा में कुल 13,150 मतदाताओं के नाम बदले गए। 884 नाम ऐसे मतदाताओं के नाम हटा दिए गए जो अभी भी वहां मौजूद हैं और उन्होंने आवेदन देकर बताया कि वे वहीं रहते हैं। वहीं 2600 ऐसे वोटर जोड़े गए, जो मौके पर रहते ही नहीं हैं। आराधना मिश्रा 'मोना' ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची से नाम गायब होने का मुद्दा गंभीर है और पहले इस तरह की स्थिति के बारे में केवल चुनाव के अंतिम समय में सुनने को मिलता था। पार्टी का कार्यकर्ता, संगठन और पूरा कैडर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियों के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीलीभीत सदर विधानसभा सीट से योगी सरकार में मंत्री संजय गंगवार जो पीलीभीत सदर से विधायक ने 2022 का चुनाव 6,930 वोटों से जीता था। इसी विधानसभा क्षेत्र में 16 हजार से ज्यादा वोटों में गड़बड़ी की गयी है। उन्होंने सीमा खन्ना को लेकर कहा कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर-टेक्नालाजी के जरिये मतदाताओं के नाम हटाने, जोड़ने और बदलने का काम किया गया।

भाजपा बिना धांधली के चुनाव नहीं जीत सकती : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया के पिता को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को एक रिसार्ट में लखनऊ के मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया के पिता स्व. राम गोपाल कनौजिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। अखिले

सड़क हादसों में तीन की मौत एक ही परिवार के दो घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काकोरी क्षेत्रान्तर्गत मोहिद्दीनपुर रिंग रोड ब्रिज पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हुए। उन्हें केजीमयू में भर्ती कराया गया है। वही दुबग्गा व पारा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो अन्य लोगों की जान चली गयी। पुलिस के अनुसार 20 अक्टूबी समय करीब 07:50 बजे थाना काकोरी पर सूचना प्राप्त हुई कि मोहिद्दीनपुर रिंग रोड ब्रिज पर सड़क दुर्घटना हो गयी है, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है।

इस सूचना पर काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची, जहां ज्ञात हुआ कि श्याम लाल (50) पुत्र चंद्रपाल निवासी मुन्नालाल खेड़ा, थाना दुबग्गा मोटरसाइकिल से अपनी रिश्तेदार सुषमा राजपूत (38) व मुस्कान राजपूत (13) के साथ अपनी ससुराल मुजफ्फरनगर काकोरी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल पर ब्रेकडाउन की स्थिति में खड़े डंपर में पीछे से मोटरसाइकिल टकरा गई, जिससे श्यामलाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि सुषमा राजपूत और मुस्कान राजपूत घायल हो गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए दुगार्गंज स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से केजीएमयू रेफर किया गया।

दुबग्गा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार हादसा बुधवार को प्रातः करीब 07:30 बजे थाना दुबग्गा क्षेत्रान्तर्गत सीतापुर बाईपास के निकट हुआ। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि श्रवण राजपूत (30) पुत्र स्व. धनीराम निवासी आबिदखेड़ा, थाना काकोरी साइकिल से लखनऊ की तरफ मजदूरी करने जा रहे थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया है।

उधर, पारा थाना क्षेत्र में अज्ञात डाल की टक्कर से पैदल जा रहे वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार बुधवार को समय करीब 08:00 बजे थाना पारा पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत में अज्ञात डाला की चपेट में आकर पैदल जा रहे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस सूचना पर पारा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस से उपचार के लिए पारा क्षेत्र स्थित निजी हास्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान हीरालाल (75) पुत्र स्व. परमेश्वर निवासी लोधी भवन, उत्तमनगर थाना पारा, मूल निवासी जनपद उन्नाव के रूप में हुई है।

विकास कार्यों के चयन में जनहित को मिले प्राथमिकता: महापौर

लखनऊ। शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले विकास कार्यों के चयन पर बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक हुई। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई और शहर की जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार करने पर जोर दिया गया।

15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के कार्यों पर मंथन
विभागों से मांगे गये जरूरत आधारित प्रस्ताव

बैठक में जलकल, पर्यावरण, स्ट्रीट लाइट और अभियंत्रण विभाग से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों से विभागवार आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने पर विचार-विमर्श हुआ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि विकास कार्यों का चयन शहर की जरूरतों और आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलें और शहर की व्यवस्थाओं में सुधार हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं का आकलन कर प्रस्तावित कार्यों की सूची तैयार करें। कार्यों के चयन में जनहित, आवश्यकता और उपयोगिता को प्रमुख आधार बनाया जाए, ताकि उपलब्ध धनराशि का प्रभावी ढंग से उपयोग हो सके।

मतदाता की पहचान होने पर मतदान कराने के निर्देश

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 स्नातक एवं 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के दिन मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियां होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में समस्त संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी अशुद्धियां दिखाई देती हैं, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। यदि मतदान अधिकारी मतदाता द्वारा प्रस्तुत अनुमन्य दस्तावेजों अथवा मतदाता सूची में दर्ज अन्य विवरणों के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति वही मतदाता है, जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो ऐसी लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों की नजरअंदाज करते हुए उसे मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदान प्रक्रिया के दौरान इन निदेर्शों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि केवल मामूली लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी पात्र मतदाता को मतदान से वंचित न होना पड़े। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

नवविवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज प्रताड़ना व छेड़छाड़ का आरोप

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली नवविवाहिता ने पति समेत ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना व देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में लिखित नामजद शिकायत दी। आशियाना थाना क्षेत्र के एल्डिको उद्यान-प्रथम स्थित कासा ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली पीड़ित नवविवाहिता के अनुसार बीते जून 2025 में उसका विवाह आशियाना क्षेत्र में रहने वाले युवक से हुआ था। विवाहिता के पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज भी दिया था।

आरोप है कि ससुराल पहुंची नवविवाहिता को ससुरालीजन दहेज कम मिलने की बात कहकर परेशान कर मारपीट करने लगे। सास, ससुर, देवर और देवरानी कम दहेज का ताना देकर गाली-गलौज कर बेइज्जत करने के साथ मायके से और दहेज लाने का दबाव बनाने लगे और मायके से मिले उसके जेवरात अपने कब्जे में ले लिए। नवविवाहिता का आरोप है कि देवर मनु मौका पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा और उसके कमरे के बाहर कैमरा लगाकर उसकी हर गतिविधि रिकॉर्ड करने लगा। जिस कमरे में वह रह रही थी, ससुराल वालों ने उसकी बिजली काट दी। विरोध करने पर गालियां देकर मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति पहले से शादीशुदा था, यह बात छिपाकर उसकी दूसरी शादी करा दी गई। वर्तमान में वह ससुराल के एक कमरे में रह रही है, जिसके अटैच किचन में ताला लगा दिया गया है। ससुरालियों से आहत नवविवाहिता ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय आशियाना थाने में दी। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

रामकृष्ण मठ ने पारंपरिक विधि-विधान से किया मां का विसर्जन



लखनऊ। रामकृष्ण मठ, निराला नगर, लखनऊ में 16 अक्टूबर से चल रहे श्री श्री दुर्गा पूजा के छठे एवं अंतिम दिन बुधवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों, भक्तिगीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच माँ दुर्गा की विदाई सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित भक्तगण भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास से सराबोर रहे। दिन का शुभारम्भ सुबह 5 बजे शहनाई की मंगलध्वनि एवं मां दुर्गा की मंगल आरती के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दुर्गा स्तुति की गई। इसके बाद सुबह 7 बजे दशमी पूजा का विधिवत शुभारम्भ हुआ। पुष्पांजलि के बाद दर्पण विसर्जन सम्पन्न हुआ। मठ के संन्यासियों एवं ब्रह्मचारियों ने मां श्री श्री दुर्गा की प्रतिमा की परिक्रमा की। इसके बाद मां का सांकेतिक विसर्जन किया गया। स्वामी मुक्तिनाथानंद जी महाराज के नेतृत्व में संन्यासियों, ब्रह्मचारियों एवं भक्तों का काफिला रामकृष्ण मठ, लखनऊ से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम बक्कास, जिला लखनऊ में मठ की निजी संपत्ति पर स्थित तालाब के लिए रवाना हुआ। वहां से सुल्तानपुर रोड होते हुए ग्राम बक्कास स्थित विसर्जन स्थल तक यात्रा पहुंची। पूरे मार्ग में भक्तगण उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मां के जयकारे लगाते रहे। विसर्जन स्थल पर स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज एवं अन्य भक्तों ने मां की प्रतिमा के समक्ष तालबद्ध धुनुची नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद पारंपरिक विधि से मां की प्रतिमा का विसर्जन तालाब के स्वच्छ एवं निर्मल जल में किया गया।

इंटीग्रल विवि : महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन



लखनऊ। इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का छह दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 से 20 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला वॉलीबॉल टीमों ने हिस्सा लिया और खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। चैंपियनशिप समापन समारोह को संबोधित करते हुए टीके शिबू ने विजेता टीमों को बधाई दी और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों के समर्पण, प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के डीन प्रो. मोनावर आलम खालिद, प्रोवोस्ट डॉ. फैसल खान, मुख्य प्रॉक्टर डॉ. नसीम अहमद तथा खेल निदेशक डॉ. मोहम्मद जफर उपस्थित रहे।

एकेटीयू के छात्रों को कैंपस टू कॉर्पोरेट का अवसर

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक, एमटेक और एमसीए के छात्रों को एजिस्लाई टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कंपनी में नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। कंपनी कैंपस प्लेसमेंट कराने जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए छात्रों को 26 अक्टूबर तक पंजीकरण कराना होगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्रों को आकर्षक पैकेज देगी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में कंपनी कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। कैंपस प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए छात्रों को पंजीकरण कराना होगा। कंपनी की ओर से पर्सनल इंटरव्यू टेक्निकल टेस्ट लिया जाएगा। सफल छात्र को कंपनी की ओर से फ्लटर इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। चयनित छात्र को कंपनी आठ से दस लाख रुपए दिया जायेगा। प्रशिक्षण छह महीने का होगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की डीन प्रो. अरूमिणा वर्मा के नेतृत्व में इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इसमें छात्र शामिल होकर अपना भविष्य बना सकते हैं। कंपनी में चयनित छात्र को काफी अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। वहीं कैरियर के लिहाज से भी काफी ग्रोथ होगा।

बाल्मीकि रामायण जीवन के पुरुषार्थों की संहिता: स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती

लखनऊ। महर्षि बाल्मीकि की राम कथा जीवन के पुरुषार्थों की संहिता है। हमारे शास्त्रकारों ने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चार पुरुषार्थों की महत्ता कही थी, परन्तु आज हमने धर्म और मोक्ष की चर्चा छोड़ अर्थ और काम को प्रमुखता दे रखी है। फलतः पूरा सामाजिक ढांचा तहस नहस हो रहा है। यह बात बुधवार को जानकीपुरम विस्तार सेक्टर सात स्थित सूर्या अकादमी में श्रीमद् बाल्मीकि रामायण आधृत श्री राम कथा के पहले दिन कथा प्रवर्तन करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती जी महाराज ने कहा। उन्होंने कहा कि धर्म और मोक्ष जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण पुरुषार्थों से शून्य आज की शिक्षा पद्धति को राक्षसी शिक्षा की संज्ञा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि महर्षि बाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से न सिर्फ राम के पावन चरित्र का वर्णन किया है वरन् उन्होंने सत्य, धर्म, कर्तव्य, करुणा, मयार्दा, त्याग, भक्ति और आदर्श जीवन की आदर्श संहिता का प्रतिपादन किया है।

लोकदल: किसान मुद्दों और इंडिया गठबंधन के आंदोलन पर मंथन

लखनऊ। लोकदल की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को केंद्रीय कार्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों युवा, मंगाई, इथेनॉल, समस्याओं, फसलों के उचित मूल्य, मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों और इंडिया गठबंधन द्वारा चलाए जा रहे आगामी जनआंदोलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल ने लोकसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक ताकत और जनाधार का लोहा मनवाया है। पार्टी लगातार किसानों, मजदूरों, गरीबों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि किसान आज अपनी फसल का उचित मूल्य, बढ़ती लागत और खेती से जुड़ी समस्याओं को लेकर परेशान है। सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान करना होगा और उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता के बीच पहुंचकर मतदाता सूची से जुड़े कथित अनियमितताओं और लोकतांत्रिक अधिकारों के सवाल को प्रमुखता से उठाएंगे।

पीलीभीत की मतदाता सूची में पायी गयी त्रुटियों पर कड़ा रुख

विस निर्वाचन क्षेत्र 127

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा 127-पीलीभीत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के नाम के इपिक नम्बर पर किसी अन्य मतदाता का विवरण प्रदर्शित होने संबंधी शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए आज प्रकरण की जांच जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत से करायी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त आख्या के अनुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 127-पीलीभीत की मतदाता सूची में जांचोंपरांत कतिपय मतदाताओं के इपिक नम्बर को ऑनलाइन सर्च करने पर किसी अन्य मतदाता का विवरण प्रदर्शित होता पाया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस प्रकार की त्रुटियों को तत्काल ठीक करने एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 127-पीलीभीत के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा वीआरसी ऑपरेटर को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाये जाने तथा उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही इस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के उत्तरदायित्व के संबंध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जनपद पीलीभीत के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर विस्तृत आख्या दो दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत को दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए अपने जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर दो दिवस में आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दे दिये गये हैं।

प्रख्यात बॉलीवुड निर्देशक तिग्मांशु धूलिया निर्देशित लघु फिल्म 'वर्दी' उत्तर प्रदेश पुलिस ने की रिलीज

लखनऊ। पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से 'वर्दी' शीर्षक से एक विशेष लघु फिल्म का निर्माण कर बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के मार्गदर्शन में निर्मित इस लघु फिल्म के माध्यम से यूपी एसटीएफ के वीर शहीद निरीक्षक, कीर्ति चक्र से सम्मानित सुनील कुमार के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। फिल्म के जरिए शहीदों के बलिदान के बाद उनके परिवार के जीवन में बने उस मौन और खालीपन को संवेदनशीलता के साथ दिखाया गया है, जहां अपने प्रियजन के बलिदान पर परिजनों को गर्व तो है, लेकिन उनकी अनुपस्थिति की पीड़ा भी है। यह फिल्म उन परिवारों के मौन इंतजार और गहरे खालीपन को महसूस करने का प्रयास है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्रियजन को खोया है।

●पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की विशेष पहल

फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात निर्देशक, लेखक एवं अभिनेता श्री तिग्मांशु धूलिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अमित साध, वरिष्ठ टेलीविजन अभिनेत्री अलका अमीन और नाज़िश खान ने सशक्त अभिनय किया है। फिल्म का वायस ओवर एवं स्क्रिप्ट यूपी पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर में नियुक्त आरक्षी कपिल दिनकर द्वारा किया गया है। फिल्म का क्रिएटिव डायरेक्शन पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के जनसम्पर्क अधिकारी पुलिस अधीक्षक राहुल श्रीवास्तव ने किया है। फिल्म का निर्माण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से कराया गया है। मुंबई में शूट की गई इस लघु फिल्म को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया, ताकि वीर शहीदों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की गाथा जन-जन तक पहुँच सके तथा पुलिस बल के जवानों को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरणा मिलती रहे। वरिष्ठ अभिनेत्री श्रीमती अलका अमीन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की पूर्व छात्रा हैं और भारतीय सिनेमा एवं टेलीविजन का एक प्रतिष्ठित चेहरा हैं।

गैस गोदाम में लूट की घटना निकली असत्य, पार्टनरशिप विवाद

लखनऊ। काकोरी में गैस गोदाम में मजदूरों से मारपीट कर 409 गैस सिलेण्डर लूट लिए जाने की घटना को पुलिस ने असत्य पाया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जय हिंद गैस गोदाम के मालिक इस्लाम अहमद अब्बासी का सन 2018 से ग्राम प्लेन्हड़ा थाना काकोरी के अंतर्गत गैस गोदाम है, जो कुछ महीनो से बंद पड़ा था। पूर्व से एक युसूफ नाम के व्यक्ति से उस गैस गोदाम में पार्टनरशिप को लेकर पैसे का लेनदेन हुआ था, फिर यूसुफ को उसमें पार्टनर नहीं बनाया गया, इसी बात को लेकर गैस गोदाम के मालिक इस्लाम से और आरोपी से विवाद चल रहा है। 6 अक्टूबर को इस्लाम अब्बासी द्वारा गैस गोदाम के पास कुछ निर्माण कार्य कराया गया था। गैस गोदाम एक सुखपाल नाम के व्यक्ति से अनुबंध किया हुआ है। कुछ नया निर्माण करने को लेकर युसूफ से दिन में विवाद हुआ था। इसकी सूचना पुलिस चौकी पर युसुफ द्वारा दी गई थी।

पुलिस द्वारा निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया था। रात में यूसुफ द्वारा उस निर्माण कार्य को तथा गैस गोदाम की बाउंड्री को गिरा दिया गया। गैस गोदाम कुछ महीनो से बंद था। वह संचालित नहीं हो रहा था। गैस गोदाम में वर्तमान में करीब 150 सिलेंडर थे। मजदूरों से मारपीट पैसे छिनने एवं 409 सिलेंडर ले जाने के संबंध में बताई गई बात असत्य एवं निराधार पायी गयी है। प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है, जिसकी गहनता से छानबीन पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर की जा चुकी है। पूरा प्रकरण केवल पार्टनरशिप और पैसे को लेकर विवाद होने के कारण है, तथा अभी तक द्वारा गैस गोदाम में कुछ नया निर्माण कार्य किया गया था, जिसको आरोपी युसूफ द्वारा तोड़ा गया था। 409 सिलेंडर लूट लेने एवं अपहरण होना नहीं पाया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

काम से लौट रही युवती संग दबंगों ने की गाली-गलौज व मारपीट

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके के पंडित खेड़ा में दबंगों ने काम से घर लौट रही युवती के साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर जमकर मारपीट की। युवती की चीख-पुकार सुनकर बचाने आए परिजनों को भी दबंगों ने पीट दिया। शोरगुल सुन लोगों को एकत्र होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। युवती के भाई ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय थाने में दी। भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा निवासी राजकुमार पुत्र शिव कुमार के अनुसार बीते सोमवार शाम करीब 9:35 बजे उनकी बहन संध्या काम से अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में खड़े तीन-चार अज्ञात युवकों ने उनकी बहन के संग गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी संध्या के संग मारपीट करने लगे। युवती की चीख-पुकार सुनकर भाई राहुल और मां गुड़िया बेटी को बचाने पहुंचे तो दबंगों ने उन्हें भी पीटा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मोहम्मदी-खीरी

पत्रांक : 600/न.पा.प.मो./(इन्द्राज/नामान्तरण)/आपत्ति आमन्त्रण/26-27 **दिनांक : 17.10.2026**

सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रयपत्र/पंजीकृत वसीयत/पंजीकृत दानपत्र/वरासत व अन्य के आधार पर नगर पालिका अभिलेखो में नाम दर्ज करने व सम्पत्ति कर आरोपण एवं दाखिल-खारिज/नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित इन्द्राज/दर्ज एवं नामान्तरण किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, वह व्यक्ति अपनी लिखित आपत्ति मय पुष्ट साक्ष्यो के साथ इस प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर नगर पालिका परिषद मोहम्मदी में प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार नगर पालिका अभिलेखो में नाम दर्ज कर लिया जायेगा। विवरण निम्नवत है-

पालिका अभिलेखों में नाम दर्ज एवं सम्पत्ति कर आरोपण हेतु

	मोहल्ला	वार्ड सं.	भवन/भू-भाग	विक्रेता का नाम	प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का	आधार
1	बाजार गंज	2	भू-भाग	राज कुमार पुत्र गोकरन प्रसाद	अर्चना वर्मा पत्नी अविनाश वर्मा	विक्रयपत्र
2	बाजार गंज	2	भू-भाग	अनुपम वाजपेई पुत्र रामकिशोर वाजपेई	मुक्ता गुप्ता पत्नी गौतम गुप्ता नेहा गुप्ता पत्नी नवनीत गुप्ता	विक्रयपत्र
3	बाजार गंज	2	भू-भाग	रिफाकत खान पुत्र स्व. सहादत खान	निशान्त मिश्रा पुत्र मुकेश मिश्रा	विक्रयपत्र
4	बाजार गंज	2	भू-भाग	जंत्री देवी उर्फ जयन्ती देवी पत्नी श्यामलाल सिंह उर्फ शामल सिंह, ऊषा देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह	प्रीती गुप्ता पत्नी आशुतोष गुप्ता	विक्रयपत्र
5	इस्लामाबाद	4	भू-भाग	इकरार अहमद पुत्र सिराज अहमद	सन्नो सक्सेना पत्नी सुरेन्द्र सक्सेना	विक्रयपत्र
6	सरैया	9	भू-भाग	यूसुफ पुत्र महबुल्ला	मुन्नेवरी पत्नी नवीशेर	विक्रयपत्र
7	पूर्वी लखपेड़ा	10	भू-भाग	मो. शकील पुत्र मो. हुसैन	पुष्पा देवी पत्नी रमेश चन्द्र	विक्रयपत्र
8	पूर्वी लखपेड़ा	10	भू-भाग	हरि प्रसाद उर्फ हरी प्रसाद पुत्र मज्जा उर्फ भज्जा लाल	बलजीत कौर पत्नी तरसेम सिंह	विक्रयपत्र
9	बबौरी	12	भू-भाग	राजेश कुमार पुत्र कृष्णा नन्द	मुन्नी देवी पत्नी राजकुमार मिश्रा	विक्रयपत्र
10	बबौरी	12	भू-भाग	राजेश कुमार पुत्र कृष्णा नन्द	राहुल मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा	विक्रयपत्र
11	सरैया	24	भू-भाग	मोहम्मद आकिब पुत्र मो. हारून	नजरून पत्नी वलील अहमद	विक्रयपत्र
12	सरैया	24	भू-भाग	जकी उल्ला पुत्र सनाउल्ला	बजहुल शाह पुत्र साजिद शाह	विक्रयपत्र
13	सरैया	24	भू-भाग	इरसाद अहमद पुत्र मुल्लू उर्फ भल्लू	रहनुमा पत्नी मो. सरताज	विक्रयपत्र
14	सरैया	24	भू-भाग	मो. मुजाहिद पुत्र जलील अहमद	हिना पत्नी साजिद, सवनाज पत्नी बासिद	विक्रयपत्र
15	सरैया	24	भू-भाग	अकील खां पुत्र शफीउल्ला खां असमा पत्नी स्व. शकील खां	सन्नो पत्नी फैसल	विक्रयपत्र
16	सरैया	24	भू-भाग	इन्तजार खां पुत्र शमीम खां	गौसिया बेगम पत्नी नसीर खां	विक्रयपत्र
				नामान्तरण		
1	पूर्वी लखपेड़ा	5	भू-भाग	मोयदा बेगम उर्फ माहदा बेगम पत्नी वसीम खां	सुहेल खान पुत्र वहीद खान	विक्रयपत्र
2	बाजार खुर्द	6	भू-भाग	सहनिसार पुत्री लतीफ खां	बजहुल शाह पुत्र साजिद शाह	विक्रयपत्र
3	भीतर मोहम्मदी	8	दुकान	सन्तोष श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव	विनीता पत्नी हरिश्चन्द्र	विक्रयपत्र
4	सरैया	9	भू-भाग	चन्द्रावती पत्नी स्व. भोला	गुलजहाँ पत्नी नियाज अली	विक्रयपत्र
5	सरैया	9	भू-भाग मकान	एजाज अली पुत्र लल्लू	कैसर जहाँ पत्नी अलीरजा	दानपत्र
6	पूर्वी लखपेड़ा	10	भू-भाग	विशाखा विश्वास पत्नी विश्वजीत	रेनू यादव पत्नी आन्नद पाल सिंह	विक्रयपत्र
7	सरैया	24	मकान	हसीना पत्नी साविर	जाहिद पुत्र साबिर	दानपत्र
8	सरैया	24	मकान	हसीना पत्नी साविर	लताफत पुत्र साबिर	दानपत्र
9	पूर्वी लखपेडा	5	मकान दो मंजिला	द्रोपदी देवी पत्नी श्याम सुन्दर तिवारी	प्रदीप कुमार, सुधीर कुमार तिवारी, संजीब कुमार पुत्रगण श्याम सुन्दर तिवारी	वरासत
10	पूर्वी लखपेडा	5	मकान दो मंजिला	द्रोपदी देवी पत्नी श्याम सुन्दर तिवारी	नमन तिवारी पुत्र सर्वेश कुमार तिवारी	वरासत
11	शुक्लापुर	13	भू-भाग	रामगोपाल पुत्र राम लाल	शशि शेखर शुक्ला, मयंक शेखर शुक्ला पुत्रगण स्व. राम गोपाल एवं मोहिनी पत्नी स्व. चन्द्रशेखर शुक्ला व राघव शुक्ला पुत्र व मंदाकिनी पुत्र/पुत्री स्व. चन्द्र शेखर शुक्ला	वरासत
12	शुक्लापुर	23	मकान	मोहसिन अली पुत्र वरकत अली	सैय्यद आजम अली पुत्र मोहसिन अली	वरासत
13	शुक्लापुर	23	मकान	मोहसिन अली पुत्र वरकत अली	सैय्यद मुस्तहसन अली, सैय्यद मो



दुर्गा पूजा के समापन पर सिंदूर खेला करती महिलाएं



मां भवानी की प्रतिमा का विसर्जन करते भक्तगण



दुर्गा पूजा पंडाल में नृत्य करती महिलाएं फोटो-समीर भटनागर

दुर्गा पूजा : सिंदूर खेला के साथ की गयी मां की विदाई, हुआ विसर्जन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुर्गा पूजा पंडालों में एक दूसरे को सिंदूर लगाती और ढाक की धुन पर थिरकती महिलाएं, जय मां दुर्गा के जयकारे से गुंजायमान वातावरण, मां के कान में अपनी मनोकामना पूर्ण करने का संदेश देते श्रद्धालु। कुछ ऐसा ही माहौल मंगलवार को दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन से पहले नजर आया। मां के माइके आने और सिंदूर खेला के साथ सुहागन होने की कामना के साथ विदाई का मनोरम दृश्य बंगाली समाज की संस्कृति के बारे में बता रहा था। देर शाम बारिश बंद हुई तो विसर्जन में तेजी आई।

बादशाहनगर में दुर्गा पूजा समिति की ओर से प्रतिमा विसर्जन से पहले प्रिया सिन्हा के संयोजन में सिंदूर खेला हुआ। एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग की कामना करती महिलाओं की टोलियां देखते ही बन रही थी। बंगाली क्लब में परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। क्लब के अध्यक्ष अरुण बनर्जी ने बताया कि सिंदूर खेला के साथ मां की विदाई की गई। परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले ढाक की धुन पर धुनुचि आरती हुई और भोग लगाया गया।

आलमबाग के सिंधी स्कूल में सुबह विशेष पाठ किया गया तो कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के कमेटी हाल में पूजन के लिए दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों की कतार लगी रही। सेक्टर.जी के आलोक मित्रा ने बताया कि बारिश की वजह से सीमित संख्या में सिंदूर खेला के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। विद्यांत कालेज में धुनुचि आरती के बाद विदाई हुई। ट्रांसगोमती नगर दुर्गा पूजा एवं दशहरा कमेटी के संयोजक तुहिन बनर्जी ने बताया कि अलीगंज के चंद्रशेखर पार्क के सामने पूजन हुआ और सिंदूर खेला के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। छावनी दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से पंडाल में मां का आह्वान किया गया। प्रवक्ता निहार डे ने बताया कि पूजन के साथ ही सिंदूर खेल हुआ। आशियाना दुर्गा पूजा कमेटी के संयोजक सदस्य बी घोष ने बताया कि खजाना में आयोजित पूजन का सिंदूर खेला के साथ समापन हुआ। शंखनाद के साथ निरालानगर के श्रीराम कृष्ण मठ के स्वामी मुक्तिनाथानंद ने मां का विसर्जन कराया।

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से विकल्पखंड.दो स्थित भोलेनाथ मंदिर में नीरा सिन्हा वर्षा, लीपिका उकील मधु सिंह, मुन्नी राय, शिवानी सिहं, शचि राय व श्रावनी सहित कई महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां की विदाई की।

दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन कमेटी के अध्यक्ष रूपेश मंडल ने बताया कि विसर्जन को लेकर गाइडलाइन निदेर्शों के अनुसार विसर्जन किया गया। बारिश की वजह से दोपहर एक बज तक केवल कालीबाड़ी मंदिर का कलश आया था। शाम पांच बजे तक झूलेलाल घाट के कुंडों में 60 बड़ी प्रतिमाओं और 50 छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं कैसरबाग के घसियारी मंडी स्थित मां काली बाड़ी मंदिर के परिसर में हर वर्ष आयोजित होने वाली ढाक वादन प्रतियोगिता नहीं हुई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्य ने बताया कि अगले साल प्रतियोगिता होगी। इस बार ढाकियों की संख्या कम है।

गोमती किनारे भक्तों ने किया माता की प्रतिमा का विसर्जन: नवरात्र में जगह-जगह पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शनिवार को विसर्जन हुआ। हवन पूजन कर पूजा समितियों के लोगों गाड़ियों पर रखकर माता की प्रतिमाओं को प्रशासन की ओर से झूलेलाल घाट पर बनाए गए कुंड में विसर्जन किया। प्रशासन की ओर से प्रतिमा विसर्जन के लिए घाट के पास छोटे बड़े चार गड्ढ़े बनाए बनाए गए। श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि विसर्जन को लेकर प्रशासन निदेर्शों के अनुसार विसर्जन किया गया। ट्रांसगोमती दशहरा एवं दुर्गा पूजा समिति की ओर से झूमते गाते मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए सदस्य रवाना हुए। इससे पहले महिलाओं ने सिंदूर खेला कर मां की विदाई की। वहीं बंगाली क्लब की ओर से में परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। मां की प्रतिमा विसर्जन से पहले ढाक की थाप पर धुनुचि आरती हुई और मां को भोग लगाया गया। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के कमेटी हाल में पूजन के लिए दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों की कतार लगी रही। विद्यांत कालेज में धुनुचि आरती के बाद विदाई हुई।

टूटा रावण का दंभ, शहर में जगह-जगह जलाये गये पुतले





लखनऊ। आखिरकार रावण का दंभ टूट गया। राम का बाण लगते ही रावण धराशाई हो गया। उसके जमीन पर गिरते ही जय श्री राम के नारे लगने लगे। दशहरे के दिन मंगलवार को शहर में हो रही रामलीलाओं में दिन में ऐसा ही दृश्य दिखाई दिया। शाम से देर रात तक शहर के विभिन्न इलाकों में रावण के पुतलों का दहन हुआ। राजधानी लखनऊ के विभिन्न इलाकों में रावण दहन हुआ। मेला लगा। शोभायात्राएं भी निकाल गई। 60 से ज्यादा प्रमुख स्थानों पर रावण के पुतले का दहन हुआ। मेला लगा। कहीं 60 फुट के रावण का पुतला जलाया गया तो कहीं 35 फुट के। साथ ही भव्य आतिशबाजी भी हुई। शहर से लेकर गांव तक मंचित रामलीलाओं में रावण के पुतलों का दहन किया गया। कॉलोनियों, पार्को, मोहल्लों में बुराई के प्रतीक रावण के पांच से 10 फुट के पुतले भी जलाए गए। कई स्थानों पर दशहरा मेला भी लगा। गली मोहल्ले में बच्चों ने छोटे-छोटे रावण के पुतले बना कर जलाए। ऐशबाग रामलीला में इस वर्ष केवल रावण का दहन हुआ। यहां पर 60 फुट का पुतला जलाया गया। इसके साथ ही जवाबी आतिशबाजी भी हुई। एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड पर भी रावण की पुतले का दहन हुआ। भव्य आतिशबाजी हुई। मेला लगा। शोभा यात्रा भी निकाली गई। विकास नगर, अलीगंज, गोमती नगर, महानगर, चौक, ठाकुरगंज, आशियाना, वृंदावन, राजाजीपुरम तथा आलमबाग में भी जगह जगह रावण के पुतले का दहन किया गया।

फूंका गया राष्ट्र विरोधी, सनातन विरोधी, दिमागी नक्सलवाद का रावण: मंगवार को विजय दशमी पर्व के अवसर पर ऐशबाग के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 75 फुट ऊंचे रावण का दहन देखने के लिए हजारों रामभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसे जहाँ जगह मिली वहीं बैठ गया बहुत से लोग रावण दहन का दृश्य देखने के लिए मैदान के बाहर की सड़कों तक पर खड़े हो गए।

कोलकाता के कलाकारों द्वारा मंच पर चल रही रामलीला के मंच पर जैसे ही श्रीराम के द्वारा रावण का वध किया जाता है तुरंत ही मैदान में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड द्वारा जय श्री राम का उदघोष आरंभ हो गया। इसके उपरांत स्वदेशी आकाशीय आतिशबाजियों और जोरदार आवाज के पटाखों से सुसज्जित रावण के पुतले का दहन किया गया। जिसे मैदान में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने को आतुर दिखाई दिया। रावण दहन से पूर्व आतिशबाजों द्वारा करीब डेढ घंटे तक देशी अतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया जिसे देख बच्चे खूब आनंदित दिखे। रामलीला के मंच पर रावण वध से पूर्व लक्ष्मण जी का मेघनाथ से युद्ध होना उन्हे शक्तिबाण लगना, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी हेतु द्रोणागिरि पर्वत को लाना, और मेघनाथ वध जैसी प्रमुख लीलाओं का मंचन किया गया। विजयदशमी पर्व पर रामलीला के मंच पर अण्डमान निकोबार के राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के साथ उ.प्र. सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह की मौजूदगी मे फूंका गया रावण का पुतला। पुतला दहन से पूर्व रामलीला सामित के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने सभी गणमान्य अतिथियों को मंच पर अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ समिति के मंत्री ऋतुराज रस्तोगी, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल (द्वितीय), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल (प्रथम) के साथ ही समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

श्री मौसमगंज रामलीला में 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन: डालीगंज स्थित श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति के 147वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। रावण दहन के कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। रामलीला की परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, मयादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समिति द्वारा 147 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

चिनहट और खदरा में जला 35 फुट का रावण: चिनहट की रामलीला में 35 फुट के रावण का दहन किया गया। यहां भी पहले रामलीला मैदान पर राम और रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ। खदरा रामलीला का रावण दहन पक्का पुल छठ पूजा घाट, गोमती तट पर हुआ। लीला स्थल से भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई।

प्रभु श्रीराम के राजतिलक के साथ हुआ रामलीला का समापन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। त्रेतायुग में गुरु वशिष्ठ द्वारा किया गया था भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक तो कलयुग में भी बुधवार को ऐशबाग रामलीला के मंच पर वेदमंत्रों के साथ पंडित श्री मंगलू पाधा जी द्वारा विधिविधान के साथ सपरिवार किया गया राजा रामचन्द्र जी के विग्रह का राज्याभिषेक एवं पूजन। जिसके उपरांत समापन दिवस के मंच का आरंभ समसुर रहमान नावेद के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया जिसे कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीराम को समर्पित किया। वहीं दूसरी प्रस्तुति फरवाही नृत्य की हुई जिसमे कालाकारों द्वारा लाठियों पर खड़े होकर नृत्य करतब करना दर्शकों को खूब भाया। रामलीला के अंतिम दिवस के मंचन का आरंभ लंका विजय करने के उपरांत के दृश्य से होता है जब भगवान श्रीराम लंका के सिंहासन पर विभीषण को आसीन कर उनका राज्याभिषेक करते हैं। इसके उपरांत अशोक वाटिका मे बंदी बनाकर रखी गई माता सीता को श्रीराम के समक्ष लाया जाता है जहाँ श्रीराम द्वारा माता सीता की अग्नि परीक्षा ली जाती है यह देख लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं और श्रीराम से माता सीता के पतित्व और सतित्व पर संशय करने जैसे प्रश्न करते हैं। तब श्रीराम भाई लक्ष्मण के क्रोध और जिज्ञासा को शांत करने के लिए सीता जी की इस अग्नि परीक्षा का रहस्य बताते हैं। वे बहाते यह परीक्षा उन्होंने सीता की पवित्रता सिद्ध करने के लिए नहीं ली, बल्कि प्रजा के संदेह को दूर करने और रावण के छल से बचने के लिए की है। रावण द्वारा सीता के हरण से पूर्व ही श्रीराम ने अग्निदेव से असली सीता को अग्नि में छिपाने और उनकी छवि बनाने को कहा था। वे बताते हैं असली सीता अग्नि देव के पास सुरक्षित थीं जबकि रावण मात्र उनकी छवि का हरण कर ले गया था। आज जब रावण का अंत हो गया है तो अग्नि देव ने असली सीता को प्रकट करते हुए उनकी मायावी छवि को भस्म कर दिया है यह सुनते ही लक्ष्मण जी के साथ ही वहाँ उपस्थित समस्त नर और वानर प्रसन्न हो गए।

इसके बाद सभी श्रीराम के साथ अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं। रास्ते मे श्रीराम भारद्वाज मुनि और निषादराज से भेंट करते हैं माता सीता गंगाजी के तट पर उनकी आरती करती हैं और सभी अवधपुरी की ओर बढ चलते हैं। जब अयोध्या पहुंच कर हनुमान जी भरत को श्रीराम के अयोध्या आगमन की सूचना देते हैं तो पूरी अयोध्या हर्षित हो उठती है। भरत शत्रुघ्न तीनो माताएं गुरु वशिष्ठ समेत सभी श्रीराम, सीता और लक्ष्मण से भेंट कर उनका स्वागत करते हैं अयोध्या वासी श्रीराम के वनवास से लौटने पर घर घर दीप जलाते हैं नाचते गाते हैं खुशी मनाते हैं। इसके उपरांत श्रीराम वनवासी का वेष त्याग कर राजसी परिधान धारण कर राजदरबार में पहुंचते हैं जहाँ विधिविधान से उनका राज्याभिषेक किया जाता है। राजतिलक के साथ ही मंच पर कोलकाता के कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इसके उपरांत समिति द्वारा रामलीला मंचन का निर्देशन करने वाले कोलकाता के भास्कर बोस व अन्य सभी कालाकारों को सम्मानित करते हुए रामोत्सव 2026 के भव्य समारोह का समापन किया गया। ऐशबाग श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अग्रवाल ने बताया की गुरुवार को राजा रामचंद्र जी की नगर दर्शन शोभायात्रा संपूर्ण राजसी वैभव के साथ निकाली जाएगी। यह यात्रा ऐशबाग रामलीला मैदान से पीली कालोनी होते हुए वाटर वर्क्स रोड, कोयला मंडी, यहियागंज, राजा बाजार, सुभाष मार्ग, रकाबगंज, नादान मदल मार्ग से होते हुए वर्मा स्टॉप स्थित माता धर्मध्वजी देवी मंदिर तक जाएगी जहाँ भगवान राजा श्रीरामचन्द्र और सीता के स्वरूप में कलाकार माता धर्मध्वजी का दर्शन पूजन करेंगे।

श्रीराम राज्याभिषेक की भव्य प्रस्तुति, कलाकारों का हुआ सम्मान: सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में आयोजित पांच दिवसीय रामलीला के 34वें मंचन का समापन मंगलवार को कुंभकरण, मेघनाद, रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक और पारितोषिक वितरण के साथ हुआ। अंतिम दिन रामलीला के मंचन को देखने के लिए स्थानीय लोगों में उत्साह रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमानजी की आरती से हुआ। इसके बाद कलाकारों ने कुंभकरण वध, मेघनाद वध और रावण वध के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया। रावण वध के बाद भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को रामराज्य की परिकल्पना से परिचित कराया। रामलीला के समापन पर समिति के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, महामंत्री जितेंद्र मिश्रा, संयुक्त मंत्री शांति स्वरूप शुक्ला और निर्देशक उमाशंकर राठौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वर्गीय गंगा सिंह स्मृति पुरस्कार मेकअप मैन ईश्वर चंद्र गुप्ता को प्रदान किया गया।

सिनेमा, एआई और रचनात्मकता का महाकुंभ बनेगा लखनऊ



लखनऊ। नवाबों की नगरी लखनऊ अब सिनेमा, आधुनिक तकनीक और वैश्विक रचनात्मकता के नए संगम की साक्षी बनने जा रही है। अमरेन फाउंडेशन की पहल लखनऊ फिल्म फोरम की ओर से ह्यलखनऊ फिल्म फेस्टिवल सीजन 4 और इमैजिनेरियम 2026 का भव्य आयोजन 23 और 24 अक्टूबर को रफ्र सिनेमा, द सिटी मॉल, गोमती नगर में होगा। दो दिवसीय यह महोत्सव देश-विदेश के फिल्मकारों, रचनात्मक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और युवा प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर लखनऊ की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक रचनात्मक मानचित्र पर नई ऊंचाई देने का प्रयास करेगा।

इस वर्ष महोत्सव की केंद्रीय थीम फ्रेमिंग ह्यूमैनिटी खामोशी और अराजकता के बीच जन्म लेती हैं कहानियां रखी गई है। यह विषय मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक बदलाव और कहानियों की परिवर्तनकारी शक्ति को केंद्र में रखते हुए सिनेमा के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव फिल्म, मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अमरेन फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष एवं महोत्सव निदेशक रेणुका टंडन की दूरदर्शी परिकल्पना इस आयोजन को महज फिल्म प्रदर्शन तक सीमित रखने के बजाय एक व्यापक रचनात्मक आंदोलन का रूप देना है। उनका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में ऐसा सशक्त क्रिएटिव इकोसिस्टम विकसित करना है, जहां फिल्म निर्माण, शिक्षा, आधुनिक तकनीक, कौशल विकास और रोजगार के अवसर एक-दूसरे से जुड़ें। इस पहल के माध्यम से स्थानीय कहानियों और प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने, युवाओं को नए कौशल से जोड़ने तथा प्रदेश में रचनात्मक उद्योगों के विकास की संभावनाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

साहित्यकार डॉ. जीवन शुक्ल को मिला डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान



लखनऊ। डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक की 108वीं जयन्ती के अवसर पर निराला सभागार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के सभागार में वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित की उपस्थिति में डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2026 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. जीवन शुक्ल, कन्नौज को तथा विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2026 से सुश्री शीला शर्मा, लखनऊ को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर वाणी वन्दना की सस्वर प्रस्तुति डॉ. धनीराम अवस्थी द्वारा की गयी। सभा अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि का उत्तरीय एवं उपहार भेंट कर स्वागत, संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कमलाशंकर त्रिपाठी एवं योगीन्द्र द्विवेदी द्वारा किया गया। अभ्यागतों का स्वागत डॉ. निशंक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कमलाशंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। डॉ. निशंक साहित्य सम्मान से सम्मानित डॉ. जीवन शुक्ल ने कहा -साहित्यकार कवि को सत्ता से मिलकर नहीं बल्कि समाज के दुःख दर्द का ईमानदारी से बयान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को अनुप्राणित करते हुए साहित्य साधना करनी चाहिए। उन्होंने कविता में बेचारी लाचारी रोटी के लिए संघर्ष करता दिखाई देता है। डॉ. शुक्ल कहते हैं कि - रोटियां अंत नहीं प्रश्न पर जगाती है/प्यार की भूख का उन्माद से सजाती है/ग्रहण उन पर भी लगा जीने का मतलब क्या है/इन्कलाब फिर से करो रोटिया सिखाती हैं। विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मानह्न से सम्मानित सुश्री शीला शर्मा ने कहा - बचपन से कला का शौक था, पैर से पेटिंग बनाना सीखा। कई प्रदर्शियां लगायी। जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव आये। लोगों ने बहुत सहयोग दिया। जीवन के लिए सभी को कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। उन्नाव में प्रशिक्षण केन्द्र खोला है, जिसमें छोटे बच्चों को कला सिखाती हूं उन्हें रंग प्रदान करती हूँ। आप सभी का वहाँ पर स्वागत है। डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक अध्ययन संस्थान ने मुझे सम्मानित किया इसके लिए बहुत-बहुत आभार। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा - निशंक जी ने मंच की पवित्रता को जीवंत रखा।

संक्षेप

नवरात्रि अनुष्ठान पूर्ण होने पर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन हुआ

मोहम्मदी खीरी। मगदापुर क्षेत्र के गांव कंधरापुर ,बस्तौली और हजरत पुर के स्थानीय कलाकारों द्वारा शरद नवरात्रि पर भव्य दुर्गा देवी की मूर्ति निर्माण कर स्थापना स्थापना की गई थी। अनुष्ठान पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर गोमती नदी में विसर्जित कर दिया है। आयोजन समिति के रोहित सिंह, हरेंद्र सिंह, परशुराम सिंह, रवि सिंह, सेवा सिंह ,सोनू, राम अवध समेत सभी सदस्यों ने स्थानीय कलाकारों द्वारा दुर्गा पूजा के प्रारंभ में भव्य मिट्टी की मूर्ति का निर्माण कराया था। नव दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण होने कन्या भोज का आयोजन किया गया इसके समापन पर ढोल नगाड़े के साथ जयकारे लगाते हुए भक्तों ने प्रतिमा को गोमती नदी तट पर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर नदी में विसर्जित कर दिया है।इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दिलावरपुर में मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी गोला रोड स्थित गांव दिलावरपुर में हाईवे के किनारे बने विशाल तालाब में मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी है। जानकारी अनुसार गांव के बाहर बने तालाब के किनारे घूम रहे विशाल मगरमच्छ को देखकर राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे ग्रामीणों को जानकारी होने पर उन्होंने मामले की सूचना वन विभाग को दी है।विभाग द्वारा कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है बड़ी संख्या में तालाब पर कपड़े धोने का कार्य किया जाता है जिसको लेकर खतरा बना हुआ है। एसडीएम अपने मामले की घटना को संज्ञान में लेकर वन विभाग को तत्काल कार्रवाई कर रेस्क्यू करने के लिए निर्देशित किया है।

धूमधाम से हुई दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहले अतर्गत सरैंया राजा साहब के चौधरी चरण सिंह पार्क में 9 दिन से स्थापित भगवती दुर्गा के जागरण के पश्चात दुर्गा मूर्ति को धूमधाम से शारदा सहायक नहर में प्रवाहित कर दिया गया। मूर्ति विसर्जनक समय रामपुर कला पुलिस भी मुस्तैद रही। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सरैंया राजा साहब सहित खेत मंनी भौथरा माधव सहित ग्रामीण इलाकों में उत्सव पूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न ताल पोखरों और नदियों में किया गया। सड़कों पर निकली प्रतिमाओं की श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारी। भक्तों ने मां को विदाई दी।

ऑटो और कार की भिड़ंत, एक की मौत

सिधौली (सीतापुर)। अटरिया थाना क्षेत्र में हाईवे-30 पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को ऑटो और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में ऑटो सवार एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि ऑटो चालक समेत तीन लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ऑटो लखनऊ की ओर से आ रहा था। इसी दौरान गलत दिशा से आ रही एक अज्ञात कार से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में ऑटो चालक संजय 34 निवासी उमरा, थाना अटरिया, रेहाना 30 और उसका पति मुन्ना 35 पुत्र वाजिद निवासी सहरूवा, थाना बिसवां घायल हो गये। वहीं हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई।

राजकीय नर्सिंग संघ ने शासन को दिया अल्टीमेटम



सीतापुर। राजकीय नर्सिंग संघ, उत्तर प्रदेश ने नर्सिंग संवर्ग की लंबित 13 सूत्रीय मांगों और विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। संघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मांगों के समर्थन में प्रदेशभर के नर्सिंग कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में सीतापुर जनपद के नर्सिंग कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल होंगे। संघ का कहना है कि नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और प्रशासन से लगातार अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। संघ ने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

राजकीय नर्सिंग संघ की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 9 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न चरणों में विरोध प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। पहले चरण में 9 अक्टूबर से प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में नर्सिंग कर्मचारी विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर राजकीय कार्य संपादित करेंगे। दूसरे चरण में 21 अक्टूबर से प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर चिकित्सालय परिसर में एकत्र होकर शासन एवं प्रशासन के प्रति विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर अध्यक्ष शशिलता, मंत्री सुशीला वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती सीता, उपाध्यक्ष शशी अग्निहोत्री, उप उपाध्यक्ष कुमुद पाल, उपाध्यक्ष शिक्षा, संयुक्त मंत्री कामिनी, आडिटर सुमति मिश्रा, मीडिया प्रभारी दीपिका, कोषाध्यक्ष नीरज आदि स्टाफ मौजूद रहा। वहीं तीसरे चरण में 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से स्वास्थ्य महानिदेशालय पर प्रदेशभर के नर्सिंग संवर्ग द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। चैथे चरण में 22 अक्टूबर तक मांगों का निराकरण न होने अथवा आवश्यक शासनादेश जारी नहीं होने की स्थिति में प्रदेशभर में प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक कार्य बहिष्कार जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

संघ ने नर्सिंग कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रमुख मांगें उठाई हैं। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत नर्सिंग संवर्ग की तैनाती नई जनपद व्यवस्था के अनुरूप किए जाने, विभिन्न संस्थानों में समान अवसर उपलब्ध कराने और नर्सिंग कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति देने की मांग शामिल है। संघ ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत नर्सिंग संवर्ग को एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएलआईएमएस, लखनऊ और अन्य चिकित्सा संस्थानों की भांति सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी रखी है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने, पुराने पदों को भरने तथा कैडर का पुनर्गठन करने पर जोर दिया गया है।

भट्टपुर घाट पर प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

सिधौली (सीतापुर)। शारदीय नवरात्र के समापन पर मंगलवार को कस्बे में मां जगदंबा की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना के बाद मां को विदाई देने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। डीजे, बैंड-बाजे और माता के जयकारों से कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के बाद भट्टपुर घाट स्थित गोमती नदी में पुलिस-प्रशासन की देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ कस्बे के विभिन्न देवी पंडालों से हुआ। महिला, पुरुष और बच्चे माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। रास्ते में जगह-जगह कस्बावासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा तहसील रोड, मिश्रिख मार्ग, महमूदाबाद चैराहा और बिसवां चौराहा होते हुए भट्टपुर घाट के लिए रवाना हुई। नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। वहीं पुलिस और प्रशासन की टीमें सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालती रहीं। सिधौली कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था बनाए रखी, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। भट्टपुर घाट स्थित गोमती नदी तट पर पहुंचने के बाद धार्मिक अनुष्ठानों और मंत्रोच्चार के बीच मां जगदंबा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। कोतवाली की महिला पुलिसकर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा और जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चैहान, विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, एसडीएम अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह और कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव सहित पंकज अवस्थी, जागृत मिश्रा, उपेंद्र त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, अतुल तिवारी, वासु श्रीवास्तव, हिमांशु जैन, ऋषि श्रीवास्तव, कमल कांत रस्तोगी, ज्ञानू ठाकुर पंकज और अन्ना गुप्ता समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

शहीद पुलिसकर्मियों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

फिरोजाबाद। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर



कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और सलामी देकर उनके शौर्य एवं बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के संदेश से उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। साथ ही विगत एक वर्ष के दौरान कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बलिदान को याद करते हुए उनके अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बारे में जानकारी दी।पुलिस स्मृति दिवस का इतिहास 21 अक्टूबर 1959 से जुड़ा है। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा के पास चीनी सैनिकों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए थे। इन वीर जवानों की शहादत और देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सपा नेताओं ने शिक्षक और स्नातक एमएलसी प्रत्याशियों के समर्थन में मांगे वोट

टूंडला। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर टूंडला क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों में जनसंपर्क कर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगे। सपा के वरिष्ठ नेता अशोक यादव एवं सपा नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम के नेतृत्व में नेताओं ने ठाकुर वीरी सिंह इंटर कॉलेज, ठाकुर वीरी सिंह डिग्री कॉलेज, गिरधारी लाल इंटर कॉलेज चुल्हावली सहित कई अन्य कॉलेजों में पहुंचकर शिक्षकों एवं मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान नेताओं ने शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी आकाश अग्रवाल और स्नातक एमएलसी प्रत्याशी शशांक यादव के समर्थन में मतदान करने की अपील की। सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी एमएलसी चुनाव में सभी सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मतदाताओं से संवाद भी किया।जनसंपर्क अभियान में सपा के वरिष्ठ नेता अशोक यादव,मोहम्मद सनी नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम ओम प्रकाश दिवाकर,शंकर लाल दिवाकर और देशराज यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गाड़ी खड़ी करने के विवाद में कारोबारी पर लोहे के एंगल से हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विकास चौराहे पर दुकान के सामने गाड़ियां खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक कारोबारी पर लोहे के एंगल से हमला करने का आरोप लगा है। हमले में कारोबारी की नाक पर गंभीर चोट आई। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने नीरज तिवारी और उसके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहम्मदी रोड स्थित शंकर आवास कॉलोनी निवासी पल्लवी वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विकास चैराहे पर पशुपति जायसवाल और राहुल ट्रेवल्स की दुकान के पास नीरज तिवारी की भी ट्रेवल्स की दुकान है। दोनों दुकानों के बीच एक मकान निमार्णाधीन है, जिसके सामने गिट्टी, मौरंग और ईंटें रखी हैं। आरोप है कि नीरज तिवारी अपनी गाड़ियां उनके पति की दुकान के सामने खड़ी कर देता है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। पल्लवी के अनुसार, 20 अक्टूबर को भी गाड़ियां खड़ी करने का विरोध करने पर नीरज तिवारी और उसके पुत्र ने लोहे के एंगल से उनके पति पर हमला कर दिया, जिससे उनकी नाक पर गंभीर चोट आई। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

बाढ़ से नष्ट फसल का सर्वे अधूरा

हरगांव (सीतापुर)। विकासखण्ड हरगांव के ग्राम पंचायत रौना के किसान रामसेवक पुत्र मोहरलाल ने उपजिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर सरायन नदी के समीपस्थ बाढ़ प्रभावित फसलों की पुनः जांच सर्वे कराने की मांग की है। किसान का आरोप है कि उसकी कृषि भूमि संरायन नदी के किनारे है। नदी में बाढ़ आने से उसकी फसलें बाढ़ से प्रभावित होकर पूरी तरह नष्ट हो गईं। क्षेत्रीय लेखपाल आकाश दीप द्वारा किया गया सर्वे अधूरा रहा, जिसमें उसकी क्षतिग्रस्त फसल को सही ढंग से नहीं मापा गया। बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए फसलों का पुनः सर्वे कराना न्यायहित में आवश्यक है। किसान ने उपजिलाधिकारी से ग्राम पंचायत रौना में अपनी बाढ़ प्रभावित फसल की दोबारा जांच कराने का आदेश देने की मांग की है।

सरकारी जमीन पर लगे पेड़ पूर्व प्रधान ने कटवाये

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के पास सरकारी जमीन पर आंधी-बारिश से नीम और अन्य प्रजाति के करीब पांच पेड़ गिर गए थे। ग्रामीणों के मुताबिक इनकी कीमत 50 से 60 हजार रुपये थी। शनिवार को इन गिरे हुए पेड़ों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के काटा जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक पूर्व प्रधान व हिस्ट्रीशीटर की मदद से संबंधित विभागों के अधिकारियों की मिलीभगत से यह लकड़ी बेंची जा रही थी। शिकायत के बाद अधिकारियों ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की मौत के बाद प्रशासक की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा की है। एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमार ने कहा कि यह पेड़ ग्राम पंचायत के प्रशासक द्वारा कटवाए जा रहे हैं और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। एसडीएम सदर जनार्दन प्रसाद ने कहा कि वह लेखपाल भेजकर मामले की जांच करवा रहे हैं।

शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें

फतेहपुर, । जनपद के विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, सिंचाई, विद्युत और मण्डी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। सीडीओ ने अधिकारियों को कृषकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के स्पष्ट निर्देश दिए।सीडीओ के निर्देश अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कहा कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता परख निस्तारण किया जाए। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव है, वहां शिकायतकर्ता को बुलाकर तत्काल निस्तारण कराया जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर किसानों को अवगत कराया जाए और निर्धारित अवधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता किसान से दूरभाष पर वार्ता अनिवार्य रूप से की जाए।सीडीओ ने कहा कि कृषकों के फोन कॉल प्रत्येक स्थिति में प्राप्त किए जाएं और उनकी समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए, ताकि किसानों में असंतोष की स्थिति न बने। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जवाबदेही और संवेदनशील कार्यशैली अपनाने की अपेक्षा की।रबी सीजन की तैयारी बैठक का संचालन करते हुए उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र ने गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के अनुपालन की स्थिति से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने शासन की विभिन्न लाभार्थी परख योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इनका लाभ उठाने की अपील की।किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने, पराली न जलाने तथा एसएमएस लगे हार्वेस्टर से ही धान की कटाई करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, जबकि हार्वेस्टर के उपयोग से फसल कटाई में समय और श्रम की बचत होती है।जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि रबी फसलों के लिए बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने किसानों से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से अधिक से अधिक बीज बुकिंग कराकर अनुदान पर बीज प्राप्त करने की अपील की।उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में जनपद में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और समितिवार प्रेषण किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी जोत और वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही खाद खरीदें तथा उसका अनावश्यक भण्डारण न करें।

विधान परिषद चुनाव : 85 पोलिंग पार्टियां संभालेंगी मतदान की जिम्मेदारी



- डीएम की मौजूदगी में तीसरा और अंतिम रेंडमाइजेशन पूरा 15 पार्टियां रिजर्व में रहेंगी
- गुरुवार सुबह डीएस कॉलेज से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ/प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) योगानंद पाण्डेय की मौजूदगी में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मतदान कार्मिकों का तृतीय एवं अंतिम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ।

इस प्रक्रिया में स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन प्रेक्षकगण भी शामिल हुए। इस दौरान डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र सिंह, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र सिंह ने कहा कि रेंडमाइजेशन के तहत रिजर्व सहित कुल 100 पोलिंग पार्टियों का निर्धारण किया गया। इनमें से 85 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर तैनात होकर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएंगी, जबकि शेष 15 पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। इनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार सुबह डीएस कॉलेज स्थित पार्टी रवानगी स्थल से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। रवानगी से पहले संबंधित मतदान कार्मिकों को ड्यूटी ऑर्डर वितरित किए जाएंगे। अंतिम रेंडमाइजेशन के साथ ही मतदान कार्मिकों की तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन का जोर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने पर है। विधान परिषद निर्वाचन 20260 को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीडीओ योगानंद पाण्डेय के साथ पार्टी रवानगी स्थल डीएस कॉलेज पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को ड्यूटी ऑर्डर वितरण से लेकर पार्टियों की रवानगी तक सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

श्रीराम-सीता की प्रथम भेंट का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे श्रीराम और लक्ष्मण के मनोहारी स्वरूप तथा पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता की प्रथम भेंट का कथा व्यास आचार्य सुरेश जी महाराज ने भावपूर्ण वर्णन किया। सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के चैथे दिन इन प्रसंगों को सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आचार्य सुरेश जी महाराज ने बताया कि गुरु वशिष्ठ के आश्रम में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने अल्प समय में ही समस्त विद्याएं प्राप्त कर ली थीं। इसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ गए और ताड़का वध किया। गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार करने के बाद प्रभु श्रीराम गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे। वहां की अनुपम सुंदरता देखकर दोनों भाई चकित रह गए। उनके दिव्य स्वरूप को देखकर जनकपुरी के निवासी भी आनंदित हुए। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि रात्रि विश्राम के बाद लक्ष्मण के आग्रह पर श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा लेकर पुष्प वाटिका देखने गए। उसी समय माता सीता भी मां गिरिजा का पूजन करने वहां पहुंचीं। पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता की पहली भेंट हुई। कथा व्यास ने रामचरितमानस की चैपाइयों के माध्यम से इस प्रसंग और माता सीता की सुंदरता का वर्णन किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या/अम्बेडकर नगर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, अयोध्या

पत्रांकः 6630/उकाम अयो0 अम्बे0/ई टेण्डरिंग/2026-27 दिनांक 17.10.2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या/अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या लोक निर्माण विभाग में ह्यमार्ग वर्गह्य में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पात्र ठेकेदार की श्रेणी	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
वित्तीय वर्ष 2026-27 में विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के अन्तर्गत नव निर्माण कार्य										
1	बाराबंकी	चन्दनपुरवा से बुधवारा (जकरिया) तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	124.33	8.22	2714.00	8 माह	A,B	अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड नं0-1, लो.नि.वि., बाराबंकी	अधीक्षण अभियन्ता, अयो.-अम्बे. वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या	मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या
2	बाराबंकी	सफदरगंज बदोसराय मार्ग से बायीं तरफ कैलाशपुरी आश्रम तक मार्ग का निर्माण कार्य।	118.53	7.93	2714.00	8 माह	A,B	-	-	-
3	बाराबंकी	मसौली भयारा मार्ग के किमी. 3 से मेढ़िया शोभनपुर मार्ग के किमी. 2 के मध्य मिसिंग लिंक का नव निर्माण कार्य	73.51	5.68	2714.00	6 माह	A,B	-	-	-
वित्तीय वर्ष 2026-27 में विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत नव निर्माण कार्य										
4	बाराबंकी	अरसण्डा से लालूपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	118.32	7.92	2714.00	8 माह	A,B	-	-	-
वित्तीय वर्ष 2026-27 में विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद के अन्तर्गत नव निर्माण कार्य										
5	बाराबंकी	परसावल बन्धा से मछारनपुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	259.36	14.97	2714.00	8 माह	A	-	-	-
6	बाराबंकी	खजुरी से मवईपुर होते हुए टोडरपुर गोपालपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	110.00	7.50	2714.00	8 माह	A,B	-	-	-
7	बाराबंकी	रहिमापुर से बालपुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	93.38	6.67	2714.00	6 माह	A,B	-	-	-
8	बाराबंकी	गौरा कुर्मियान से चकम्बरपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	90.97	6.55	2714.00	6 माह	A,B	-	-	-

3 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे से 31.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ऑनलाईन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। आनलाईन प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 31.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।

4 उपरोक्त कार्यों में 05 वर्षों का अनुरक्षण कार्य की लागत भी सम्मिलित है। जिसका भुगतान कार्य पूर्ण होने के पश्चात अनुरक्षण अवधि में अलग से नियमानुसार किया जायेगा एवं निविदादाता द्वारा अपनी निविदा में जो दरें अंकित की जायेगी वही दरे अनुरक्षण लागत पर भी लागू रहेगी।

5 निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(इं0 राजीव कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 बाराबंकी

(इं0 ओम प्रकाश वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
अयो0/अम्बे0 वृत्त, लो0नि0वि0 अयोध्या

UPID-258971 Date: 21.10.26 Website : www.upgov.nic.in

बुराई पर अच्छाई की जीत, धूं-धूं कर जले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व पर मेला मैदान में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। श्रीराम के अग्निबाण चलाते ही पुतले धू-धू कर जल उठे और मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इससे पहले रामलीला में श्रीराम और रावण के बीच हुए भीषण युद्ध का सजीव मंचन किया गया।

लीला में दिखाया गया कि विभीषण के समझाने के बावजूद रावण ने माता सीता को लौटाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद युद्ध शुरू हुआ। रावण ने पहले अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजा। लक्ष्मण ने अपने बाणों से मेघनाथ का वध कर दिया। इसके बाद कुंभकर्ण को जगाकर युद्धभूमि में लाया गया। कुंभकर्ण के जागने और युद्ध के लिए तैयार होने के दृश्य ने दर्शकों, खासकर बच्चों को खूब गुदगुदाया।

युद्ध में राक्षस सेना के कमजोर पड़ने पर रावण स्वयं विशाल सेना लेकर मैदान में उतरा। श्रीराम और रावण के बीच घमासान युद्ध हुआ। रावण के सिर कटने के बाद फिर उग आने से युद्ध लंबा खिंचता रहा। अंत में विभीषण ने श्रीराम को रावण की नाभि में अमृत होने का रहस्य बताया। इसके बाद श्रीराम के बाण से रावण धराशायी हो गया। रावण के अंत के साथ ही वानर सेना में खुशी छा गई।

इसके बाद श्रीराम ने विभीषण को लंका का राज सौंपा और माता सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान के साथ अयोध्या की ओर प्रस्थान किया। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों के दहन के साथ दशहरा उत्सव संपन्न हुआ।

इस मौके पर विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, केके शुक्ला, जनार्दन गिरि, पंकज गुप्ता, अचल श्रीवास्तव, अवधेश कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी सुरेश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

संक्षेप

तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

सुलतानपुर (वीओएल)। अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र के पूरे हंसा पांडेय मजरे लालूपुर ढबिया गांव में दो सगे भाइयों मनोज तिवारी व नरेंद्र तिवारी पर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध तीन आरोपियों को सेशन कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। जिला जज सुनील कुमार ने बुधवार को आरोपी सगे भाइयों अजय उर्फ राजीव तिवारी व शिवम तिवारी और आरोपी विवेक तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपियों की जमानत अर्जी का वादी मुकदमा के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने विरोध किया। बीते 22 अगस्त को नाली के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दोनों भाइयों मनोज तिवारी व नरेंद्र तिवारी पर आरोपियों ने लाठी, डंडा, सरिया व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में घायल के भाई जितेंद्र तिवारी ने चार नामजद आरोपियों व पांच अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

महिला ने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर दी जान, गांव में मचा हड़कंप

ललितपुर। जनपद के बानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीकरा तिवारी में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां करीब 25 वर्षीय महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ घर के पास स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद तीनों के शव कुएं से बाहर निकाले गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। मंगलवार 20 अक्टूबर को सुबह करीब 4.30 बजे पीआरवी के माध्यम से बानपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम टीकरा तिवारी निवासी 25 वर्षीय पूजा पत्नी बालकिशन कुशवाहा ने अपने दो बच्चों लक्ष्य और पूर्वी के साथ घर के पास स्थित कुएं में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही थाना बानपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य करते हुए तीनों के शव कुएं से बाहर निकाले। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट, पुलिस के उच्चाधिकारी और दोनों पक्षों के परिजन मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार अब तक की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पूजा का अपने ही परिवार के देवर आनंद पुत्र बलीराम कुशवाहा के साथ कथित प्रेम-प्रसंग था।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया नमन

ललितपुर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार 21 अक्टूबर को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शहीदों के बलिदान को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर देश की रक्षा, सुरक्षा और कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया। पुलिस स्मृति दिवस पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है।

जनता की सेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकता

अदिति सिंह ने 5 गांवों में लगाई चौपाल, सुनीं समस्याएं



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोपालपुर, शेरगंज, खलार, पूरे सबल और बेलागुसीसी गांवों में सघन जनसंपर्क कर जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। किसी ने सड़क, किसी ने नाली, बिजली, पेंशन, आवास और राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें विधायक के सामने रखीं। विधायक अदिति सिंह ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनता की सेवा ही शुरू से हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। सदर विधानसभा की जनता मेरा परिवार है और उनके सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़ी हूं। विकास कार्यों को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है दशहरा : अदिति सिंह

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रगतिपुरम कॉलोनी में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह सम्मिलित हुईं। उन्होंने क्षेत्र की सम्मानित जनता के साथ सनातन संस्कृति के इस महत्वपूर्ण पर्व को मिलकर मनाया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी क्षेत्र की सम्मानित जनता के संग इस पर्व को मनाया। बुराई पर अच्छाई की विजय का यह प्रतीक सदा प्रेरणा देता रहे।

रावण की नाभि में तीर लगते ही एनटीपीसी ऊंचाहार के आकाश में छाई रंगीन छटा



रायबरेली। एनटीपीसी ऊँचाहार का रावण दहन ऐसे ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना जिसने काली अंधेरी रात में आसमान को रंगीन आकर्षक छटा बिखेर दी। बुराई पर अच्छाई की जीत, सत्य की विजय और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देने वाला पर्व बड़े हर्षोल्लास, आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। परिसर में उत्सव और उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्टेडियम में आयोजित रामझरावण युद्ध के भव्य मंचन में रावण दहन के साथ रावण का अट्टहास थम गया। आकर्षक आतिशबाजी एवं विशाल रावण दहन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसमान पर आतिशबाजी की सप्तरंगी छटा छा गई। जय श्रीराम के जयघोष के बीच बुराई के प्रतीक रावण का दहन अच्छाई की विजय का संदेश दे गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक बिस्व मोहन सिंह ने कहा कि, विजयादशमी हमें अपने जीवन और कार्यक्षेत्र में सकारात्मकता, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। एनटीपीसी ऊँचाहार भी राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। आइए, हम सभी अपने सामूहिक प्रयासों से देश की प्रगति में योगदान दें। एनटीपीसी प्रबंधन, मानव संसाधन विभाग, कर्मचारी यूनियन, कार्यकारी एसोसिएशन तथा पर्व आयोजन समिति 2026झ27 के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समन्वित प्रयासों से महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन ने एनटीपीसी परिवार और आसपास के जनसमुदाय को एक सूत्र में बाँधते हुए भारतीय संस्कृति, सामूहिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द की भावना को और सुदृढ़ किया।

हवन-पूजन में दिखा धार्मिक उत्सव की परंपरा व माहौल

बाराबंकी। 57वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान मे नगरपालिका परिषद में पुरोहित मनोतोष सरकार गांगुली के नेतृत्व मे 4 सदस्यीय पूजा प्रभारी व सहयोगी अभय मिश्रा, रामधन मुखर्जी, राजेश सिंह, रामानन्द गुप्ता ने महानवमी पूजा, पुष्पार्जलि के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के बाद महादशमी पूजा, दर्पण विसर्जन, प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा सम्पन्न हुई। दुर्गा पूजा के समापन पर प्रतिमा को विदा करने से पहले महिलाओ ने पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी पहनकर मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ढाक बंगाली ढोल की थाप और शंखनाद के बीच पारंपरिक धुनुची नृत्य किया गया। बंगाल के भीरघुम से आये प्रवेश दास, सुजीत दास, भुवन दास द्वारा ढाक व ढ़ोल-ताशो की थाप की प्रस्तुति मे आरती-पूजन होते ही कोलकाता की झलक देखने को मिली। तो वही ग्राम अल्लीपुर के भक्त हरिकेश, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, दीपक यादव, राकेश कुमार, पुष्पेन्द्र यादव, सचिन, दिलीप यादव, शिवम, संतोष कुमार, रामू यादव, भीमसेन, आकाश यादव, नीरज यादव, रोहित यादव, आदि निःस्वार्थ भाव से प्रतिमा विसर्जन हेतु मां के सेवा मे जुटे। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, अर्पित गुप्ता, मनोज जायसवाल, रामभजन, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह, रजनीश गुप्ता, रविनन खचाजी, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अनुराग गुप्ता, सिद्धार्थ कनौजिया आदि मौजूद रहे।

आज पैतृक ग्राम मे मनायी जायेगी पूर्व विधायक स्व दादा गजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि

बाराबंकी। घाघरा का संजय सेतु, सुमली नदी पर पुल का निर्माण, रामनगर डिग्री कॉलेज, सूरतगंज में राजकीय इंटर कालेज सहित रामनगर तहसील की स्थापना के साथ सम्पूर्ण जनपद का विकास करने वाले पूर्व विधायक स्व दादा गजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि कल दिनांक 22 अक्टूबर को उनके पैतृक ग्राम हसनपुर पहाड़पुर में सुबह 11 बजे मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुये कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह व एडवोकेट रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि पूर्व विधायक स्वः सिंह की पुण्यतिथि 22 अक्टूबर को मनाई जाती है। पुण्यतिथि में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, शैलेंद्र कुमार सिंह बहराइच, सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बृजमोहन वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। पुण्यतिथि की अध्यक्षता टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य करेंगे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद तारिक खान द्वारा किया जाएगा।

शिक्षक निर्वाचन को लेकर एसएसपी ने की बैठक



सिद्धार्थनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गोष्ठी की। बैठक में निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए समस्त क्षेत्राधिकारियों, संबंधित थाना प्रभारियों, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं उपनिरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 23 अक्टूबर 2026 को होने वाली मतदान प्रक्रिया के मद्देनजर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा निर्वाचन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम निखिल चक्रवती एसडीएम बांसी विश्वामित्र सिंह तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह, प्रवीण क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाल बांसी महेंद्र कुमार चतुवेर्दी खेसरहा थाना प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र शिव नगर डिडई थानाध्यक्ष बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भक्ति, विश्वास और परंपरा के बीच संपन्न हुआ मां दुर्गा की प्रतिमा का भू विसर्जन, श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी विदाई



परशदेपुर, रायबरेली। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर परशदेपुर क्षेत्र के पूजा पंडालों में सजी माँ दुर्गा की प्रतिमा का मंगलवार को विधि विधान के साथ बड़ी ही धूमधाम से डीजे की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु माँ के जयघोष के साथ सई नदी के पास भू विसर्जन किया। वहीं भू विसर्जन स्थल की गहराई कम होने पर लोगों मे काफी नाराजगी देखने को मिली। क्षेत्र के नव दुर्गा पूजा समिति गोपालपुर की प्रतिमा का आचार्य ललित कुमार पाण्डेय ने मंत्रोचारण के साथ विधिविधान से मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना किया। इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा सन्तोषी मॉ तिराहा गोपालपुर मटियारा चौराहे होते हुए सई नदी के पास पहुंची जहां माँ दुर्गा की प्रतिमा समेत भगवान गणेश सहित अन्य देवताओं की प्रतिमा का भूविसर्जन किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के छतोह ब्लाक के बारा गांव में काली माता मंदिर प्रांगण में सजी माँ दुर्गा की प्रतिमा का आचार्य अम्बुज जी महाराज ने मंत्रोचारण के साथ भू विसर्जन कराया। वहीं साकेत नगर चौराहा, मेन चौराहा, कनकपुर, वीरपुर, रामबाग, धरई, पूरे पंडित, अटावां सहित अन्य स्थानों पर सजी माँ दुर्गा प्रतिमा का भू विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रशांत सिंह, विकास सिंह, देवेश प्रताप सिंह, शिवशंकर सोनी, राजकुमार पटवा, छोटे यादव, फोटू कोटेदार, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, छोटू पांडेय, नीरज सिंह, श्रीकान्त त्रिवेदी, महेश विश्वकर्मा, मनोज मोदनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर चौकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

सिद्धार्थनगर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का संदेश पढ़कर सुनाया गया तथा कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर एएसपी प्रशान्त कुमार प्रसाद, सीओ सदर विश्वजीत सौरयान, सीओ शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए उनके लिखित प्रार्थना पत्र लेकर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, खाद-बीज, दवा और सिंचाई से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को किसान दिवस में स्वयं उपस्थित रहने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य नन्द किशोर, एआर कोऑपरेटिव प्रकाश बहादुर गौतम, किसान यूनियन के पदाधिकारी, किसान एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विजयदशमी पर धूं धूं कर जला रावण



सुलतानपुर (वीओएल)। विजयदशमी के पावन अवसर पर रामलीला मैदान स्थित गभड़िया पुल के पास रावण दहन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा केंद्रीय पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें सत्य, नैतिकता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज में प्रेम, शांति, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया। रावण दहन के दौरान उपस्थित जनसमूह में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न संबंधित अधिकारी, केंद्रीय पूजा समिति के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। पर्व ने जनपद में सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल) बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली में विजयादशमी के पावन पर्व पर एक सप्ताह तक चली रामलीला के समापन के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मेला परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण रथ पर सवार होकर रामलीला मैदान पहुंचे। इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन हुआ। अंत में रावण के पुतले को एक अग्नि तीर लगते ही धू-धू कर जलने लगा तो पटाखों और गोलों की आवाज से पूरा परिसर गूंज उठा। मेले में आए लोगों ने रावण दहन का दृश्य उत्साह के साथ देखा।

रामलीला के पुराने कलाकार राकेश जोशी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रावण के पुतले का दहन किया जाता है, लेकिन मनुष्य के भीतर बैठा रावण साल भर तरह-तरह के अनैतिक भ्रष्टाचार का कार्य करता रहता है। जरूरत इस बात की है कि हम अपने अंदर की रावण रूपी बुराइयों को भी समाप्त करें, ताकि प्रेम और भयमुक्त समाज की स्थापना हो सके। रावण पुतला दहन से तात्पर्य है। कि असत्य पर सत्य और अनीति पर नीति की विजय का प्रतीक है।

माड़वगढ़ के रण का बखान, वीर रस से सराबोर हुए श्रोता

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को सुदनापुर में आयोजित आल्हा गायन कार्यक्रम में माड़वगढ़ के रण का बखान सुन श्रोता वीर रस से सराबोर हो उठे। श्री माता वैष्णो पूजा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में आल्हा सम्राट सज्जन मिश्रा और उनकी टीम ने शौर्य, पराक्रम और वीरता की गाथाओं का ओजपूर्ण गायन कर लोगों में जोश भर दिया। सज्जन मिश्रा की बुलंद आवाज और जोशीले अंदाज ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। माड़वगढ़ की लड़ाई के प्रसंगों और वीर रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। श्रोता देर तक आल्हा गायन का आनंद लेते रहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने किया पुरस्कार वितरण

बाराबंकी। 57वीं शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप एंव विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी नेता श्रेया वर्मा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व भाजपा सोशल मीड़िया जिला सहसंयोजक पंकज गुप्ता पंकी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पाजंलि अर्पित कर किया। इसके उपरान्त विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजयी छात्र-छात्राओ को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण कर बधाई दी। तथा जो छात्र इस बार स्थान नहीं बना पाये उन्हें आगे और बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सीनियर मे प्रथम अरव दिलीप, द्वितीय शाति त्रिवेदी, तृतीय आस्था विश्वकर्मा, जूनियर वर्ग मे प्रथम मनमोहन सिंह, द्वितीय अंशुल अवस्थी, तृतीय अंश सिंह, गमला सज्जा प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम



अंशिका वर्मा, द्वितीय उपासना मिश्रा, तृतीय अयूषि पटेल, जूनियर वर्ग मे प्रथम जुबेरिया रशीद, द्वितीय श्रेष्ठा श्रीवास्तव, तृतीय अदिति जायसवाल, मेहदी प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम स्कंदा प्रजापति, द्वितीय साबरीन, तृतीय अयूषि पटेल, जूनियर वर्ग मे महिमा वर्मा प्रथम, द्वितीय खुशी वर्मा, तृतीय स्वेता, वाद-विवाद प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम अराध्या शुक्ला, द्वितीय माही कश्यप, तृतीय श्रजन पाण्डे, जूनियर वर्ग मे प्रथम मंयक, द्वितीय अंशूमान शुक्ला, तृतीय तेजस, फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता मे प्रथम यंशश्री त्रिवेदी, द्वितीय शिवांग कश्यप, तृतीय अरवी गाबा, चित्रकला प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम सुहानी मौर्या, द्वितीय जानवी वर्मा, तृतीय प्राचि वर्मा, जूनियर वर्ग मे लोकप्रिय प्रथम, द्वितीय अराध्या मौर्या, तृतीय वेदंत श्री, रंगोली प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम विभा सिंह, द्वितीय अगथा बैसवार, तृतीय अंशिका वर्मा, जूनियर वर्ग मे प्रथम दीपिका सैनी, द्वितीय तेजस धीमान, तृतीय रिया सिंह राजपूत, गायन प्रतियोगिता सीनियर वर्ग मे प्रथम श्रेया मिश्र रही।

प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चला मिशन शक्ति अभियान



बांसी, सिद्धार्थनगर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना बांसी की मिशन शक्ति पुलिस टीम ने बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 को ग्राम सोनखर में महिला चौपाल आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुवेर्दी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नए कानूनों तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुवेर्दी के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस द्वारा चलाया गया यह जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

238 शीशी कोडीन सिरप व 500 नशीली टैबलेट के साथ युवक गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर । जनपद के थाना कोतवाली बांसी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुवेर्दी के नेतृत्व में अवैध स्वापक औषधियों एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 238 शीशी कोडीन सिरप, 500 टैबलेट नाइट्राजेपम और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी की पहचान सूर्य प्रकाश यादव (30 वर्ष), पुत्र परशुराम यादव, निवासी पिपरा नानकार, थाना पथरा बाजार, सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर 2026 को उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन ड्यूटी पर तेलौरा बाजार में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर रोहुआ रोड स्थित ट्रैवल एजेंसी के पास बने मकान से बैग और बोरे के साथ खड़े आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में नशीली दवाएं बरामद हुईं। मामले में थाना बांसी पर मुकदमा संख्या 197/2026, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि जुनैद नामक युवक ने उसे सामान तेलौरा ले जाकर बस में रखवाने और भाड़ा देने के लिए कहा था। इसके बदले उसके खाते में 4,000 रुपये भेजे गए थे तथा 1,000 रुपये बाकी थे। आरोपी सामान मुंबई भेजने की तैयारी में था। पुलिस अब कथित रूप से शामिल जुनैद की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को एसएसपी ने 10,000 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

ललितपुर में बस से 22 कुंतल मिठाई, खोया और हींग बरामद

ललितपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तेरई फाटक के पास जांच के दौरान एक बस से भारी मात्रा में मिठाई, खोया और हींग बरामद की। बस में करीब 22 कुंतल खाद्य सामग्री लदी हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपये बताई गई है। खाद्य सामग्री के संबंध में चालक और परिचालक कोई बिल या इनवॉइस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिल्क केक, स्पेशल बर्फी, खोया और हींग के एक-एक नमूने संग्रहित किए तथा संबंधित खाद्य सामग्री को नष्ट करा दिया। तेरई फाटक चैकी प्रभारी से मिली सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बस संख्या एम.पी. 15 जेड.के. 6453 को रोककर जांच की। जांच के दौरान बस में खाद्य पदार्थों के कुल 43 नग/पैकेज पाए गए। इनमें करीब 15 कुंतल मिल्क केक और स्पेशल बर्फी, लगभग छह कुंतल खोया तथा 50 किलोग्राम हींग लदी हुई थी। इस प्रकार कुल खाद्य सामग्री का वजन करीब 22 कुंतल बताया गया। जांच के दौरान बस के चालक और परिचालक ने बताया कि खाद्य सामग्री झांसी से लादकर सागर ले जाई जा रही थी। वहीं, विभाग को मिली जानकारी के अनुसार, खोया और मिठाइयां राजस्थान के धौलपुर तथा मध्य प्रदेश के मुरैना और ग्वालियर से लाई जा रही थीं। परिचालक ने बताया कि झांसी बस स्टैंड पर राकेश साहू और रशीद नामक व्यक्तियों ने यह सामग्री सागर भेजने के लिए बस में रखवाई थी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के दौरान मिल्क केक, स्पेशल बर्फी, खोया और हींग के एक-एक नमूने संग्रहित किए। इसके बाद करीब 22 कुंतल खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया। विभागीय कार्रवाई के दौरान खाद्य सामग्री का कोई बिल या इनवॉइस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पूरी सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 10 से 12 लाख रुपये आंका गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य पदार्थों के परिवहन और उनके स्रोत को लेकर जांच का विषय सामने आया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट से ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उनकी स्थिति के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

धूमधाम से निकली भरत मिलाप शोभा यात्रा

हाथी-घोड़े, शंखनाद, पुष्पवर्षा के बीच निकली शोभायात्रा



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कस्बे में बुधवार को 158 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। हाथी-घोड़ों, शंखनाद और धार्मिक जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा में डेढ़ सौ से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल हुईं। नगरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर झांकियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया शोभायात्रा का शुभारंभ मां आनंदेश्वरी परिसर से हुआ। इसके बाद यात्रा पश्चिमटोला, बेगमगंज, पुराना बस स्टेशन, जिंदवाबाड़ी, वजीरगंज, सोनी चैराहा, राजाबाजार और कस्टोलवा होते हुए शीतलगंज स्थित पक्का तालाब पहुंची। यहां भगवान श्रीराम और भरत का मिलन हुआ। इसके बाद विभिन्न झांकियों को पुरस्कृत किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और भरत के साथ हनुमान, शिव-पार्वती, नवदुर्गा, अंगद, विभीषण, मां काली, लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण, लव-कुश, परशुराम, मकरध्वज और श्रवण कुमार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप और वासुदेव की झांकियों ने भी लोगों का ध्यान खींचा। महर्षि शांतनु और विद्या से संबंधित झांकी भी विशेष आकर्षण रही। श्रवण कुमार की झांकी को कंधे पर उठाकर जताई खुशी शोभायात्रा के दौरान अमरेंद्र मिश्रा गुरु जी ने श्रवण कुमार की झांकी को अपने कंधे पर उठाकर करीब 50 मीटर तक चलकर उ

संक्षेप

सहकारी समितियों में हड़ताल पर रोक

बांदा। सहायक आयुक्त वं सहायक निबंधक सहकारिता अंसल कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम, समस्त शीर्ष सहकारी समितियों, समस्त सहकारी परिसंघों एवं समस्त सहकारी संघों के अधीन समस्त सेवाओं में छह माह की अवधि के लिए हड़ताल प्रतिबंधित कर दी है। उन्होंने समस्त सचिव-कर्मचारी, बी-पैक्स को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा प्रकाशित उक्त गजट 1 जुलाई 2026 का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए अपनी सहकारी समितियों में उपस्थित रहकर रबी अभियान के अन्तर्गत उर्वरक वितरण एवं अन्य विभागीय कार्यों का सम्यक रूप से संपादन करना सुनिश्चित करें। अन्यथा उक्त गजट के क्रम में नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण दायित्व व्यक्तिगत रूप से संबंधित सचिव-कर्मचारी का होगा।

ट्रक की टक्कर से मामा-भांजे की मौत

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव के पास मंगलवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। दोनों मृतक बबेरू से दशहरा मेला देखकर अपने घर बांदा शहर लौट रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के पल्हरी गांव के पास मंगलवार रात सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मामा-भांजे की मौके पर मौत हो गई। दोनों बबेरू से दशहरा देखकर बांदा लौट रहे थे। बबेरू निवासी सुनील धुरिया पुत्र शिवकुमार धुरिया और खप्टिहाकलां निवासी अंकित धुरिया (22) रिश्ते में मामा-भांजे थे। मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों बाइक से बांदा लौट रहे थे। पल्हरी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

स्नातक निर्वाचन मतदान में फोटो पहचान पत्र अनिवार्य

बांदा। विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने बताया कि वे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य-केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान-पत्र, सांसदों-विधायकों-पार्षदों को जारी किये गये सरकारी पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें सम्बन्धित शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री-डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय अनिवार्य है।

पीईटी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न करायी जायेगीः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 का आयोजन 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर 2026 को किया जाएगा। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी। परीक्षार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक एवं आइरिस स्कैनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा की प्रत्येक व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। पीईटी-2026 की परीक्षा प्रत्येक निर्धारित परीक्षा दिवस पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आयोग के निदेर्शों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए जनपद में आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्टोरेंट एवं भोजनालयों में भोजन की दरों, ई-रिक्शा के किराए तथा होटलों में कमरों के किराए में अनावश्यक वृद्धि न होने दी जाए। परीक्षार्थियों को निर्धारित एवं उचित दरों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग सतर्कता के साथ निगरानी करें।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम एवं सीसीटीवी निगरानी कक्ष अलग-अलग स्थापित किए जाएं।

विजयादशमी पर रोटरी क्लब ने लगाया निःशुल्क प्याऊ



देवरिया। विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर रोटरी क्लब देवरिया सदर की ओर से मालवीय रोड पर आमजन व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्लब के सदस्यों ने देर रात तक राहगीरों व मेले में आए श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया।शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी तथा नगर पालिका परिषद देवरिया के अधिशासी अधिकारी (ईओ) संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

इस मौके पर अमित त्रिपाठी, अंबरीश मणि, प्रभाकर मिश्रा, विनोद यादव, भानु प्रकाश सिंह उर्फ चंचल सिंह, मनोज सेठ, सत्य प्रकाश चंद्र, ऋषिकेश तिवारी, हिमांशु सिंह, विजय कुमार सिंह गोपाल कृष्ण उर्फ रामू, मिथिलेश कुशवाहा, अभिषेक पांडेय सहित कई अन्य सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे।

जनता दर्शन में मिली शिकायत का हुआ त्वरित निस्तारण, पक्की पैमाइश से संतुष्ट हुए रविंद्र

देवरिया। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनता दर्शन में प्राप्त भूमि संबंधी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता की भूमि की पक्की पैमाइश कराई गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से शिकायतकर्ता रविंद्र संतुष्ट हैं।रुपई ग्राम निवासी रविंद्र, थाना खुखुंदू, तहसील सलेमपुर ने 18 सितंबर को जिलाधिकारी के जनता दर्शन में धारा 24 के अंतर्गत भूमि की पैमाइश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में गठित टीम द्वारा 5 अक्टूबर 2026 को मौके पर पक्की पैमाइश की कार्रवाई संपन्न कराई गई। इस कार्रवाई से शिकायतकर्ता को अपनी भूमि की पैमाइश कराने में सहायता मिली। रविंद्र ने प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार जताया।जिला प्रशासन द्वारा जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़

अंश निर्धारण और राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लायें अधिकारी : डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने वर्चुअल माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ बैठक कर अंश निर्धारण सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अंश निर्धारण संबंधी कार्यों को तेजी से पूरा कराने तथा धारा-24, धारा-34, धारा-80 एवं धारा-116 से संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

डीएम ने मतदाता सूची का किया भौतिक सत्यापन

देवरिया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तहसील सदर के अंतर्गत अनुपस्थित, अन्यत्र स्थानांतरित तथा मृत मतदाताओं से संबंधित (अरऊ) सूची का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने सूची में दर्ज विवरणों की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों से सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाता सूची में दर्ज नामों का नियमानुसार सत्यापन किया जाए। अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों की जांच पूरी गंभीरता से की जाए, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पारदर्शिता और शुद्धता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर अनिमेष वर्मा सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस, शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



महोबा। समाज की सुरक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और सुसज्जित गार्द द्वारा शोक सलामी देकर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने विगत एक वर्ष में कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस व शौर्यगाथा को साझा किया। इस अवसर पर वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी धारण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हुए थे, जिनकी याद में हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बुंदेली उमांह गीतों संग गूंजे जयकारे, बागैन नदी में विसर्जन



बांदा। बदौसा कस्बे में शारदीय नवरात्र के समापन पर श्रद्धा और उल्लास के साथ जवारा यात्रा निकाली गई। बंगालीपुरवा, हड़हामाफी रोड, स्टेशन रोड, बांदा रोड सहित विभिन्न मोहल्लों से महिलाओं ने सिर पर जवारे रखकर पारंपरिक बुंदेली उमांह गीत गाए और देवी जयकारों के साथ बागैन नदी में ज्वारों का विसर्जन किया। बदौसा कस्बे में श्रद्धा और भक्ति के साथ जवारा विसर्जन किया गया। विभिन्न मोहल्लों से निकली जवारा यात्राओं में महिलाओं ने सिर पर जवारे रखे और बुंदेली उमांह व देवी गीत गाते हुए बागैन नदी पहुंचीं।

इससे पहले देवाला में आरती की गई। ढोलक-नगड़िया की थाप और माता रानी के जयकारों से कस्बे का वातावरण भक्तिमय रहा। बंगाली पुरवा, हड़हामाफी रोड, स्टेशन रोड, बांदा रोड, कर्वी रोड, नदी टोला, केवटरा और पुरानी बाजार सहित विभिन्न इलाकों से जवारा यात्राएं निकाली गईं। महिलाओं की टोलियां पारंपरिक गीत गाते हुए आगे बढ़ीं। श्रद्धालुओं ने रीति-रिवाजों के अनुसार बागैन नदी में ज्वारों का विसर्जन किया। जवारा विसर्जन के दौरान महिलाओं ने बुंदेली उमांह गीतों के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। गीतों में मां के प्रति श्रद्धा, परिवार की सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की गई। महिलाओं की सामूहिक गायकी ने आयोजन में बुंदेली लोकसंस्कृति के रंग भर दिए। जवारा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने देवाला में आरती की और मां दुर्गा का स्मरण करते हुए बागैन नदी की ओर प्रस्थान किया। ढोलक-नगड़िया और उमांह गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार जवारों का विसर्जन किया।

बुढ़िया माई के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब



कुशीनगर। शारदीय नवरात्र की महानवमी पर जनरल विपिन रावत नगर के मानस कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। माता के जयकारों के बीच आयोजित विशाल भंडारे में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से लेकर दूरदराज के क्षेत्रों तक के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दरबार में मत्था टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। करीब दो दशकों से निरंतर आयोजित हो रहा यह भंडारा अब क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता की महत्वपूर्ण परंपरा बन चुका है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा और माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में माता की दिव्य शक्ति का विशेष अनुभव होता है। यहां पहुंचकर आध्यात्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होती है। श्रद्धालुओं की माता के प्रति अटूट आस्था ही इस धार्मिक आयोजन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही समाज में आपसी सद्भाव और एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत वीरेंद्र दास जी महाराज ने मां बुढ़िया माता के प्राकट्य से जुड़ी मान्यताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन काल में माता की पूजा बंजारों की वनदेवी के रूप में की जाती थी। समय के साथ यह स्थान श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। मंदिर में प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। महानवमी के पावन अवसर पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। माता के जयकारों के बीच भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर सुनील चौहान, बृजेश शर्मा, रामू पाण्डेय, रीता कुशवाहा, मंजू चौधरी, अनीता देवी, अभय मारोदिया, रोहन विश्वकर्मा, सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

किसान दिवस संपन्न

बहराइच। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ ने उपस्थित किसानों से कहा कि वह किसान दिवस बैठक में अपने सुझाव या शिकायत लिखित रूप में दिया करें ,जिससे उसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जा सके। उन्होंने किसानों से कहा कि वह अपनी समस्याएं शिकायतें व्यक्तिगत रूप से मिलकर दे सकते हैं, जिसका निस्तारण उनके द्वारा प्राथमिकता पर किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित किसानों से अपनी समस्यायें रखने को कहा। प्रगतिशील कृषक हरिशरण सिंह ने कहा की जनपद में संचालित दुग्ध विकास विभाग द्वारा दुग्ध मूल्य का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके अधिकारी गोण्डा में बैठते है ।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन पोलिंग पार्टियों की रवानगी आज

जिला संवाददाता

देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदान के बाद सीलबंद मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामग्री के संग्रहण तथा उन्हें स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने की व्यवस्था तय कर दी गई है।

- निर्वाचन सामग्री के संग्रहण तथा उन्हें स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने की व्यवस्था तय कर दी गई
- मतपेटिकाएं 23 को होंगी जमा

इस संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, देवरिया की ओर से चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को सूचना जारी की गई है।जारी सूचना के अनुसार, मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर, देवरिया से होगी। 23 अक्टूबर को मतदान संपन्न होने के बाद अपराह्न चार बजे से सीलबंद मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामग्री का संग्रहण कलेक्ट्रेट परिसर, देवरिया में किया जाएगा।इसके बाद 23 अक्टूबर को रात करीब आठ बजे सीलबंद मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामग्री को गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित वाणिज्य संकाय भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर भेजा जाएगा।

इसके लिए गोरखपुर-देवरिया मार्ग से भारी वाहनों के जरिए परिवहन की व्यवस्था की गई है।अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने सभी प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता या अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

नगदी, टैबलेट और बाइक बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार




बहराइच। विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली देहात श्री दद्दन सिंह के नेतृत्व में फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी से हुई झपटमारी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से झपटमारी की घटना से संबंधित ?49,500 नकद, एक लेनोवो कम्पनी का टैबलेट तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। भारत फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी सतीश चन्द्र मोटरसाइकिल से बेड़नापुर क्षेत्र से बहराइच जा रहे थे कि इसी दौरान महाकाल पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उन्हें धक्का देकर उनका बैग छीन लिया गया था। जिसमें नगदी, एक टैबलेट, पावर बैंक तथा बायोमैट्रिक मशीन रखी हुई थी। उक्त घटना के संबंध में थाना बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मौके से 04 व्यक्तियों को नियमानुसार हिरासत में लेकर तलाशी व पूछताछ की गयी । तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से कुल ?49,500 नकद एवं लेनोवो कम्पनी का एक टैबलेट बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं।

दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों पर जान लेवा हमला, केस दर्ज

बहराइच। जनपद बहराइच के थाना मटेरा अंतर्गत ग्राम खटिकनपुरवा लालपुर शिवपुर में नव दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मटेरा पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच उप-निरीक्षक सूर्य कांत चौबे को सौंपी गई है। नव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार (पुत्र जगदीश प्रसाद) द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, समिति के सदस्य पृथ्वीराज, रामफेर, रिंकू, सर्वेश कुमार, धनीराम और हंसराज गाड़ी से प्रसाद वितरण के लिए मटेरा चौराहा जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में मजरे सरैया के पास घात लगाकर बैठे केसरी, बेचू, हिगांउ, हगन्नू (सभी के पिता का नाम- मलंग) और फारूख (पुत्र कमाल खां) सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने गाड़ी में रखा प्रसाद फेंक दिया और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर समिति के सदस्यों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हिंसक हमले में पीड़ितों को काफी गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें से तीन चार लोगों के सिर फट गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही मटेरा थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घायलों को चिकित्सीय उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूरी घटना की जांच की जा रही है।

जेंडर व इपिक रेसियो करें दुरुस्त :एसडीएम



बांदा। सदर तहसील में बीएलओ की बैठक सदर तहसील सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी-एसडीएम नवीन कुमार की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ को जेंडर रेसियो, इपिक रेसियो सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को महिला वोटर कितने बढ़ाने है, नए मतदाता 18 से 19 वर्ष कितने जोड़ने हैं की सूची भेज दी गई है। डबल मतदाता की सूची बीएलओ एप पर डीएसई फोल्डर में भेजी गई है। इसे चेक कर डबल नाम को 24 अक्टूबर तक फार्म सात भरकर जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही पर बीएलओ की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर को तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की समीक्षा बैठक की जाएगी। 24 अक्टूबर को सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ सुबह 10 से 4 बजे तक बैठकर मतदाताओं के जोड़ने का कार्य करेंगे।

युवक की बाइक चोरी

जौराबाजार, कुशीनगर। तुर्कपट्टी क्षेत्र के सोहंग गांव में मंगलवार की रात बरामदे में खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई।पीड़ित ने बुधवार को मधुरिया पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।राहुल कुमार सिंह मंगलवार की रात सोहंग गांव में दशहरा के अवसर पर हो रही झांकी देखकर घर लौटे थे। अपनी मोटरसाइकिल बरामदे में खड़ी की और सो गए। बुधवार की सुबह उठने पर मोटरसाइकिल गायब मिली।

खाद टोकन वितरण में हंगामा, किसानों और केंद्र प्रभारी के बीच झड़प



जिला संवाददाता

बांदा। नरैनी स्थित क्रय-विक्रय केंद्र पर डीएपी खाद के टोकन वितरण के दौरान बुधवार को किसानों और केंद्र प्रभारी के बीच हंगामा और धक्कामुक्की हो गई। नायब तहसीलदार और पुलिस बल की मौजूदगी में एक किसान के टोकन छीने जाने से अफरा-तफरी मच गई।

जिले के नरैनी कस्बे में क्रय-विक्रय केंद्र में डीएपी खाद के टोकन वितरण के दौरान बुधवार को किसानों और केंद्र प्रभारी के बीच छीनाझपटी और धक्कामुक्की हो गई। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार मनोज कुमार और कोतवाली के उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार की मौजूदगी में टोकन बांटे जा रहे थे। इसी दौरान एक किसान ने केंद्र प्रभारी के हाथ से पांच टोकन छीन लिए। इस पर दरोगा ने किसान को पकड़ लिया। घटना के दौरान केंद्र पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। क्रय-विक्रय केंद्र प्रभारी कृष्णकुमार त्रिपाठी ने बताया कि केंद्र पर डीएपी खाद की 500 बोरियां उपलब्ध हैं। बुधवार को 250 किसानों को टोकन दिए गए हैं। इन किसानों को गुरुवार को प्रति किसान दो-दो बोरी खाद दी जाएगी। कर्मचारियों की कमी के कारण बुधवार को खाद का वितरण नहीं हो सका। किसानों को टोकन देकर अगले दिन बुलाया गया है। उधर, बी-पैक्स कर्मचारी गुरुवार से हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। सचिव हरिओम द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को कर्मचारियों की मशीनें जमा हो गई हैं। नियमित वेतनमान और कैशलेस व्यवस्था समेत अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, चार की मौत, तीन गम्भीर



कुशीनगर। जिले के कसया - देवरिया मार्ग पर सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गईं, जिसमें सवार सात युवकों में से चार की मौत हो गईं, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी युवक देवरिया जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

जानकारी के अनुसार देर रात लगभग 11:30 बजे कसया में दुर्गा पूजा का मेला देख कर कार सं. यूपी 57 ए डब्लू 9888 से अंकित कुमार पुत्र हर्षदेव प्रसाद उम्र 25 वर्ष, निवासी मठिया रत्ती थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, नितीश कुमार पुत्र शकुंतल प्रसाद उम्र 22 वर्ष, प्रदीप कुमार पुत्र छद्दू प्रसाद उम्र 23 वर्ष, निवासी रत्ती मठिया, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, अंकुर कनौजिया पुत्र पप्पू कनौजिया उम्र 22 वर्ष, निवासी गढ़रामपुर, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, संजी शर्मा उर्फ गोलू शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा उम्र 22 वर्ष, निवासी कोन्हवलिया, गढ़रामपुर, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, अंकित पुत्र विजयशंकर यादव उम्र 22 वर्ष, निवासी देऊरवा पिपरहिया, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, अंकित यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव उम्र 21 वर्ष, निवासी उपरोक्त, सभी देवरिया की तरफ घर जा रहें थे। अभी वह कुशीनगर रामाभार पुल से कुछ आगे सिसवा महंथ बगहा चौराहे के समीप पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क की पूरब दिशा में एक पेड़ से टकराते हुए गड्ढे में चली गईं। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार टक्कर इतनी तेज थीं कि कार के पर खच्चे उड़ गए। वहीं कार में सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख मौके पर मौजूद स्थानीय लोगो एवं राहगीरों की कॉफी भीड़ जुट गईं, और पुलिस को सूचना देकर बचाव में जुट गए। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया पहुंचाया, और उनके परिजनों को घटना की सूचना दीं। सीएचसी के डॉक्टरों ने जांचोप्रान्त नीतीश कुमार और प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रविन्द्रनगर, कुशीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान संजीव शर्मा उर्फ गोलू व अंकुर कनौजिया की भी मृत्यु हो गईं। एक साथ चार युवकों की मृत्यु की सूचना पर उनके घरो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गईं हैं। मृतक नितीश कुमार

चीन के साथ व्यापार घाटा

भारत का वस्तु व्यापार के मद में बड़ा ट्रेड डेफिसिट है और इस कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव रहता है और रुपये के अवमूल्यन का संकट भी लगातार बना रहता है। भारत दुनिया के 160 से अधिक देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार करता है और इस व्यापार में अमरीका, यूएई, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय व्यापार में बड़ा सरप्लस हासिल करता है, लेकिन यह सरप्लस चीन, रूस, स्वीट्जरलैंड और सऊदी अरब के साथ व्यापार में गायब हो जाता है। रूस के साथ भारत बड़े पैमाने पर ऊर्जा, उर्वरक और रक्षा साजो-सामान आयात करता है जिससे भारत का व्यापार घाटा है। इसी तरह सऊदी अरब से ऊर्जा आयात करता है इससे व्यापार घाटा होता है, लेकिन चीन से भारत बड़े पैमाने पर ऐसे वस्तुओं का आयात करता है, जिनका बड़ा हिस्सा भारत में निर्मित किया जा सकता है। बीते जनवरी से सितम्बर के नौ महीनों में भारत का चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 144.45 अरब डॉलर का हुआ जिसमें भारत ने चीन को 19.26 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि 125.19 अरब डॉलर का आयात किया। इस तरह भारत को चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार में साल के पहले नौ महीनों में ही 105.93 अरब डॉलर का घाटा हुआ। द्विपक्षीय व्यापार में थोड़ा-बहुत



उतार-चढ़ाव बनता है, लेकिन अगर ट्रेड डेफिसिट इतना अधिक हो, तो यह देश के विदेशी मुद्रा भंडार, करेंसी की स्थिरता और समग्र रूप से व्यापार संतुलन के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए भारत सरकार को चीन से आयात होने वाले उन वस्तुओं को चिन्हित कर देश में निर्मित करने पर फोकस करना चाहिए जिसे किया जा सकता है। इसके साथ ही चीन के साथ इस मुद्दे को उठाना चाहिए और कूटनीतिक चैनलों के जरिए यह प्रयास करना चाहिए कि भारत के निर्यातकों को चीन में और अधिक बाजार पहुंच हासिल हो ताकि भारत का निर्यात भी अपेक्षित गति से चीन को बढ़ सके। पिछले दिनों बैंकॉक में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों से इतर बातचीत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चीन के साथ भारत के व्यापार घाटे में तेजी से बढ़त को लेकर चिंता जताई। वित्त मंत्री ने कहा कि इस मामले में समस्या ऊंचे आयात शुल्क की नहीं बल्कि गैर-शुल्क बाधाओं की है जो भारतीय कंपनियों की चीन के बाजार तक पहुंच को सीमित करती हैं। उदाहरण के लिए पौधों के स्वास्थ्य, पौधों की बीमारियों, कीटों आदि के नियंत्रण सहित विभिन्न प्रकार के सुरक्षा मानक चीन में भारतीय जेनेरिक दवाओं, गोवंश से प्राप्त उत्पादों और सब्जियों के आयात को सीमित करते हैं। इनके साथ ही कई अन्य तरह के उत्पादों का चीन के विशाल और तेजी से बढ़ते बाजार तक न पहुंच पाना एक बड़ी समस्या है। इस बीच चीन से भारत में होने वाला आयात खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का आयात तेजी से बढ़ता जा रहा है। सीतारमण के बयान ने ऐसी समस्या को उजागर किया है जिससे निपटने के लिए संभवतः भारत की मौजूदा व्यापार नीति अभी पूरी तरह तैयार नहीं है। भारत ने कई मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उदाहरण के लिए न्यूजीलैंड के साथ हुआ समझौता 20 अक्टूबर से हो गया। ये महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इनके जरिए यूरोपीय संघ और ब्रिटेन सहित कई अहम बाजारों तक भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ती है। लेकिन भारतीय उत्पादकों को उभरते बाजारों सहित अन्य देशों में भी अपनी पहुंच बढ़ाने की जरूरत है। चीन की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने से इनकार करना इस प्रयास में एक बड़ी रुकावट है। यह स्वीकार करना होगा कि पिछले 18 महीनों में वैश्विक व्यापार को पटरी से उतारने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों के दुष्परिणामों से निपटने में भारत को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। सरकार ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति को लेकर परस्पर विरोधाभासी संकेत दिए हैं। इस समझौते का उद्देश्य ट्रंप की अनिश्चित नीतियों का भारत-अमेरिका के साथ व्यापार पर पड़ने वाले असर को कम करना है। बहरहाल भारत को व्यापार घाटा कम करने के लिए निर्यात बढ़ाने का उपक्रम तेज करना होगा और साथ ही चीन के साथ विशेष नीति के जरिए डील करना होगा।

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिंता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

ट्रेड डील पर गतिरोध और रुबियो की भारत यात्रा



लोकमित्र गौतम



पांच महीने से भी कम समय में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की दो बार भारत यात्रा हो चुकी है। यूं तो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में दो देशों के बीच संबंधों का आंकलन मुलाकातों की संख्या से नहीं किया जाता बल्कि इस बात से होता है कि कठिन परिस्थितियों में दो साझेदार देश एक दूसरे के हितों का कितना सम्मान करते हैं। मगर अनौपचारिक रूप से इस सम्मान का एक कयास मुलाकातों के जरिये भी होता है। इसलिए जब 20 अक्टूबर 2026 को मार्को रूबियो फिर से भारत की यात्रा पर आ गये, तो दुनियाभर के कूटनीतिक हलके में इसे न केवल नोटिस लिया गया बल्कि कूटनीतिक गलियारों में यह चर्चा शुरू हो गई कि आखिर मार्को रूबियो बार-बार भारत की यात्रा पर क्यों जा रहे हैं? ..और इसके कई अनुमानित अर्थ निकाले गये। मसलन चीन को लेकर रणनीति, भारत के साथ व्यापार के रिश्तों को बढ़ाना, रूस से भारत के संबंध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन जैसे कई तरह के कयास लगाये गये। लेकिन सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि रूबियो जितनी बार भी भारत की यात्रा पर आये हैं, हर बार यात्रा का उद्देश्य एक जैसा नहीं रहा, होता भी नहीं है।

सबसे बड़ी बात यह है कि मार्को रूबियो अमेरिका के विदेश मंत्री हैं। इसलिए अमेरिका की व्यापक विदेश नीति के संदर्भ में ही इसे देखना चाहिए, न कि सिर्फ भारत-अमेरिका की दोस्ती के चश्मे से। 20 अक्टूबर 2026 को देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में जब भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मुलाकात हुई, तो इसका मतलब साफ था कि अब भारत और अमेरिका के बीच होने वाला व्यापार समझौता अंतिम चरणों में है। मार्को रूबियो ने इस संबंध में खुद ही कहा कि अब बस दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते के कुछ ही मसले सुलझाने बाकी हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा सहयोग पर विस्तार से चर्चे हुए। इसके बाद मार्को रूबियो जामनगर स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज की विशाल फाइनरी के दौरे पर गये। दरअसल रूबियो यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत की रिलायंस रिफाइनरी वेनेजुएला में ज्यादा तेल बनाने का समझौता करे। वास्तव में यह दौरा दोनों देशों के व्यापारिक समझौते के साथ-साथ रिलायंस द्वारा वेनेजुएला के और ज्यादा कच्चे तेल को रिफाइन करने की संभावना तलाशने पर केंद्रित थी। मार्को रूबियो ने मुंबई में रिपोर्ट्स से कहा भी कि वे अपनी लोकल रिफाइनरियों से ज्यादा वेनेजुएल क्रूड ऑयल को रिफाइन करेंगे और शायद रिलायंस दक्षिण अमेरिकी देश में तेल का प्रोडक्शन भी शुरू करेगी। गौरतलब है कि जामनगर स्थित रिलायंस की दो रिफाइनरीज में हर दिन 14 लाख बैरल क्रूड ऑयल रिफाइन हो सकता है। यह भी जानना चाहिए कि वेनेजुएला का क्रूड ऑयल निम्न क्वालिटी का है और इसे सारी रिफाइनरीज साफ नहीं कर पाती। लेकिन जामनगर कॉम्प्लैक्स में स्थित रिलायंस की रिफाइनरीज वेनेजुएला के इस अल्ट्रा हैवी क्रूड ऑयल को प्रोसेस कर सकती हैं, जिनमें से कुछ का गाढ़ापन कीचड़ जैसे होता है। मालूम हो कि इसी साल जनवरी में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला के तेल उत्पादन को बढ़ाने का निश्चय किया है।

इस तरह रूबियो का हाल में जल्दी-जल्दी दोबारा भारत आना महज एक अनौपचारिक कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं था बल्कि यह यात्रा ठोस आर्थिक हितों के कारण की गई है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की राह लंबे समय से आसान नहीं साबित हो रही। दरअसल अमेरिका के शुल्क नीतियां और भारत की रूसी तेल खरीद को लेकर पैदा हुए तनाव ने व्यापार संबंधी बातचीत को बार-बार प्रभावित किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत के निर्यात और रूस से ऊर्जा खरीद पर दबाव बनाने के लिए शुल्क तथा प्रतिबंधों के विकल्पों का इस्तेमाल किया है। इससे यह धारणा मजबूत हुई है कि अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की बात तो करता है, लेकिन आर्थिक हितों के मामले में कठोर सौदेबाजी से पीछे नहीं रहता। भारत के लिए भी अमेरिका बाजार का महत्व असंदिग्ध है। भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों पर व्यापार समझौते का असर पड़ सकता है। लेकिन किसी समझौते की सफलता केवल इस बात से नहीं आंकी जानी चाहिए कि उस पर कितनी जल्दी हस्ताक्षर हुए। असली कसौटी यह है कि बाजार तक पहुंच, शुल्क, कृषि, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और निवेश के नियम दोनो पक्षों के लिए कितने संतुलित हैं।

सामयिक

यदि भारत समझौते के लिए अपने संवेदनशील क्षेत्रों के जरूरत से ज्यादा रियायतें देता है तो अल्पकालीन कूटनीतिक सफलता दीर्घकालीन आर्थिक परेशानी में तब्दील हो सकती है। जबकि इसके विपरीत यदि दोनो पक्ष व्यवहारिक समझौते तक पहुंचते हैं तो व्यापार उनके राजनीतिक मतभेदों को संभालने का भी प्रभावी माध्यम बन सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों की सबसे कठिन परीक्षा रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर हो रही है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ायी है, क्योंकि कीमत, उपलब्धता और घरेलू ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से यह हमारे लिए आर्थिक रूप से उपयोगी है। गौरतलब है कि भारत अपनी तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसी स्थिति में जाहिर है कि किसी एक आपूर्तिकर्ता से अचानक दूरी बनाना केवल विदेश नीति का निर्णय नहीं है बल्कि देश में महंगाई, परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन से जुड़ा आर्थिक सवाल भी है। वॉशिंगटन की आपत्ति का आधार यह है कि रूसी तेल से मिलने वाली आय मास्को की युद्ध क्षमता को सहारा देती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी प्रशासन ने खुद रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर प्रस्तावित दंडात्मक शुल्कों से जुड़ी कुछ पाबंदियों को अस्थायी रूप से हटाया है, जिनमें भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी भी आती है। अमरीका ने फिलहाल न सिर्फ भारत बल्कि चीन और कुछ और देशों पर लगाये जाने वाले इस टैरिफ को फिलहाल स्थगित कर दिया है। लेकिन भारत इस मामले में किसी भी तरह की भावनात्मक प्रतिक्रिया देने से बच रहा है और यह स्वाभाविक भी है। क्योंकि रूस से ऊर्जा खरीद का निर्णय हम किसी तीसरे देश की विदेश नीति के समर्थन का प्रमाण नहीं मानते। यह हमारी अपनी ऊर्जा, सुरक्षा, निर्णयों से जुड़ा मसला है।

भारत को तेल आपूर्तिकर्ताओं में विविधता लाने की जरूरत है और इससे हम किसी तात्कालिक नीति के समर्थन का आधार नहीं मानेंगे। वैसे भी किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता, चाहे वह रूस पर ही क्यों न हो, दीर्घकालिक स्तर पर रणनीतिक जोखिम पैदा कर सकती है।

भारत को तेल आपूर्तिकर्ताओं में विविधता लाने की जरूरत है और इससे हम किसी तात्कालिक नीति के समर्थन का आधार नहीं मानेंगे। वैसे भी किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता, चाहे वह रूस पर ही क्यों न हो, दीर्घकालिक स्तर पर रणनीतिक जोखिम पैदा कर सकती है। भारत में बार-बार आ रहे अमेरिकी विदेश मंत्री का एक कारण चीन और बदलती विश्व व्यवस्था है। क्योंकि व्यापार और ऊर्जा के विवादों के बावजूद भारत और अमेरिका के रिश्तों का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक आधार हिंद-प्रशांत क्षेत्र ही है। चीन की बढ़ती सैन्य और आर्थिक शक्ति दोनों देशों के लिए अलग-अलग कारणों से चुनौती बनती है। अमेरिका भारत को क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। जबकि भारत समुद्री सुरक्षा, रक्षा, तकनीक, खुफिया सहयोग और आधुनिक सैन्य क्षमताओं के विकास में अमेरिका से लाभ उठाना चाहता है। क्योंकि क्वाड-भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का समूह है। भारत किसी दूसरे देश की चीन नीति का उपकरण नहीं बन सकता। क्योंकि सीमा विवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रतिस्पर्धा को लेकर भारत की अपनी प्राथमिकताएं हैं। इसलिए मार्को रूबियो की बार-बार यात्रा से यह अर्थ नहीं निकालना चाहिए कि भारत-अमेरिका संबंधों का कोई स्वर्णिम अध्याय शुरू हो

सोशल मीडिया



पुलिस व सशस्त्र बलों के जवान सच्चे कर्मवीर हैं, जो प्राणों की आहुति देकर कर्तव्य निभाते हैं। उनके सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस पर प्रोजेक्ट कर्मवीर की शुरूआत हो रही है। अमित शाह.



ग्वालियर, मध्य प्रदेश में शीतला माता मंदिर के पास अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से 15 श्रद्धालुओं की मौत व बड़ी संख्या में घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। प्रियंका गांधी



डबल इंजन सरकार के सुशासन और रोजगार सृजन, गरीब कल्याण व विकास के संकल्प से तीर्थराज प्रयागराज अब प्रगति पथ पर नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सीएम योगी.

कर्तव्य परायणता

कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहने से हमे अपने लक्ष्यों के प्रति अवश्य सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहें। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठकों को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नर्तक, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

सब चोरों के पीछे लगे हैं


व्यंग्यलोक

पुलिस के घर चोरी हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के संपन्न होने पर संभ्रांत चोर परिवार में हंगामा मच गया। तब चोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई और पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को दंडित करने का निर्णय लिया। उनका आरोप था कि माना कि चारों और अनीति, अन्याय, अत्याचार है। लेकिन अपने चोर भाई को पुलिस के घरों में चोरी करते हुए शर्म क्यों नहीं आई? पुलिस मात्र ही तो अपने भाई हैं। पुलिस ही तो अपने सगे हैं। बाकी सब तो चोरों के पीछे लगे हैं। अगर भाइयों के घर ही चोरी करने जाएंगे तो फिर चोर समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे? चोर की बहुत खूब लानत-मनालत की गई। पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को चोर एसोसिएशन में पुलिस भाई के सामने माफी मांग कर चुराई गई सामग्री वापस लौटाने के लिए आदेशित किया। सब चोरों ने मिलकर पुलिस की आरती गाई। पुलिस भाइयों के लिए स्वागत की थाली सजाई। इधर चोर के द्वारा चोरी करने पर पुलिस थानेदार के घर पर खुशियां मनाई गई। थानेदार की पत्नी ने ढिंढोरा पीटा कि उनके घर कोई तो चोर आया। थानेदारनी मोहल्ले में खड़ी होकर व्याख्यान देने लगी। कहने लगी- धन्यभाग है हमारे! जो चोर देवता हमारे घर पधारे! चोरों ने जान लिया कि हम भी कंगले नहीं हैं। हमारे घर भी मालमत्ता है। रोकड़ा है। यह जानकर चोरों ने हम पर धावा बोला है। चोरों ने समाज में हमारी मान मर्यादा बढ़ाई है। मैं तो ऐसे विद्वान और समझदार चोर को सलाम करना चाहती हूं। एक बार उस महान चोर के दर्शन करना चाहती हूं। इसलिए चोर को देखने की गरज से थानेदारनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का मन बनाया। वह जल्दी ही पुलिस थाने में गई और अपने घर में हुई चोरी की रपट लिखाने लगी। उसने देखा कि सामने ही उसका पति थानेदार बैठा हुआ है। पास में ही एक नेता लेटा है। नेता के पास बजरी रोड़ा से लेकर तोड़ा-फोड़ा तक का व्यवसाय है। इसमें पुलिस देवता भी स्टेकहोल्डर हैं। पतिदेव थानेदार ने कहा कि चोर को तो पकड़ लेंगे लेकिन इसके लिए नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की फीस देनी होगी। बात सुनते ही थानेदारनी ने पुलिस थाने के नियमों की पालना करते हुए दो-दो हजार के पांच करारे नोट थानेदार की ओर बढ़ाए। कहा- लीजिए साब! चोर को धर लीजिए। रिश्वत रूल्स का पालन जरूर कीजिए। तत्काल थानेदार ने करारे कुरकुरे नोटों पर झपट्टा मारा। थानेदार ने कहा- अरे! ये नोट तो कल मैंने ही किसी चोर से झटके थे। ये तेरे पास कहां से आए? तो पत्नी ने पति के पेंट से अपनी जेब तराशी धर्म का नियम याद दिलाया। फिर यही हुआ। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए नियमानुसार रिश्वत रूल्स को फॉलो किया।



रामविलास जॉगिड़

सोच समझ का स्मार्ट दौर तेजी से बढ़ा अलजाइमर



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

सोच-समझ के एक ऐसे स्मार्ट दौर में जब पांच साल का बच्चा ऐसे ऐसे दिमागी कारनामें कर लेता है, जिसकी एक जमाने में 20 साल के युवक से भी उम्मीद नहीं की जा सकती थी, उसी स्मार्ट दौर में बड़े पैमाने पर लोग अल्जाइमर या मनोभ्रंश का शिकार हो रहे हैं। दरअसल यह एक ऐसी समस्या है, जो हमारी सोचने की ताकत, रोजमर्रा के काम करने की क्षमता और दूसरों के साथ हमारे नियंत्रित व्यवहार को प्रभावित करती है या दूसरे शब्दों में कहें तो हम इन सब चीजों से एक उम्र के बाद नियंत्रण खोने लगते हैं या पूरी तरह से खो देते हैं, वास्तव में यही अल्जाइमर या मनोभ्रंश की बीमारी है। अल्जाइमर बीमारी डिमेंशिया जैसे कई लक्षणों का कारण बनता है। इससे हमारी-

- याद्दाश्त चली जाती है।
- बोलने में कंपकंपाने लगते हैं।
- भाषा का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते।
- व्यक्तित्व में स्थिरता नहीं रहती।
- सामान्य रोजमर्रा के कामों को करने में मुश्किल होती है।
- हमारा व्यवहार लगातार अनुचित होता जाता है।

अल्जाइमर रोग का सबसे आम प्रकार मनोभ्रंश या याद्दाश्त के साथ गड़बड़ होना ही है। इस तेज रफ्तार जीवनशैली के दौर में जब लोग इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा तेज सोचते हों, समय से पहले वयस्क हो रहे हों, प्रौढ़ता और गंभीरता एक सदी पहले के मुकाबले दो से तीन साल पहले आ जाती हो, उसी दौर में बहुत तेजी से यह अल्जाइमर या मनोभ्रंश की ऐसी बीमारी लगातार बढ़ रही है, जिसमें एक उम्र के बाद व्यक्ति अपनी जिंदगी खुद से जी पाने में असमर्थ होने लगता है। चिंता की बात यह है कि इस तेज मेडिकल विकास के दौर में अल्जाइमर से पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2020 में पूरी दुनिया में 5 करोड़ लोग अल्जाइमर से पीड़ित थे, जिसमें 56 लाख लोग अकेले अमरीका में थे और तमाम चाकचैबंद स्वास्थ्य व्यवस्था के बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2060 तक अमरीका में अल्जाइमर पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 1,40,00,000 हो जायेगी। जहां तक अपने देश भारत की बात है तो साल 2022 में हमारे यहां अल्जाइमर से पीड़ित लोगों की संख्या 40 लाख को पार कर गई थी और 2023 के एक अध्ययन के मुताबिक 2050 तक सबसे ज्यादा अल्जाइमर से पीड़ित लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ही होंगे। यह संख्या कुल अल्जाइमर्स पीड़ितों की 75 फीसदी तक होगी। इस तथ्य से अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में किस तरह भारत में जबरदस्त अल्जाइमर पीड़ितों की संख्या हो सकती है। अल्जाइमर का रोग दरअसल एक तरह का मस्तिष्क रोग है। मस्तिष्क में कुछ प्रोटीन जमा हो जाने की वजह से ये होता है और समय के साथ यह बढ़ता रहता है। सबसे खतरनाक बात यह है कि अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है। कुछ दवाएं लाइफ क्वालिटी को महज बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस्तेमाल होती हैं। शायद अल्जाइमर की इसी भयावहता को चिन्हित करने के लिए और लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य यह होता है कि हर शख्स इस भयानक बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने और इसे लेकर सचेत रहे। जहां तक अल्जाइमर होने के तीन सबसे बड़े कारणों की बात है, तो इनमें पहला कारण यह है कि हम एक स्थिति के बाद अपने दिमाग का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं और जिंदगी जीने के लिए ज्यादा से ज्यादा उपकरणों और तकनीकों पर निर्भर हो जाते हैं। इससे मस्तिष्क को नियमित मिलने वाला तनाव और एक्सरसाइज कम हो जाती है, नतीजतन हम मनोभ्रंश या अल्जाइमर की तरफ बढ़ने लगते हैं। दूसरा प्रमुख कारण हमारी जीन भी होती है। अगर हमारे मां-बाप या वंशवेल में किसी को यह समस्या होती है तो वह आगे भी बढ़ती रहती है। साथ ही अगर कभी सिर पर ऐसी गुम चोट लग जाए, जिससे सोचने समझने की क्षमता प्रभावित हो, तो भी यह चोट अल्जाइमर में परिवर्तित हो सकती है। बड़े पैमाने पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं के शिकार लोग अल्जाइमर से पीड़ित पाये गये हैं। जो लोग लगातार तनाव और अवसाद में जीवन गुजारते हैं, उन्हें भी अल्जाइमर की बीमारी होने की सबसे बड़ी आशंका रहती है। क्योंकि लगातार अवसाद में रहने से मस्तिष्क में एमिलॉयड बीटा प्रोटीन जमा हो जाता है, जो अल्जाइमर रोग का कारण बनता है। अल्जाइमर से बचाव के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ व सक्रिय रहना जरूरी है। जहां तक अल्जाइमर से बचाव के लिए इस्तेमाल किये जाने उपायों की बात है, तो नियमित रूप से एक्सरसाइज करें और मानसिक रूप से भी सक्रिय रहें। इसके लिए नये कौशल सीखें, क्रास वर्ड बनाएं। अखबार पढ़ें और नई से नई मानसिक चुनौतियों को स्वीकार करें।

आपकी बात

सड़कों पर जरूरी है सावधानी

हाल के कुछ दिनों में जिस तरह से भीषण दुर्घटनाएं हुई हैं, उससे स्पष्ट है कि हम सड़कों पर जरूरी सावधानी नहीं बरत रहे हैं। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है।

हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफिक सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं।

सतीश कुमार सिंह, लखनऊ.

बैंकों का विलय

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह ही पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकरी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि सरकारी बैंकों को पूंजी और संसाधन की दृष्टि से अत्यधिक सक्षम बनाया जाये ताकि तेजी से प्रगति कर रहे देश की जरूरतों के अनुसार आम आदमी तक बैंकिंग सेवाएं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पहुंचा सकें। इसलिए अगर सरकार छोटे-छोटे बैंकों को बड़े बैंकों के साथ मिलाकर बड़ा बैंक बनाती है तो इसमें कुछ गलत नहीं है।

विवेक प्रकाश वर्मा, बाराबंकी.

महिलाओं के खिलाफ अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक

संक्षेप

करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

आजमगढ़। फूलपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में सोमवार की रात पूजा पंडाल के पास खेल रहे बालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर हलचल मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जगदीशपुर गांव निवासी 12 वर्षी श्रेयांश यादव के घर के पास पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। रात को अपने बच्चों के साथ पंडाल के पास खेल रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से अचेत होकर गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे स्वजन आनन फानन नजदीकी सीएचसी ले गए, चिकित्सा ने मृत घोषित कर दिया। घटना के स्वजन नाराजगी व्यक्त करते हुए, समिति से पूजा पंडाल में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित करने की मांग की। घटना के बाद से स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है।

योजनाओं का लाभ उठाने के लिए श्रमिक करा लें पंजीकरण

आजमगढ़। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित सात कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए निर्माण श्रमिक ऑनलाइन पंजीकरण करायें। उप श्रम आयुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे निर्माण श्रमिक,जिन्होंने पिछले एक वर्ष में कम से कम 90 दिन निर्माण कार्य अथवा मनरेगा में कार्य किया है, वे बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट या जनसेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नामिनी का आधार कार्ड तथा 90 दिन कापंजीकरण शुल्क 20 रुपये निर्धारित है। श्रमिक चाहें तो तीन वर्ष के लिए एक साथ 80 रुपये जमा कर नवीनीकरण भी करा सकते हैं।

62 लाख के घपले में ग्राम प्रधान गिरफ्तार

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र की दमोदरा ग्राम पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह उर्फ पिंटू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अस्थायी गोआश्रय स्थल के लिए आवंटित 62.30 लाख रुपये की धनराशि के कथित हस्तांतरण और मनरेगा के तहत अमृत सरोवर की खुदाई व सुंदरीकरण कार्य में अनियमितता के आरोपों से जुड़ा है। इस मामले में ग्राम प्रधान और तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उपलब्ध विभागीय जांच आख्या के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में ग्राम पंचायत के अस्थायी गोआश्रय स्थल के लिए कुल 62,30,849 रुपये की धनराशि दर्ज थी। आरोप है कि इस धनराशि को ग्राम प्रधान की मां के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। जांच में इसे वित्तीय अनियमितता का मामला माना गया। इसी आधार पर ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह और तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार के विरुद्ध रामपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(5) का उल्लेख किया गया है। मामले में मनरेगा के तहत अमृत सरोवर की खुदाई और सुंदरीकरण कार्य भी जांच के दायरे में है। विभागीय जांच में आरोप लगाया गया कि मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही मजदूरी मद में 28,81,900 रुपये के भुगतान को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर कार्यों और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की पड़ताल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण ने किया रामलीला का उद्घाटन



मथुरा। श्री सदर बाजार रामलीला कमेटी के तत्वाधान में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। आज रामलीला का उद्घाटन धनुष पर तीर चढ़ाकर उ प्र सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने रूप से किया किया । इसके उपरांत लीला मंचन के दौरान मेघनाथ वध, अहिरावण वध, रावण वध और भगवान श्रीराम का माता सीता से पुर्नमिलन की लीला दिखाई गई।

मेधनाथ और लक्ष्मण के बीच घनघोर युद्ध होता है। इसके बाद मेघनाथ का वध होता है तो रावण दुखी हो जाता है। इसके बाद रावण कुल के अंतिम योद्धा अपने पुत्र और पाताल लोक के राजा अहिरावण के पास जाता है। रावण के आह्वान पर पाताल लोक से आये अहिरावण ने छल और कपट के साथ विभीषण का वेश धारण कर सोते हुए राम और लक्ष्मण को मायावी स्वरूप में अपहृत कर लिया। इस प्रकार अपहृत राम और लक्ष्मण को लेकर अहिरावण पाताल लोक पहुंचा। इधर निद्रा से जागने के पश्चात हनुमान ने जब अपने प्रभु राम और लक्ष्मण को नहीं पाया तो उन्होंने विभीषण से प्रभु राम और लक्ष्मण विश्राम के विषय में जानकारी प्राप्त की। संतोषजनक उत्तर न होने पर हनुमान जी के क्रोध में विभीषण को सजा भी देने का मन बनाया। तभी विभीषण ने कहा कि मेरा स्वरूप सिर्फ अहिरावण भर सकता है। वही प्रभु राम और लक्ष्मण को उठाकर पाताल लोक ले गया होगा।उसका पता जानकर हनुमान सीधे पाताल लोक पहुंचे।जहां उन्होंने एक ही मुस्टिक के प्रहार से अहिरावण को धराशाई कर दिया। इस प्रकार हनुमान ने अहिरावण का वध कर राम और लक्ष्मण के जीवन की रक्षा की। मेघनाथ और अहिरावण के वध के पश्चात रावण के अकेला होने पर वह भारी क्रोध में रामा दल पर टूट पड़ा।जहां राम और रावण का घनघोर युद्ध हुआ। इसी दौरान हनुमान ने रावण से पराक्रम का पैमाना तय करने का निर्णय किया और हनुमान जी और रावण में युद्ध होता है ।राम और रावण युद्ध काफी देर तक चला। राम रावण के कई शीश काट कर डालते रहे और रावण के शीश फिर से निकल आते रहे। तभी विभीषण ने आकर राम को बताया कि रावण की नाभी में अमृत है। जिसे सुनकर रावण और को क्रोध आता है वह विभिषण को मारने को दौड़ा।तभी राम ने रावण की नाभी के अमृत को अपने वाण से सुखा दिया। इस प्रकार रावण राम के हाथों मारा गया।

विद्यार्थियों ने कोसीकलां में चलाया जागरूकता अभियान



मथुरा। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए, संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी विभाग द्वारा मथुरा के कोसीकलां स्थित बजरंग विद्या मंदिर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षित खान-पान के प्रति सचेत करना था। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सरल भाषा और इंटरैक्टिव सत्रों के जरिए बच्चों को जंक फूड के नुकसान समझाए तथा मौसमी फल, हरी सब्जियां और संतुलित आहार को दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया। बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने के सही तरीकों, नाखूनों व बालों की सफाई, भोजन को ढककर रखने और बासी खाना न खाने की व्यावहारिक जानकारियां दी गईं। विद्यार्थियों ने शारीरिक और मानसिक विकास के लिए योग, खेलकूद और पर्याप्त नींद के महत्व पर भी प्रकाश डाला। यह पूरा अभियान होटल मैनेजमेंट विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोग्राम हेड डॉ. कुमार भास्कर के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. डी. एस. तोमर तथा डॉ. श्वेता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों की टीम को रवाना किया और युवाओं की भूमिका को सराहा। इस सामाजिक पहल में स्टूडेंट काउंसिल और राष्ट्रीय सेवा योजना के 33 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक गगन शर्मा, विजय शर्मा, विकास वर्मा एवं कपिल शर्मा भी मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधन और शिक्षकों ने संस्कृति विश्वविद्यालय के इस प्रयास की भूरी-भरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जताई।

वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों पर दबाव बनाने का आरोप

आजमगढ़। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में विधान परिषद सदस्य के चुनाव से पहले जनपद आजमगढ़ में वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों पर कथित रूप से अवैधानिक दबाव बनाने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया गया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों को नोटिस जारी कर ऐसी सूचनाएं मांगी जा रही हैं, जिन्हें शिक्षक मतदाता फार्म अग्रसारित करते समय ही लिया जाना चाहिए था। संघ का कहना है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और 23 अक्टूबर को मतदान होना है। ऐसे में मतदान से ठीक पहले इस तरह की कार्रवाई से शिक्षक मतदाताओं के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। शिकायती पत्र में संघ ने कहा है कि यदि मतदाता फार्म अग्रसारित करने की प्रक्रिया में कोई अनियमितता हुई है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होनी चाहिए, क्योंकि फार्म उनके अग्रसारण के बाद ही निर्वाचन कार्यालय में जमा किए गए थे। संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक अजय गुप्ता, सह जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार एवं वीरेंद्र प्रताप सिंह तथा कार्यालय के लिपिक दिनेश मौर्य और शिशिर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि मामले का संज्ञान लेकर संबंधित कार्रवाई पर रोक लगाने तथा निर्वाचन कार्य में कथित लापरवाही और आचार संहिता के उल्लंघन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ट्रक चालक का पेड़ से लटका मिला शव

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बुधवार सुबह हाइवे से तीन सौ मीटर दूर लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे सीवान में आम के पेड़ में एक व्यक्ति का शव लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार एसआइ सुभाष यादव, शिवाकांत पांडेय व फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच की। लालगंज थाना क्षेत्र के थर परसिया गांव निवासी उमा कृष्ण दुबे के बड़े पुत्र 50 वर्षीय भोलानाथ दुबे मध्यप्रदेश के रीवा से मंगलवार दोपहर अपने पैतृक गांव थर परसिया के लिए निकले थे लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे।भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बुधवार सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ की डाली में करीब फीस फुट ऊंचे नायलान की रस्सी से अधेड़ व्यक्ति का शव लटकता देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी।आम के पेड़ में शव लटका मिलने की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर मृतक के पिता उमा कृष्ण दुबे स्वजनों के साथ रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के छोटे भाई विनोद दुबे ने बताया कि बड़े भाई भोलानाथ दुबे ट्रक चालक थे। बीस वर्ष से मध्यप्रदेश के रीवा शहर में मकान बनाकर पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। मंगलवार को ड्राइविंग लाइसेंस लेने के लिए गांव आ रहे थे लेकिन देर रात तक घर नही पहुंचे। सुबह सूचना मिली कि भाई का शव भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में आम के पेड़ की डाली में रस्सी से लटक रहा है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्म हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है ।इस संबंध में मृतक पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

मायके आई विवाहिता का नदी में मिला शव

मीरजापुर। जिले के हलिया-लालगंज मार्ग स्थित कोटाघाट के पास बेलन नदी में बुधवार को 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

नदी में शव मिलने की जानकारी होते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर लालगंज और हलिया थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर पुल के ऊपर विवाहिता का दुपट्टा और चप्पल मिलने से उसके नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के कारणों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासी स्वर्गीय फूलचंद की 19 वर्षीय पुत्री नीतू का शव बुधवार को लालगंज थाना क्षेत्र के कोटाघाट स्थित बेलन नदी में मिला। नदी में शव दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर विवाहिता के स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। बेटी की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।दो थानों की पुलिस ने की जांच घटना की सूचना पर लालगंज इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, तिलाव चौकी प्रभारी अनिल सिंह, हलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव तथा उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह, शिवजी और महेंद्र प्रताप यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इसके बाद थाना लालगंज पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस का कहना है कि विवाहिता की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

भक्तिमय माहौल में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

जौनपुर। अश्रुपूरित नेत्रों और भक्तिमय माहौल के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य अपनी-अपनी प्रतिमाओं को लेकर भंडारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से सभी प्रतिमाएं कतारबद्ध होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए नखास स्थित विसर्जन घाट पहुंचीं, जहां बनाए गए विशेष कुंड में विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



इस दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।विसर्जन के लिए विभिन्न पूजा समितियों की प्रतिमाएं भंडारी रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हुईं। इसके बाद क्रमबद्ध तरीके से विसर्जन यात्रा आगे बढ़ी। यात्रा सब्जी मंडी, कोतवाली चैराहा, शाहपुल और ओलंदगंज होते हुए नखास स्थित विसर्जन घाट पहुंची। रास्ते भर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने नम आंखों और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन घाट पर प्रशासन की ओर से बनाए गए कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विसर्जन मार्ग से लेकर प्रमुख चैराहों और घाट तक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती गई, ताकि विसर्जन यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। पुलिसकर्मी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे और विसर्जन यात्रा को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में जुटे रहे।जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह समेत जिले के अन्य अधिकारी लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अधिकारियों ने विसर्जन मार्ग और प्रमुख स्थानों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की। प्रशासन का पूरा जोर विसर्जन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर रहा।

खाद्य रसद मंत्री ने मनोज पहुंचे विंध्याचल देवी धाम किया दर्शन-पूजन



मीरजापुर। राज्य के खाद्य रसद मंत्री ने मनोज कुमार पाण्डेय बुधवार को विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा देवी, महाकाली देवी का विधि-विधान पूर्वक दर्शन-पूजन किया। पूजनोपरांत उन्होंने अष्टभुजा स्थित गेस्ट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक के दौरान खाद्य रसद मंत्री ने मनोज कुमार पाण्डेय ने सरकार और गेहूं धान खरीद नीति की प्रशंसा करते हुए किसानों की उन्नति की बात कही। कहा किसान खुशहाल तो देश खुशहाल होगा। प्रदेश सरकार खरीद नीति को बिचौलियों से मुक्त कराते हुए किसानों को राहत देने का काम कर रहीं है। सूबे के खाद्य रसद मंत्री ने सरकार और विभाग का बखान करते हुए उपलब्धियां गिनाई तो वहीं कर्मचारियों नेताओं ने उनको व्याप्त विसंगतियां की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्रक सौंपा है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे ने वर्तमान में धान खरीद, क्रय नीति से लेकर विभिन्न विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाते हुए विसंगतियों के निवारण के लिए सुझाव दिया। जिसपर आश्वासन दिया गया कि जल्द ही समस्याओं को निवारित कराने के लिए तथा लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के लिए 23 अक्टूबर 2026 की तिथि घोषित किया गया है। क्रय नीति सहित विभाग में व्याप्त विसंगतियों के संदर्भ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बताया कि कृषकों के पंजीकरण में अनेकानेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, फार्मर आईडी जिन कृषकों द्वारा कराए गए हैं उसमें छुटे हुए रकबा को दर्ज.करने का कोई संशोधन नहीं हो रहा है तथा चकबंदी वाले कृषकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। चावल मिलर्स को जो पूर्व में प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था उसे भी नजर अंदाज कर दिया गया है। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे ने बताया कि, मजदूर को अंगूठे लगाने, केन्द्र पर कैमरा लगाने सहित अनेकानेक समस्याओं को इस वर्ष शासनादेश में उल्लेख किया गया है, जबकि इस वर्ष विधानसभा चुनाव सन्निकट है बावजूद इसके इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आरोप लगाया कि मुख्यालय में बैठे अधिकारियों की लापरवाही से सरकार को अत्यधिक वित्तीय राशि अपव्यय हो रहा है। कर्मचारी नेताओं ने खाद्य रसद मंत्री को बताया कि क्रय केंद्र पर कम से कम पांच हजार कुंतल के गोदाम, कार्यालय की आवश्यकता है उसके लिए कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। उपरोक्त विसंगतियों को दूर करने के मंत्री को सुझाव दिया गया।

जज के घर हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 5 गिरफ्तार

मीरजापुर। हाईकोर्ट इलाहाबाद के जज के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गैंग के



5 को गिरफ्तार करते हुए 1.5 लाख रुपए, आभूषण और बर्तन बरामद किया है। पकड़े गए सभी चोर बिहार राज्य के बताएं गए हैं।

पुलिस की माने तो सभी का एक गैंग है जो खाली घर को टारगेट पर रखते हुए रेकी कर सुनिश्चित समय पर वारदात को अंजाम दिया करते थें। बताते चलें कि जिले के जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुतीमय चकचौरा गांव में गांव निवासी तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के घर को चोरों ने पिछले सप्ताह रात के समय घर के मुख्य द्वार सहित अंदर के कमरों का ताला तोड़ नगदी, जेवरात सहित लाखों के कीमती सामान पर हाथ फेरते हुए फरार हो गए थे। वारदात वाली रात परिवार के लोग कहीं बाहर गए हुए थे जहां से वापस लौटने पर घर का नजारा देख सभी दंग हो उठे थे। वहीं हाइकोर्ट जज के घर चोरी की वारदात की खबर होने पर जिगना थाना पुलिस, फोरेंसिंक टीम सहित खुद्पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी मौका मुआयना करते हुए जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश मातहतों को दिए थे। जिगना थाना पुलिस ने 16 अक्टूबर को परिवार के रविशंकर पाठक पुत्र हरिमाधव पाठक की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध घर में घुसकर आभूषण चोरी करने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया था। मामले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण व बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष जिगना को निर्देश दिये गये थे। 21 अक्टूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना, एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना तथा इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के पांच सदस्यों सक्सेना खरवार 30 वर्षपुत्र बब्बन खरवार निवासी बिदेशी टोला थाना अकोढ़ी गोला जनपद रोहतास बिहार, रोहित पुत्र 30 वर्ष अरविन्द निवासी ग्राम भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, बंसी पासवान 28 वर्ष पुत्र अरविन्द पासवान निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, अभीष खरवार 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मगरू खरवान निवासी कुरान सरैया थाना सरैया जनपद भोजपुर बिहार एवं आशीष खरवार 19 वर्ष पुत्र गौतम खरवार निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी के करीब 1.5 लाख रुपए का आभूषण, बर्तन व चोरी में प्रयोग उपकरण पेचकस, पिलास व कटर बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार चोरो द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उन लोगों द्वारा रेकी करके खाली घरो को टारगेट किया जाता है। फिर रात के अंधेरे में घरों में चोरी से घुस कर गहने/आभूषण, कीमती सामान व नगदी आदि की चोरी करते है। चोरी किये गहनों, आभूषणों को बेचकर प्राप्त धन आपस में बांट लेते है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सक्सेना खरवार के खिलाफ बलिया जिले के नरही और रसड़ा थाने में अलग-अलग मामलों में पांच मामले दर्ज हैं जो काफी शातिर किस्म का है।

युवा उद्यमी अंकित बंसल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की मुलाकात



मथुरा। मथुरा के युवा उद्यमी एवं लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल (बंसल फूड्स) ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मथुरा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की।अंकित बंसल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि मथुरा में देश-विदेश से प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं।इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के लिए उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। मुलाकात के दौरान सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया, ताकि ब्रजवासियों को इलाज के लिए दिल्ली या आगरा न जाना पड़े। युवा उद्यमी अंकित बंसल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि मथुरा आने का सादर आमंत्रण भी दिया। अंकित बंसल ने विश्वास जताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से मथुरा को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी आधुनिक सुविधाओं से संपन्न बनाया जाएगा।

स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्मृति में परेड आयोजित की गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बीते एक वर्ष के दौरान कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साहस, समर्पण और बलिदान को याद किया। उन्होंने उनकी शौर्यगाथा का उल्लेख करते हुए कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा को प्रेरणादायक बताया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारियों, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन और उपस्थित पुलिसकर्मियों के साथ ह्यपावन स्मृति पुस्तिकाह्न का पाठ किया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और पुष्पचक्र अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।


शिक्षक एमएलसी निर्वाचन का मतदान 23 को

जौनपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने अवगत कराया है कि विधान परिषद वाराणसी खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 23 अक्टूबर को होना नियत है। कलेक्ट्रेट के समस्त न्यायालय कक्षों को उक्त निर्वाचन में मतदेय स्थल बनाया गया है। मतदान को सकुशल, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु 22 अक्टूबर को मतदान पार्टियां कलेक्ट्रेट न्यायालय कक्ष पर पहुंचेगी और वहीं रात्रि विश्राम करेंगी। उक्त के निर्वाचन के दृष्टिगत 22 अक्टूबर एवं 23 अक्टूबर 2026 को समस्त न्यायालय वादकारियों के लिए बंद रहेंगे। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया है कि उक्त तिथियों में कलेक्ट्रेट परिसर में समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सड़क हादसे में महिला और बालक की मौत

सोनभद। सोनभद्र जिले के बभनी थानाक्षेत्र में मंगलवार अपराह्न एक कार और टेम्पो की टक्कर में एक महिला एवं एक बालक की मौत हो गई, तथा 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक लोग टेम्पो से दशहरा मेला देखने के लिए म्योरपुर आ रहे थे, तभी बभनी की तरफ जा रही कार से उसकी टेंपो की टक्कर हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी ने बताया कि अपराह्न चार बजे नधिरा गांव के पास बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर एक कार और एक टेम्पो की टक्कर हो गई, जिससे करीब 14 लोगों को चोटें आई। सभी घायलों को बभनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और म्योरपुर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान राजवंती देवी (35) और अंकुश (12) की मौत हो गई। ये दोनों आपस में भाभी और देवर थे। शेष घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

सुरेश चंद्र अग्रवाल की जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



मथुरा। धर्मनगरी वृंदावन के स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम (गीता शोध संस्थान) में स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की 75वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक भव्य और यादगार सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जीवन यात्रा पर आधारित बायोपिक और प्रसिद्ध नाट्य प्रस्तुति हमारे राम ने दर्शकों के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी अग्रवाल, पुत्र व एम. आर. ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल, पौत्र व एम. आर. मैनेजिंग डायरेक्टर लव कुमार बंसल, तथा छोटे भाई बनवारी लाल अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लता अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मथुरा-वृंदावन सहित विभिन्न क्षेत्रों के संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख हस्तियों में जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, रविकांत गर्ग, किशन चौधरी (जिला पंचायत अध्यक्ष), कपिल गुप्ता सहित कई प्रतिष्ठित लोग शामिल रहे। स्वागत उद्बोधन के पश्चात स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल के जीवन संघर्ष, अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और पारिवारिक मूल्यों पर आधारित लगभग 15 मिनट की एक विशेष बायोपिक प्रदर्शित की गई। पर्दे पर उनकी जीवन यात्रा को देखकर सभागार में उपस्थित कई लोग भावुक हो उठे, जबकि उनके प्रेरणादायी प्रसंगों पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बायोपिक के बाद फेलिसिटी थिएटर की बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति ह्यहमारे रामह्न का भव्य मंचन किया गया। प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने अपने सशक्त अभिनय और गंभीर संवाद अदायगी से रावण के चरित्र को जीवंत कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीराम के रूप में मयार्दा, करुणा और त्याग का सुंदर प्रदर्शन किया। अभिनेता तरुण खन्ना सहित अन्य कलाकारों के बेहतरीन अभिनय और आधुनिक तकनीकी प्रभावों ने लगभग तीन घंटे तक चले इस म

संक्षेप

सिंधू उलटफेर से बाल बाल बची, फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21 . 14, 8 . 21, 23 . 21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18 . 21, 12 . 12, 17 . 21 से हारकर बाहर हो गई।

पंजाब सात विकेट से जीता

मुल्लांपुर। स्पिनर हरजस सिंह और एमनजोत सिंह के तीन तीन विकेट की मदद से पंजाब ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में बुधवार को छत्तीसगढ को सात विकेट से हराया। पहली पारी में 456 रन बनाने के बाद पंजाब ने छत्तीसगढ को 206 रन पर आउट करके फॉलोआन खेलने पर मजबूर किया। छत्तीसगढ ने दूसरी पारी में 335 रन बनाये जिससे पंजाब को जीत के लिये 86 रन का लक्ष्य मिला। छत्तीसगढ के लिये आयुष पांडे ने 252 गेंद में 111 रन बनाये जबकि अमनदीप खरे भी अर्धशतक जमाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। दोनो ने चौथे विकेट के लिये 122 रन की साझेदारी की। पंजाब के लिये हरजस ने 92 रन देकर और एमनजोत ने 43 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। पंजाब ने 16 . 5 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरी पारी में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने बल्लेबाजी नहीं की। पहली पारी में उन्होंने एक रन बनाया था। मुलापाडू में हैदराबाद ने आंध्र को 267 रन से हराया। बायें हाथ के स्पिनर तनय त्यागराजन ने आखरी दिन 35 रन देकर छह विकेट लिये। अल्लूर में सौराष्ट्र ने कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल किये। कर्नाटक के पहली पारी के 342 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 349 रन बनाये थे। कर्नाटक ने दूसरी पारी सात विकेट पर 243 रन पर घोषित की जिसके जवाब में सौराष्ट्र ने दो विकेट पर 137 रन बनाये थे।

शरथ माकनहल्ली ने कांस्य पदक जीता

नागोया। भारत के शरथ माकनहल्ली ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की 1500 मीटर टी12 स्पर्धा में चार मिनट 11.01 सेकेंड के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। हांगझोउ में हुए पिछले एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता माकनहल्ली तीसरे स्थान पर रहे। उज्बेकिस्तान के फखरिद्दीन खामराएव ने चार मिनट 7.48 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जॉर्डन के नबील मकाबलेह ने चार मिनट 7.97 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया।

जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 आज, दोपहर 12:30 से शुरू होगा मैच



एजेंसी

क्राइस्टचर्च। पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिये दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था। भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ चार बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है। अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जायेगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है। भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे।

सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि शानदार बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के लिये सपाट पिच बनाना सही रणनीति नहीं होती। उन्होंने उम्मीद जताई कि ग्लेन फिलिप्स और फिन एलेन जैसे उनके आक्रामक बल्लेबाज भारतीयों पर भारी पड़ेंगे। न्यूजीलैंड के पास जैकब डफी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, लॉकी फर्ग्युसन , काइल जैमीसन और ब्लेयर टिकनेर जैसे शानदार गेंदबाज हैं।

ओपनर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वैभव के लिए जगह बनाना आसान नहीं: अय्यर

क्राइस्टचर्च। भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को कहा कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अभी अंतिम एकादश में आसानी से जगह नहीं मिल सकती क्योंकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के रूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि इस किशोर बल्लेबाज को सही समय पर उचित मौके जरूर मिलेंगे। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए टीम में चुना गया था। भारत ने तब से जो 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें से सूर्यवंशी ने केवल आठ में हिस्सा लिया है, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक और सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों ने इस साल की शुरुआत में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह महत्वपूर्ण है कि उनके (सूर्यवंशी) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में हमेशा खुश रहें। उन्होंने कहा, वह बहुत युवा है और उसे आगे काफी मौके मिलेंगे। ऐसा नहीं है कि उसे सीधे अंतिम एकादश में जगह मिल जाएगी, क्योंकि हमारे सलामी बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने विश्व कप जीता है। एशियाई खेलों में सूर्यवंशी को पारी की शुरुआत करने का मौका मिला था और सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। अय्यर ने कहा कि सूर्यवंशी को विदेशी परिस्थितियों का अनुभव हासिल करने से भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, जब भी वह विदेश की यात्रा करेगा तो उसे इस तरह के विकटों पर खेलने का अच्छा अंदाजा हो जाएगा। ऐसे में अगली बार जब वह विदेश दौरे पर आएगा तो वह पूरी तरह से तैयार होगा और वह पहली बार दौरा करने वाले खिलाड़ियों के साथ भी अपना अनुभव साझा कर सकता है। भारतीय टीम का हाल का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा है। उसने अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाएं खेली और एशियाई खेलों में भाग लिया। अब टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए यहां पहुंची है। अय्यर ने कहा, हम पहले भी लगातार मैच खेलते रहे हैं। हम आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर भी गए थे। यात्रा करना और खेलना तथा नई परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना मजेदार होता है। हम कारणों को एक तरफ रखकर यह देखना चाहते हैं कि हम जीतने की रणनीति कैसे तैयार कर रहे हैं। ड्रेसिंग रूम में भी इसी पर चर्चा चल रही है। घरेलू मैदानों पर सपाट पिचों पर बल्लेबाजी करने की आदी भारतीय टीम को न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों और ठंडे मौसम से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना होगा। अय्यर ने कहा, यहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल हैं। ऐसा नहीं है कि परिस्थितियां पूरी तरह से अलग हैं। हम इंग्लैंड में खेले थे और उन्होंने हमारी बल्लेबाजी को देखकर विकेट तैयार किए थे। उन्होंने कहा, लेकिन किसी भी दिन विकेट कैसा होगा, यह कोई नहीं जानता। इसलिए हम जल्द से जल्द खुद को उस माहौल में ढालने की कोशिश करेंगे।

एशियाड पैरा लीड बैडमिंटन में भारत के तीन पदक पक्के

एजेंसी

नागोया। भारत के कृष्णा नागर और सिवाराजन सोलाइमलाइ ने एशियाई पैरा खेलों की पुरूष युगल एसएच6 बैडमिंटन स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि एसएल4 वर्ग में भारत के तीन पदक पक्के हो गए। कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किये गए। चीन के लिन नेइली और किंगताओ जेंग ने तीनों मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के अजी दिमास त्रि और सुभांतुक ने दो मैच गंवाने के बाद कांस्य पदक हासिल किया।

एसएच6 श्रेणी पैरा बैडमिंटन में कम कद के खिलाड़ियों के लिये है। इससे पहले मौजूदा चैंपियन सुहास एलवाई और दो अन्य खिलाड़ियों के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत ने पुरुषों के एकल एसएल4 बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन पदक पक्के कर दिए। वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और आईएएस अधिकारी सुहास ने कोरिया के चो नादान को 21-12 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से होगा।

सेतियावान ने क्वार्टरफाइनल के एक अन्य मैच में भारत के सुकांत कदम को 21-17, 18-21, 21-15 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों नवीन शिवकुमार और अभिजीत सखूजा के बीच खेला जाएगा। नवीन ने क्वार्टरफाइनल में कोरिया के शिन क्युंग ह्वान को 21-14 21-4 से जबकि अभिजीत ने हमवतन सूर्यकांत यादव को 21-16 21-12 से हराया। एसएल4 श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके निचले अंग दिव्यांग होते हैं लेकिन दौड़ने में उनका संतुलन एसएल3 श्रेणी के खिलाड़ियों से बेहतर होता है।

शैलेश कुमार को एशियाई पैरा खेलों में ऊंची कूद में कांस्य

नागोया। भारत के शैलेष कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरूषों की ऊंची कूद टी42। टी61। टी63 स्पर्धा में बुधवार को कांस्य पदक जीता। शैलेश 5 . 57 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही महेंद्र गुर्जर 5 . 56 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। जापान के हाजिमे कोंडो ने 6 . 51 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। थाईलैंड के फालाथिप खामता ने 6 . 41 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। शैलेश ने 5 . 40 मीटर के साथ शुरूआत की और दूसरे प्रयास में 5 . 44 मीटर की कूद लगाई। उनका तीसरा प्रयास 5 . 55 मीटर का रहा जबकि चौथा प्रयास फाउल था। पांचवें प्रयास में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 . 57 मीटर की कूद लगाई। टी42। टी61। टी63 स्पर्धा उन खिलाड़ियों के लिये है जिनके शरीर के निचले हिस्से में विकार रहता है और जो कृत्रिम अंग (प्रोस्थेटिक) के साथ खेलते हैं।

पॉवरलिफ्टर कस्तूरी राजमणि ने रजत पदक जीता

नागोया। भारतीय पावरलिफ्टर कस्तूरी राजामणि ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में महिलाओं के 67 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। तमिलनाडु की रहने वाली कस्तूरी ने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में 108 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उनकी करीबी प्रतिद्वंदी किम ह्योंगहुई अपने अंतिम प्रयास में लड़खड़ा गईं और उन्हें 107 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान की रुखशोना उक्तामोवा ने 127 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। कस्तूरी 42 वर्ष की है और उनके दोनों पैरों में पोलियो है। उन्होंने बचपन में ही अपनी मां को खो दिया था और उनका पालन पोषण उनकी दादी ने किया था।

भारत का मौजूदा खेलों में पावरलिफ्टिंग में यह दूसरा पदक है। मंगलवार को अशोक कुमार मलिक ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता था।

शीतल और पायल की जोड़ी को कंपाउंड महिला युगल में रजत , स्वाति. आदिल को कांस्य: शीतल देवी और पायल नाग की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में फाइनल में हारने के कारण रजत पदक हासिल किया जबकि स्वाति चौधरी और आदिल मुहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू। रिकर्व में कांस्य पदक जीता। जन्म से ही बिना हाथों वाली शीतल तथा हाथ और पांव से दिव्यांग पायल स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन की जू जुएक़ि और झाओ जिंग से 141-150 से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी शुरू से ही चीन की खिलाड़ियों के सामने संघर्ष करती हुई दिखी। शीतल ने बेहतर खेल दिखाया और उन्होंने चार 10 अंक हासिल किए लेकिन पायल उनकी तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने अपने अंतिम तीर पर सात अंक बनाए। इससे पहले वह केवल नौ और आठ अंक ही हासिल कर पाईं थी। शीतल ने इस स्पर्धा में लगातार दूसरा रजत पदक जीता है। पिछले एशियाई पैरा खेलों में उन्होंने सरिता देवी के साथ जोड़ी बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। व्यक्तिगत स्पर्धा में भी वह स्वर्ण पदक की दावेदार हैं। जम्मू और कश्मीर के किश्तवार जिले में बसे लॉइधर गांव की रहने वाली शीतल फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति के कारण भुजाहीन पैदा हुई थी। आठ साल की उम्र में पायल 11,000 वोल्ट की हाई-टेंशन बिजली की लाइन के संपर्क में आ गई जिससे उनके हाथ और पांवों को काटना पड़ा था। इस बीच तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष युगल जोड़ी कांस्य पदक से चूक गई। उन्हें चीन के ऐ शिनलियांग और झांग यिचेंग से 153-154 से हार का सामना करना पड़ा।

पीसीबी ने वेटरंस टीम को भारत में खेलने की अनुमति देने से इनकार किया

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल जनवरी में भारत में होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स क्रिकेट विश्व कप में खेलने के लिये अपनी 50 प्लस उम्र की टीम को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान ने श्रीलंका में पिछले साल हुआ टूर्नामेंट जीता था लेकिन इस बार बोर्ड ने पाकिस्तान वेटरंस क्रिकेट संघ को बता दिया है कि उन्हें भारत में खेलने की अनुमति नहीं है। पीवीसीए के प्रमुख फवाद एजाज ने कहा, हमने आयोजकों को बता दिया है कि हम टूर्नामेंट से नाम वापिस ले रहे हैं। वे विकल्प की व्यवस्था कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयोजकों और मेजबान देश ने उन्हें टीम वीजा और उच्च स्तरीय सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया था जिसके बाद पीसीबी और विदेश तथा गृह मंत्रालय से अनुमति मांगी गई। फवाद ने कहा कि पाकिस्तान के गृह मंत्री और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने उन्हें बताया कि भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भी हाल ही में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारत टीम भेजने से इनकार कर दिया था जिसके बाद बांग्लादेश को शामिल किया गया।

केएन सिंह मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

खेल संवाददाता

लखनऊ। विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी, बीकेटी द्वारा द्वितीय स्व. के.एन. सिंह मेमोरियल अंडर-19 अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ एसएआर क्रिकेट, बख्शी का तालाब में आयोजित किया गया। यह टूनार्मेंट विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. के.एन. सिंह की स्मृति में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष पीयूष सिंह चौहान मुख्य अतिथि , सीएमएस के खेल प्रमुख देवेंद्र नाथानी विशिष्ट अतिथि के साथ ही विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी उमेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। 15-15 ओवरों का टूर्नामेंट 21 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा। इसमें सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (गोमती नगर), इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, जीसीआरजी. इंटरनेशनल स्कूल, एसआर इंटरनेशनल स्कूल, कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज, मॉन्टफोर्ट इंटर कॉलेज, साहू इंटरनेशनल



स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (गोमती नगर एक्सटेंशन), सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (एल्डिको), एसआर ग्लोबल और विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

आज खेले गये मैच में विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी बनाम एसआर इंटरनेशनल स्कूल विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी ने आठ विकेट पर 125 रन बनाये। मैच में रुद्र ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए। एसआर इंटरनेशनल स्कूल की ओर से दर्श प्रताप सिंह और दिव्यांशु राय ने 2-2 विकेट हासिल किए। इसी तरह एसआर इंटरनेशनल स्कूल ने 10 विकेट खोकर 67 रन बनाये। एसआर इंटरनेशनल स्कूल की ओर से अक्षत मुकेश ने 23 रन बनाए। विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी की ओर से आरुष सिंह ने 2 ओवर में 5 विकेट, दीपक गुप्ता ने 2/14, अखिलेश यादव ने 2/13 और फरहान बेग ने 2/20 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रकार विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी ने मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। मैच 2: एसआर ग्लोबल बनाम लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (एलआईपीएस) एसआर ग्लोबलः 161/2 एसआर ग्लोबल की ओर से रोनित सिंह ने 51 रन और प्रणव चौहान ने 69 रन की शानदार पारियां खेलीं। लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूलः 44/10 एलआईपीएस की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम बड़ा स्कोर बनाने में असफल रही।

पेज एक का शेष

टाइगर श्रॉफ

तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के आधार पर अपराध शाखा उस बड़े सिंडिकेट तक पहुंच गई, जो गोलीबारी में इस्तेमाल किए गए हथियारों को जुटाने और उनकी आपूर्ति करने के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बताया कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर तथा दिल्ली एवं हरियाणा पुलिस के सहयोग से, एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि इस दौरान दो पुरुषों और दो महिलाओं को पकड़ा गया, जबकि एक पांचवें संदिग्ध को हरियाणा के सोनीपत से हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) तथा उत्तर प्रदेश की राधा (23) तथा बबीता (23) के रूप में की है।

एशियन गेम्स

नाग के साथ रजत पदक जीता। तैराकी में रवि कार्तिक बुदिगिना ने इन खेलों में दूसरा रजत अपने नाम किया जब वह पुरूषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस13 श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे। हिमांशु नंदल ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। पैरा बैडमिंटन में कृष्णा नागर व सिवाराजन सोलाइमलाइ ने पुरूष युगल एसएच6 स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि एसएल4 वर्ग में गत चैम्पियन सुहास एल वाई, नवीन सिवाकुमार और अभिजीत सखुजा सेमीफाइनल में पहुंच गए। कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किये गए।

पावरलिफ्टिंग में पोलियो से जूझ रही कस्तूरी राजामणि ने महिलाओं के 67 किलो वर्ग में रजत पदक जीता। एथलेटिक्स में भारत 62 स्पर्धाओं में भाग ले रहा है और उसे 60 में पदक जीतने की उम्मीद है। अभी दो दिन की स्पर्धायें बाकी हैं और भारत 41 पदक जीत चुका है। पेरिस पैरालम्पिक 2024 में दो कांस्य जीतने वाली प्रीति पाल समेत तीन खिलाड़ियों ने दो पदक जीते हैं। प्रीति ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा में जत पदक जीता। वह मंगलवार को 200 मीटर टी35 में दूसरे स्थान पर रही थी। सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एक बार फिर ईरान की हजार सफरजादेह को पछाड़ा जो 12.30 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को दिन का पहला पदक आयुष वर्मा ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी44।64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में सचिन खिलारी ने एशियाई पैरा खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद यासर ने तीसरे प्रयास में 15.06 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जबकि परवीन 14.94 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

पुलिसकर्मियों का

पूरा देश विजयादशमी का उत्सव मना रहा था, परिवार खुशियां बांट रहे थे और जगह-जगह रावण के पुतले जलाए जा रहे थे, तब पुलिसकर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रहे थे, ताकि प्रत्येक नागरिक निर्भय होकर त्योहार का आनंद ले सके। शहीदों के नाम केवल स्मारकों पर अंकित नहीं होते, वे राष्ट्र की नैतिक चेतना में अंकित रहते हैं। हम उनके जीवन की सभी परिस्थितियों को भले न जानते हों, लेकिन उनके अंतिम निर्णय का महत्व अवश्य समझ सकते हैं। जब कर्तव्य और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के बीच कठिन चुनाव की घड़ी आई, तब उन्होंने कर्तव्य को प्राथमिकता दी। उनके साहस पर हमारा मस्तक गर्व से ऊंचा होता है और उनके प्रति कृतज्ञता हमें अपने दायित्वों का बोध कराती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर, 1943 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद सरकार की स्थापना कर भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष को ऐतिहासिक स्वरूप दिया था।

नये उत्तर

नए उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं है। उत्तर प्रदेश उपद्रव से उत्सव प्रदेश बना है। पुलिस को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की स्वतंत्रता मिली है। 2.26 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों, प्रशिक्षण क्षमता में 10 गुना वृद्धि, 7 बड़े शहरों में कमिश्नरेट प्रणाली, प्रत्येक जनपद में साइबर थाने तथा प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना से पुलिस व्यवस्था अधिक सक्षम, आधुनिक और जवाबदेह बनी है। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 88,973 अपराधियों पर कार्रवाई और 15 हजार करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति की जब्ती अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि हमारा संकल्प है कि वीर पुलिस कार्मिकों के बलिदान और उनके परिवारों के त्याग को सदैव स्मरण रखते हुए हम उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, न्यायपूर्ण और भयमुक्त बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

यूनेस्को की

लिए प्रसिद्ध सिरपुर अब विश्व धरोहर का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में भी महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

शिवा मामला

से गिरफ्तार किया। अब इसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया जाएगा। बताया जा रहा है कि श्रद्धा दुबे एंटीसिपेटरी बेल लेने की कोशिश में थी। वहीं, पुलिस ने श्रद्धा के मददगार आमिर को भी दबोच लिया है। श्रद्धा दुबे बाय रोड आगरा से नागपुर पहुंची थी। नागपुर में एक परिचित के फ्लैट में रुकने की व्यवस्था करवाई गई थी। लोकेशन मिलने पर टीम देर रात नागपुर रवाना हो गई थी। पुलिस ने दोपहर में छापेमारी कर फ्लैट से तीनों को एक साथ गिरफ्तार किया। राजधानी के शिवा शर्मा हत्याकांड की मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ पुलिस को यूपी एसटीएफ का सहयोग मिला। मंगलवार को ही एसटीएफ ने श्रद्धा की धर पकड़ के निर्देश दिये गए थे, हालांकि मामले की जांच लखनऊ पुलिस ही करेगी। बता दें कि श्रद्धा दुबे करीब 11 दिनों से फरार चल रही थी। पहले वो नेपाल चली गई थी, जिसके बाद वो लखनऊ आई। लखनऊ में उसने एक चैनल को बयान दिया और फिर से फरार हो गई। हजरतगंज स्थित अवध ग्रीन अपार्टमेंट में 9 अक्टूबर 2026 को कैफे संचालक शिवा शर्मा की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। मामले में परिजनों का कहना था कि यह हत्या है और जल्द से जल्द श्रद्धा को गिरफ्तार किया जाए. आखिरकार पुलिस को 11 दिन बाद बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। राजधानी में कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड में मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कमिश्नर ने पहले हजरतगंज थाने के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को लाइन हाजिर किया।

अब पुलिस

की मदद करने वाले कई लोग भी पुलिस की रडार पर हैं। वहीं बताया जा रहा है कि श्रद्धा रविवार को लखनऊ पहुंची थी। वह अपने किसी अधिवक्ता से मिली। चार से पांच घंटे लखनऊ रुकी। एक एजेंसी को उसने इंटरव्यू दिया।

मुंबई के बड़े

को पकड़ा था। इस गैंग का सरगना जुल्फिकार उर्फ जुल्फी है, जिसको सरगना मॉडल निलोफर ऑपरेट करती है। यह भी पताचला है कि श्रद्धा दुबे लोनावाला में जुल्फिकार की मदद से गेस्ट हाउस खरीदना चाहती थी।

हत्या के बाद

सर्विलांस टीम के साथ मामले की जांच शुरू की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक छोटे वाहन से बक्सा राजमार्ग किनारे फेंकते हुए देखा गया। वाहन की पंजीकरण संख्या के आधार पर पुलिस वाहन के मालिक तक पहुंची, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। मृतक की पहचान सोनू के रूप में हुई है और जांच में सामने आया कि उसकी पत्नी नेहा रावत ने अपने पड़ोसी जितेंद्र सिंह उर्फ राहुल और एक नाबालिग के साथ मिलकर कथित तौर पर हत्या की साजिश रची थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले के संबंध में नेहा रावत, जितेंद्र सिंह उर्फ राहुल और तौहीद को गिरफ्तार किया गया जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया लोहे के बड़े बट्टे, लोडर और लोहे का बक्सा बरामद किया गया है। तौहीद के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

शहीद

की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधों की रोकथाम, नागरिकों की सुरक्षा और संकट के समय सहायता पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा से निभाते हैं। उनकी सेवाएं समाज में विश्वास कायम करने और सुरक्षित वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़िय

संक्षेप

रिटायर्ड हेड कांस्टेबल की गिरकर मौत



इटावा। जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे पुल की सीडियों से फिलसकर रिटायर्ड हैड कांस्टेबल की मौत हो गयी। मृत अवस्था में आरपीएफ पुलिस जिला अस्पताल लाई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश के नेहरूनगर आनंदनगर ग्राम बहोड़ा निवासी सुरेश पाल सिंह उम्र 73 पुत्र विजय पाल सिंह आज सुबह ट्रेन से इटावा उतरने के बाद रेलवे पुल की सीडियों से उतरते समय गिर गए जिससे उनकी मौत हो गयी। वह अपने पीछे पत्नी रानी देवी व पुत्र अरूण चैहान जो साफ्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। पुत्री प्रीति को रोता बिलखता छोड़ गए।

युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शोभा सिंह आमीशंकरपुर गांव निवासी युवक की हरिद्वार सड़क दुर्घटना में हुई मौत की सूचना मिलने पर यहां परिजन रोने बिलखने लगे। गांव निवासी शिवांशु सिंह पुत्र दुर्गाबक्श सिंह देहरादून में रहकर पढ़ाई करता था। बीते मंगलवार की शाम वह अपने साथियों के साथ कार से हरिद्वार पिता के पास जा रहा था। रास्ते में कार डिवाइडर से टकरा गयी। दुर्घटना में शिवांशु को गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह शिवांशु की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। परिजन घर से हरिद्वार के लिए निकले हैं।

लहसुन बीज के लिए 23 अक्टूबर तक कराएं पंजीकरण

श्रावस्ती। उद्यान विभाग किसानों को अनुदान पर लहसुन का बीज वितरित करेगा। जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दूबे ने बताया कि बीज प्राप्त करने के लिए किसान 23 अक्टूबर जनसेवा केंद्र से पंजीकरण करा लें। पंजीकृत किसानों को 24 अक्टूबर को जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, भिनगा में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बीज वितरित किया जाएगा। बिना पंजीकरण के बीज नहीं मिलेगा।

आपदा में भी जारी रहेंगी मातृ-शिशु पोषण सेवायें

भिनगा (श्रावस्ती): आपदाओं के दौरान भी मातृ एवं शिशु पोषण सेवाएँ निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर आज आशा एएनएम केंद्र भिनगा में आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों व आशा संगिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और यूनीसेफ के सहयोग से आयोजित इस क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का उद्देश्य बाढ़, भीषण गर्मी और भीषण ठंड जैसी स्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रखना है। यूनीसेफ की आपदा जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ डॉ. उर्वशी चंद्रा ने पूर्व योजना निर्माण पर जोर दिया। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि 27 अगस्त के बाद यह क्षमता निर्माण का अगला चरण है; आगे आपदा मित्रों और स्वयं सहायता समूहों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला में यूनीसेफ पोषण विशेषज्ञ रवि नारायण, डॉ. महावीर गुलेचा तथा अंकिता पधालनी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सेजल पाठक, अरविंद पाठक, अर्पित कश्यप एवं शिवप्रकाश भी उपस्थित रहे।

विधायक ने आरती उतारकर राम लक्ष्मण का आशीर्वाद लिया

हिलौली, उन्नाव। मौरावां आदर्श नगर पंचायत मौरावां रामलीलामैदानमें पहुंचे पुरवा विधायक अनिल सिंह ने गणेश पूजन करने के बाद राम लक्ष्मण की आरती करके आशीर्वाद लिया रामलीला का शुभारंभ किया मौरावां आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कुवरविवेक सेठ ने विधायक अनिल सिंह को राम दरबार वपटुका पहनाकर स्वागत किया। विधायक अनिल सिंह जय श्री राम के नारों से सबका अभिवादन किया। विधायक अनिल सिंह के द्वारा हर साल रावणदहन में आते हैं रावण दहन करने के लिए राम लक्ष्मण रामलीला मैदान में पहुंचते हैं उनके साथ में विधायक अनिल सिंह कुवर विवेक सेठ उनकी धर्मपत्नी पल्लवी सेठ नगर वासी ग्राम वासी सैकड़ो की संख्या में लंका दहन में शामिल हुए। पत्रकारों का सम्मान समारोह कुवरविवेक सेठ वह उनकी पत्नी पल्लवी सेठ के द्वारा किया गया।

हाइटेंशन लाइन से 3 की मौत, 7 झुलसे

प्रतिमा के उपर लगे लोहे की रॉड हाईटेंशन लाइन से टकराने से फैला करंट




गोरखपुर। जनपद के गुलहरिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ विसर्जन जुलूस के दौरान दुर्गा प्रतिमा ट्रैक्टर-ट्रॉली ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गई। इस करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों और उनकी मौसी के लड़के समेत तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे से नाराज लोगों ने मेडिकल कॉलेज के बाहर सड़क जाम कर जोरदार हंगामा किया। चरगांवा संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार, गुलहरिया थाना क्षेत्र के चरगांवा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जंगल अयोध्या प्रसाद के चौहान टोले में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार शाम करीब 5 बजे ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली पर मूर्ति रखकर विसर्जन के लिए निकले थे। ट्रॉली पर कुल 10 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस अभी गांव से करीब एक किलोमीटर दूर ही पहुंचा था कि ट्रॉली में सुरक्षा या सजावट के लिए लगी लोहे की एक लंबी रॉड ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तारों से टकरा गई। रॉड टकराते ही पूरी ट्रॉली में तेज करंट दौड़ गया और उस पर सवार सभी 10 लोग उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। सभी झुलसे हुए लोगों को आनन-फानन में बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लकी (17 वर्ष), विक्की (18 वर्ष) और चंदन (21 वर्ष) के रूप में हुई है। इनमें लकी और विक्की सगे भाई थे, जबकि चंदन उनके मौसी का लड़का था।

मेडिकल कॉलेज के बाहर हंगामा, विधायक पहुंचे

इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज के गेट के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा किया, जिससे घंटों यातायात बाधित रहा। माहौल तनावपूर्ण होता देख भारी पुलिस बल तैनात किया गया। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक महेंद्र पाल सिंह पीड़ितों और उनके परिजनों से मिलने मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को ढांधस बंधाया और घायलों के समुचित इलाज का भरोसा दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने और मामले की जांच में जुटे हैं।

पहले मानवता, फिर परंपरा

एंबुलेंस के लिए सीएम योगी ने रुकवाई विजयादशमी शोभायात्रा



गोरखपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध केंद्र गोरक्षपीठ से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके निर्णय ने यह संदेश भी दिया कि किसी भी परंपरा से पहले किसी की जिंदगी बचाना सबसे जरूरी है। विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से आगे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और सख्त सुरक्षा घेरे के बीच जैसे ही एक एंबुलेंस का सायरन सुनाई दिया, मुख्यमंत्री ने परंपरा और प्रोटोकॉल से ऊपर मानवीय जीवन को प्राथमिकता देते हुए शोभायात्रा को तुरंत रुकवा दिया। उनके निर्देश पर एंबुलेंस को रास्ता दिया गया और उसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ी।

मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पारंपरिक विजयदशमी शोभायात्रा आगे बढ़ रही थी। मंदिर के मुख्य द्वार के आगे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान एक गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस वहां पहुंच गई और भीड़ के कारण फंसने लगी। जैसे ही सीएम योगी के वाहन तक सायरन की आवाज पहुंची, उन्होंने तत्काल अपने सुरक्षाकर्मियों को एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाई और शोभायात्रा की गति को वहीं थाम दिया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और नागरिकों ने भी सीएम की इस पहल को समझते हुए तुरंत सहयोग किया और रास्ता खाली कर दिया। भारी भीड़ और तंग व्यवस्था के बावजूद एंबुलेंस बिना किसी रुकावट के सुरक्षित निकल गई। एंबुलेंस के आगे बढ़ जाने के बाद ही शोभायात्रा अपने तय मार्ग पर पुनः आगे बढ़ी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंटरनेट यूजर्स और आम जनता मुख्यमंत्री की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी अश्रुपूरित विदाई



अयोध्या। आस्था एवं श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ मां के भक्तों ने उल्लास पूर्वक जय माता दी गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान वातावरण में नम आंखों से मां दुर्गा को अश्रुपूरित विदाई दी, मंगलवार प्रातः 10बजे, केंद्रीय दुगार्पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद-अयोध्या व जिला प्रशासन के समन्वय से राजकीय इंटर कॉलेज से निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा की पहली प्रतिमा श्री श्री दुगार्पूजा समिति, मिजार्पुर माफी की रही ,जो श्रीभगवान जायसवाल घाट (निर्मली कुंड) के विसर्जन स्थल पर शोभायात्रा की प्रथम प्रतिमा के रूप में विसर्जित की गई। माँ की विशाल शोभायात्रा का राजकीय इंटर कालेज से जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में निकाली गई, जिसे पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। शोभायात्रा की अगुआई पूर्व विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव, पूर्व मन्त्री तेजनारायन पाण्डेय ह्मपवनह्म, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के महंत अमृत दास, भाजपा के पूर्व महानगर जिला अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, समिति के प्रमुख संरक्षक व पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, जिला संयोजक गगन जायसवाल, जिला प्रवक्ता केशव बिगुलर आदि सहित नगर के गणमान्य कर रहे थे। शोभायात्रा मे सबसे आगे केन्द्रीय समिति का बैनर, राष्ट्रीय ध्वज सहित तीन बड़े ध्वज, ब्रास बैन्ड के बाद प्रभु श्री राम, भगवान श्री कृष्ण, गुरुनानक देव, अग्रसेन महाराज, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं केन्द्रीय समिति के संस्थापक श्रद्धेय श्रीभगवान जायसवाल के चित्रो के बाद तत्पश्चात प्रभु श्रीराम, भगवान शंकर, भगवान श्रीकृष्ण सहित आधा दर्जन दिव्य एवं मनमोहक झाँकियाँ चल रही थी।

भाजपा अध्यक्ष व विधायक ने मतदाताओं से जनसंपर्क किया




इटावा। उत्तर प्रदेश आगरा खंड स्नातक के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया सहित जनप्रतिनिधिगण, पूर्व जिलाध्यक्षगण, जिला पदाधिकारीगण, वरिष्ठ भाजपा नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकताओं ने जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में स्नातक तथा शिक्षक मतदाताओं से व्यापक जनसंपर्क एवं संवाद किया। इस दौरान भाजपा के स्नातक प्रत्याशी डॉ. मानवेन्द्र प्रताप गुरूजी एवं शिक्षक प्रत्याशी इंजी. हरिकिशोर तिवारी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाताओं से आग्रह किया गया। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन शिक्षित समाज, युवाओं और शिक्षक समुदाय से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लोकतांत्रिक मंच पर प्रभावी ढंग से उठाने का अवसर है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता महत्वपूर्ण है। पार्टी कार्यकताओं से आग्रह किया गया कि वे मतदाताओं तक पहुंचकर प्रत्याशियों के विचारों, प्राथमिकताओं एवं पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। सभी सम्मानित मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं प्रत्याशियों के पक्ष को प्रभावी ढंग से रखते हुए संगठन की एकजुटता और समर्पण के साथ चुनाव में विजय सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प



जसवंतनगर, इटावा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की माय भारत इटावा की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा के निर्देशन में ब्लॉक क्षेत्र में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने नशे रूपी रावण के अंत का संकल्प लेते हुए नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। युवाओं ने स्वस्थ समाज और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा मंडल अध्यक्ष ऋषभ पाठक, नीरज, माय भारत वॉलंटियर शिवेक कुमार, विनायक, पीयूष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा



इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में व्यापारियों ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। व्यापारियों का कहना है कि विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद के द्वारा डेवलप की गई कॉलोनीयो में पर्याप्त बजारों की व्यवस्था नहीं की गई थी व्यापारियों ने अपने स्तर पर बाजार डेवलप कर समाज में अपना योगदान देकर कमर्शियल बिजली का बिल कमर्शियल हाउस टैक्स जीएसटी इनकम टैक्स वह अन्य करों के माध्यम से देश की तरक्की में अपना योगदान दिया है परंतु व्यापारियों के योगदान को अनदेखा कर पुराने शहर के बिल्ड अप एरिया व आवासीय कॉलोनी में व नए विकसित कॉलोनी में आवासीय में कमर्शियल का इस्तेमाल को अवैध निर्माण बता कर नोटिस वह ध्वस्तीरण करने की कार्रवाई पूरे प्रदेश में की जा रही है माननीय उच्चतम न्यायालय में आवास विकास के अधिकारियों द्वारा सही तरीके से तथ्य को प्रस्तुत नहीं किया गया तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश की आड़ में सीलिंग व ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए जा रहे हैं!

शिक्षक एमएलसी चुनाव में जीत की रणनीति पर मंथन



श्रावस्ती। शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को भिनगा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में चुनावी रणनीति और संगठनात्मक कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं देवीपाटन मंडल अभियान प्रभारी, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा और भिनगा विधानसभा क्षेत्र के नेता सुभाष सत्या सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी चुनाव की तैयारियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार काम करने पर विचार-विमर्श किया। बैठक में चुनावी तैयारियों को गति देने और सामूहिक प्रयासों से निर्धारित लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया।

अयोध्या पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, हुआ स्वागत



अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुघ बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय संगठक नागेंद्र जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा का भी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। एयरपोर्ट पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सभी नेताओं का स्वागत किया। तरुण चुघ, महेश शर्मा और नागेंद्र जी ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में शीश नवाया। वहीं, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निखिल मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय महामंत्री हर्षवर्धन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्र का भी युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगामी विधान परिषद चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में भाजपा सभी 11 सीटों पर विजय हासिल करेगी और समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। केशव मौर्य ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। अखिलेश यादव के रामराज्य संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री ने सपा पर नकली समाजवाद का सहारा लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के दौरान अपराधियों, माफियाओं और दंगाइयों को संरक्षण मिला तथा जमीनों पर कब्जे की घटनाएं हुईं।

वोट बचाओ, देश बचाओ पदयात्रा का ऐलान

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में चल रही वोट चोरी और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे लगातार हमलों के खिलाफ एक सशक्त जन-आंदोलन का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे सोहावल चैराहा रजिस्ट्री ऑफिस से, सोहावल तहसील मुख्यालय तक ह्मवोट बचाओ, देश बचाओह्म पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी अखिलेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के उत्तर प्रदेश पूर्वांचल जोन प्रभारी अभिषेक दत्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और मताधिकार की रक्षा का संकल्प है।

शशिधर मिश्र स्मारक राष्ट्रीय दंगल में जौनपुर के निगम पहलवान को चैम्पियनशिप का मिला खिताब



प्रतापगढ़। ढ़िगवस क्षेत्र के पूरे वीरबल के शशिधर नगर में विजयादशमी पर स्व0 शशिधर मिश्र अर्न्तराज्यीय परम्परागत दंगल प्रतियोगिता में नामीगिरामी पहलवानों ने अपने करतब से लोगों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में इस बार जौनपुर के निगम पहलवान ने मेरठ के जाबिर पहलवान को पटखनी देकर चैम्पियन विजेता का खिताब हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात कथावाचक स्वामी विनोदानंद जी सरस्वती जी महराज एवं संयोजक तथा प्रधान शांतिभूषण मिश्र रज्जन ने स्व0 शशिधर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। महिला पहलवानों के साथ दूरदराज से आये पहलवानों ने राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में कुश्ती के दांव दिखाकर प्रतियोगिता को यादगार बनाया। मुख्य आकर्षण में पंजाब के मौसम अली व मुजफ्फर नगर के टाइगर पहलवान की कुश्ती दर्शकों को भायी। महिला पहलवानों में राजस्थान की पायल सैनी ने कानपुर के अंकित को चित्त कर सफलता हासिल की। बनारस की लल्ला पाठक ने कौशाम्बी के तोता पहलवान, राजस्थान की पायल ने झुमरी तलैया के पप्पू पहलवान व मुजफ्फर नगर के नकाबपोश ने पंजाब के आलम, कौशाम्बी की संध्या ने प्रयागराज की राखी तथा जौनपुर के सुनील ने बनारस के सुशील व राजस्थान के राणा पहलवान ने पंजाब के मौसम अली को पटखनी दी। वहीं फतेहपुर के रामचंद्र व बांदा के सुमित की कुश्ती बराबरी पर छूटी।

शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक : रामफेरन पांडेय

ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में उतरे शिक्षक



इकौना (श्रावस्ती)। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य पद के भाजपा एवं उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के संयुक्त प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा कर शिक्षकों से सीधा संवाद किया और ध्रुव कुमार त्रिपाठी को प्रथम वरीयता का वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने क्षेत्र के तीन प्रमुख शिक्षण संस्थानों–शांति देव कनक इंटर कॉलेज (खरगौरा बस्ती), जेतवन इंटर कॉलेज (श्रावस्ती) तथा श्री राघव राम सिंह राना इंटर कॉलेज (मलपुरवा अमारे भरिया) में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इन संस्थानों में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्होंने चुनाव की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों को संबोधित करते हुए विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक और राष्ट्र के असली निमार्ता हैं। उनके मान-सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ध्रुव कुमार त्रिपाठी जी हमेशा से ही शिक्षकों की जायज मांगों, जैसे सेवा सुरक्षा, पेंशन समस्याओं और अन्य शैक्षणिक विसंगतियों को लेकर विधान परिषद में मजबूती से आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षकों के हक और स्वाभिमान की लड़ाई को और सशक्त बनाने के लिए ध्रुव कुमार त्रिपाठी का पुनः विधान परिषद पहुंचना बेहद जरूरी है। विधायक ने सभी सम्मानित शिक्षक भाइयों एवं बहनों से शत-प्रतिशत मतदान करने तथा प्रथम वरीयता का वोट देकर ध्रुव कुमार त्रिपाठी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंध समिति के सदस्यों ने विधायक जी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा ध्रुव कुमार त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने का अटूट संकल्प दोहराया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संवेदनशील व्यवहार के साथ करें हर पीड़ित की सहायता: सीएम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सबकी समस्या का समाधान करते हुए जन कल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। सरकार के इस संकल्प के अनुरूप हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

जो आज है वैसा ही कभी कल नहीं होता ..

प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड स्थित मां विंध्याचल धाम के समीप हुए आठवें काव्य संगम में प्रदेश के कोने कोने से आए साहित्यकारों ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों पर करारा प्रहार किया। वहीं गीत, गजल व कविता तथा ओज रस में साहित्यकारों की रचनाओं ने काव्य संगम को लोगों के दिलोदिमाग पर यादगार छाप भी देने में सफलता ली। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी तथा समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। हास्य कवि संदीप शरारती ने मां सरस्वती की वंदना के सुर को आगाज देते हुए काव्य संगम की शुरूआत की। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता ओजकवि डॉ. अंजनी अमोघ व संचालन साहित्यकार रवीन्द्र अजनबी ने किया। लखीमपुर खीरी के सुप्रसिद्ध गीतकार ज्ञानप्रकाश आकुल ने चांदी सोना एक तरफ तेरा होना एक तरफ के साथ कई मुक्तक व छंद पढ़कर लोगों के दिलों में खास जगह बनायी। गीतकार डॉ. केशरी शुक्ल ने पढ़ा-जो आज है वैसा ही कभी कल नहीं होता .. तथा कवयत्री साक्षी मासूम ने प्यार करें या रहने दें पढ़कर युवाओं की तालियां बटोरी। ओजकवि जय अवस्थी ने भी अपनी रचना से राष्ट्रीयता का जोश पैदा किया। हर्षित त्रिपाठी ने गजल के शेर उदासी में दवाई है गजल से वाहवाही बटोरी। विनीत का भी काव्यपाठ लोगों को पसन्द आया। संयोजक कवि अनूप प्रतापगढ़ी ने भी अपनी रचना से साहित्य व समाज को दिशा देने में सफल अंदाज पेश किया। आयोजक अजय मिश्र आशीष ने साहित्यकारों तथा अतिथियों को अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर विनय शुक्ल, राजा दुबे, प्रशांत त्रिपाठी, विकास पाण्डेय, संजय द्विवेदी, सुनील शुक्ल, जय प्रकाश पाण्डेय, जेबी सिंह, एसएन त्रिपाठी, प्रियम मिश्र, सर्वेश मिश्र आदि रहे।



जनता पर महंगाई का बोझ असहनीय: प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने विजयादशमी पर लोकमंगल की किया प्रार्थना



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों में जबरदस्त खामियों के कारण जनता मंहगाई का बोझ उठा रही है। उन्होने कहा कि चीनी की मिठास गायब होने के साथ खुदरा मंहगाई और खाद्य मंहगाई में भी बढ़ोत्तरी को नियंत्रित करने में सरकार की अर्थनीति कटघरे मे आ खड़ी हुई है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जीडीपी चिंताजनक स्थिति में है। वहीं रुपए का रोज टूटना मोदी सरकार की साख को तोड़ रही है। विजयादशमी के पर्व पर रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने विभिन्न जनसंवाद कार्यक्रमों व कार्यकताओं से रूबरू होते हुए केन्द्र की भाजपा नीति सरकार को विदेश नीति तथा अर्थनीति के साथ विभिन्न मुददों पर असफलताओं को लेकर जमकर घेराबंदी की। बाबा घुइसरनाथ धाम में सांसद प्रमोद तिवारी ने धार्मिक आयोजन में कहा कि भगवान श्रीराम ने अच्छाई का शंखनाद करते हुए बुराई का दहन किया। उन्होने कहा कि श्रीराम की मयार्दा शत्रु के प्रति भी अप्रतिम मयार्दा का संदेश देती है। उन्होने यहां स्वयं तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना की ओर से लोकमंगल की भी प्रार्थना की। सांगीपुर के लखहरा में आयुष फिलिंग स्टेशन के शुभारंभ समारोह में सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सरकार की लड़खड़ाहट के कारण जनता मंहगाई का दर्द झेल रही है। उन्होनें कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत से बेहतर फसल उत्पादन के बावजूद सरकार खाद्य मंहगाई को बढ़ने से काबू पाने में आखिर क्यों विफल है। उन्होने लोगों को भरोसा दिलाया कि देश में लोक

भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प

○ मादक पदार्थों का इस्तेमाल देश की भावी पीढ़ियों के लिए खतरा ○ देश विरोधी ताकतों को जड़ से करेंगे खत्म

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2029 के अंत तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए देशभर के पुलिस बलों से मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि मादक पदार्थों का इस्तेमाल देश की भावी पीढ़ियों के लिए खतरा है और इससे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को वित्तीय मदद भी मिलती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नशामुक्त बनाने के लिए 31 दिसंबर, 2029 की समयसीमा निर्धारित की है। शाह ने यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एनपीएम) में पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि 2026 के शेष महीने और 2027, 2028 तथा 2029 मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को एक प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए चेताया कि मादक पदार्थों का इस्तेमाल भावी पीढ़ियों को खतरे में डालता है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डालता है और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाता है। शाह ने कहा कि देशभर के पुलिस बलों को नशामुक्त भारत के सरकार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश की भावी पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है। गृह मंत्री ने कहा कि देश ने दशकों पुराने नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक उखाड़ फेंका। उन्होंने इस सफलता का श्रेय नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और उसकी विशेष इकाई कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के योगदान को दिया। शाह ने कहा कि 1981 से मार्च 2026 के बीच नक्सलवाद से संबंधित हिंसा में 3,600 से अधिक सुरक्षाकर्मी और लगभग 13,700 आम नागरिक मारे गये।

उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में योगदान के लिए सीआरपीएफ, उसकी कोबरा बटालियन और छत्तीसगढ़ पुलिस के प्रयासों की सराहना की। शाह ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान अपने परिवारों से दूर रहकर हर मौके पर सतर्क रहते हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव हों, त्योहार हों, विरोध प्रदर्शन हों या सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी, वे हर परिस्थिति में मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान एक भी मौत नहीं होने दी और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराकर बड़ी सफलता हासिल की। गृह मंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस के वार्षिक कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और दिल्ली पुलिस की संयुक्त परेड भी आयोजित की गई।

काशी के आसमान में दिखेगा सेना का शौर्य

विशेष संवाददाता



वाराणसी। भारतीय सेना और वायु सेना के शौर्य, साहस और सामरिक क्षमता का प्रदर्शन करने वाले एयर शो विंग्स ओवर गंगा को लेकर योगी सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। वाराणसी में 22, 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस आयोजन में 15 से 20 लाख लोगों के आने का अनुमान है। अंतिम दिन 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोगों का आना प्रस्तावित है।

आसमान में जहां वायु सेना के विमान अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, वहीं जमीन पर उत्तर प्रदेश पुलिस यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा की कमान संभालने के लिए तैयार है। सरकार ने दर्शकों को सुरक्षित तरीके से घाटों तक पहुंचाने, आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम के बाद उन्हें सकुशल घर वापस जाने का पूरा प्लान बना लिया है। पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार से शुरू हो रहे एयर शो की सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती बढ़ाने के साथ अस्थायी पुलिस थाने स्थापित किये गए हैं। पुलिस के अलावा पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बम निरोधक दस्ता और एटीएस समेत अन्य टीमें तैनात रहेंगी। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, एयरपोर्ट और अन्य प्रमुख मार्गों से आने वाले दर्शकों को निर्धारित रास्तों से आयोजन स्थल तक पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। व्यवस्था सुचारु बने रखने के लिए 79 अस्थायी पुलिस थाने बनाए गए हैं और 11900 पुलिसकर्मियो की तैनाती की गई है। संभावित भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए चार अलग-अलग ट्रैफिक प्लान तैयार किए गए हैं।

संक्षेप

यमन के ताइज शहर पर हूतियों का हमला

ताइज (यमन)। यमन के तीसरे सबसे बड़े शहर ताइज के एक रिहायशी इलाके पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हमला किया, जिसमें दो किशोरियों की मौत हो गई। मंगलवार को हुए इस हमले ने देश में बढ़ते संघर्ष के बीच ताइज के आम नागरिकों पर मंडरा रहे खतरों की ओर एक बार फिर ध्यान आकर्षित किया है। यह शहर हमलों और घेराबंदी का लंबे समय से सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने मंगलवार को कहा कि हूती विद्रोहियों ने ताइज की बड़े पैमाने पर घेराबंदी कर रखी है जिसके कारण शहर का संपर्क अधिकांश प्रमुख मार्गों से कट गया है और यहां के नागरिक गंभीर खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम यमन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर की घेराबंदी के कारण वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं। इसके कारण कई निवासी भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं से वंचित हो गए हैं। यमन सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को ताइज पर हुआ यह हमला सरकारी सैन्य शिविर पर हूती विद्रोहियों के हमले के ठीक एक दिन बाद हुआ। उस हमले में 73 जवानों की मौत हो गई थी।

काफी अलग होगा भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता : ट्रंप

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब हैं और यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय) में पत्रकारों से कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। ट्रंप ने इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं।

राष्ट्रपति ने कहा यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस महीने की शुरुआत में व्यापार समझौते की बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मिल्वॉकी और वाशिंगटन में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर से मुलाकात की थी। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने की फरवरी में घोषणा की थी।

रूस-यूक्रेन फिर वार्ता के लिए सहमत

दोनों देशों के बीच 10 नवंबर के बाद फिर शुरू हो सकती है वार्ता

एजेंसी





मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए वाशिंगटन और कीव के साथ त्रिपक्षीय वार्ता फिर शुरू करने पर बुधवार को सहमत हो गए। क्रेमलिन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ के बीच बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि रूसी नेता 10 नवंबर के बाद वार्ता फिर शुरू करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं। उशाकोव ने कहा कि त्रिपक्षीय वार्ता का केंद्र संघर्ष समाप्त होने के बाद रूस और यूक्रेन के लिए एक सुरक्षा व्यवस्था तैयार करना होगा। यूक्रेन पर रूस के व्यापक आक्रमण को लेकर विटकॉफ की पुतिन के साथ बातचीत ऐसे समय हुई, जब ट्रंप कीव पर लड़ाई रोकने के लिए समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। बातचीत शुरू होने पर पुतिन ने युद्ध समाप्त करने के प्रयासों के लिए ट्रंप और विटकॉफ को धन्यवाद दिया। क्रेमलिन ने बताया कि बातचीत करीब तीन घंटे तक चली। विटकॉफ का यह दौरा नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोप के कुछ नेताओं के साथ उनकी बैठक के एक दिन बाद हुआ। विटकॉफ की इन बैठकों से संकेत मिला कि रूस की सेना द्वारा व्यापक आक्रमण शुरू किए जाने के साढ़े चार साल से अधिक समय बाद नेता अमेरिका के नेतृत्व में जारी शांति प्रयासों को नयी गति देने के इच्छुक हैं। पिछले साल की शुरुआत से युद्ध समाप्त करने के लिए ट्रंप प्रशासन के प्रयासों में कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है और फिलहाल किसी बड़ी सफलता के आसन्न होने के संकेत नहीं हैं।

सिंहस्थ कुंभ मेले के ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 31 अक्टूबर को नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले की शुरुआत के मौके पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात करके उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रित किया।

विज्ञप्ति के अनुसार, फडणवीस ने राष्ट्रपति को नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण समारोहों में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने मुर्मू को महाराष्ट्र की विविध विरासत को दर्शाने वाला विशेष उपहार भी भेंट किया, जिसमें राज्य की आध्यात्मिक परंपराओं, जनजातीय उद्यमिता, वस्त्र कला, कृषि समृद्धि और खानपान संस्कृति की झलक है। राष्ट्रपति को 31 अक्टूबर को गोदावरी आरती में शामिल होने, नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण की वेबसाइट की शुरुआत, कुंभ मेले का गीत जारी करने तथा इस धार्मिक आयोजन पर आधारित कॉफी टेबल बुक और स्मारक डाक टिकट के अनावरण के लिए भी आमंत्रित किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में कुछ मंत्री, पुजारी संघों और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं मंडल आयुक्त प्रवीण गेडाम और कुंभ मेला आयुक्त शेखर सिंह शामिल थे। निमंत्रण पत्र में कलात्मक पॉप-अप डिजाइन के जरिए कुंभ मेले की पौराणिक उत्पत्ति, आध्यात्मिक महत्ता और भव्यता को दर्शाया गया है।

आईपीएस अफसर ने चलायी एके-47, वीडियो वायरल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में दशहरा के अवसर पर पारंपरिक शस्त्र पूजा के दौरान भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एक महिला अधिकारी के एके-47 राइफल से हवा में गोलीबारी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया।

सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे पारंपरिक रस्म का हिस्सा बताते हुए अधिकारी का बचाव किया, जबकि अन्य ने हथियारों को सुरक्षित तरीके से संभालने को लेकर सवाल उठाए। मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर राजनांदगांव शहर के पुलिस लाइंस में शस्त्र पूजा की गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की मौजूदगी में शस्त्रागार में रखे हथियारों और विभागीय वाहनों की पूजा हुई। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में साड़ी पहने शर्मा एके-47 राइफल से कई बार हवा में गोली चलाती हुई नजर आ रही हैं। एक अन्य वीडियो में राजनांदगांव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर भी उनके बाद राइफल से गोली चलाते दिख रहे हैं।

ई मुद्रा के डिजिटल प्रमाण पत्र में गड़बड़ी की जांच करेगी समिति

नयी दिल्ली। भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन कुंजियों का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।

मैक्रों ने की ट्रंप के बेतुके दावों की आलोचना

पेरिस। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को दावा किया कि विदेशी नेता फ्रांस के तनावपूर्ण सामाजिक माहौल का अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

जीवनयापन की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शनों के कारण देश में व्यापक स्तर पर दंगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हिंसा का इस्तेमाल कथित तौर पर अपने राजनीतिक समर्थकों को लामबंद करने के लिए किया तथा बिना किसी ठोस सबूत के दावा किया कि मुस्लिम प्रवासी इस अशांति के लिए जिम्मेदार हैं। ट्रंप ने मैक्रों से आग्रह किया अपनी सीमाएं बंद कीजिए और बहुत देर होने से पहले नियंत्रण अपने हाथ में लीजिए।





आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com